सूर्योदय 6:30 सूर्यास्त 6:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 07.0 न्यू | 15.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,563.92 |
| निफ्टी | 23,151.10 |
| सोना | 1,62,210 |
| चांदी | 2,79,900 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 16 मार्च 2026 | 3 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 76, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### उरी में पाकिस्तान का एक आतंकवादी ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए पाकिस्तान के एक पाकिस्तानी आतंकवादी मार गिराया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, 'घुसपैठ के प्रयास के संबंध में जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा प्रदान किए गए एक विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, 14-15 मार्च 26 की मध्यरात्रि को जनरल क्षेत्र बुचर, उरी सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि घात को फिर से समायोजित किया गया और आतंकवादी को चुनौती दी गई जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें एक पाक आतंकवादी को मार गिराया गया। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल में बस खाई में गिरी, 7 की मौत

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हैं। यात्री मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक माइक्रोबस मनकामना मंदिर से लौट रही थी, तभी सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में घायल 7 यात्रियों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। प्रशासन के अनुसार बस मनाकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी। (अनंत ज्ञान)

### भारत से 45,000 टन डीजल खरीदेगा बांग्लादेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत से अतिरिक्त डीजल इम्पोर्ट करने का फैसला किया है। अप्रैल तक भारत से कुल 45,000 टन डीजल बांग्लादेश पहुंचेगा। इसमें से 5,000 टन की पहली खेप पहुंच चुकी है, जबकि अगली खेप 18 या 19 मार्च तक पहुंचने की उम्मीद है। बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के जनरल मैनेजर (ऑपरेशंस) मोहम्मद मुर्शिद हुसैन आजाद ने बताया कि 40,000 टन अतिरिक्त डीजल के इम्पोर्ट का प्रस्ताव मिल चुका है। फॉर्मेलिटीज पूरी होते ही यह खेप भी अप्रैल तक आ जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### ममता सरकार ने बढ़ाया पुजारियों का मानदेय

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से सवा घंटे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुजारियों और मुअज्जिनों (अजान के लिए आवाज देने वाला) के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी की है। इन्हें अब हर महीने 2 हजार रुपए मिलेंगे। इसक अलावा सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों को बकाया डीए मार्च से देने का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दूध की अदायगी न होने से दुग्ध उत्पादक परेशान -पेज 2
- कमलेश ठाकुर ने किया 3 संपर्क सड़कों का भूमि पूजन -पेज 5
- छोटा भंगाल और चौहार घाटी में बस सेवा चरमराई -पेज 9
- लाहौल की बेटी तेंजिन डोलमा भारतीय टीम में चयनित -पेज 11


# न्यायालयों को भी अस्पतालों की तर्ज पर करना होगा काम: सीजेआई

## मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने 152 करोड़ से बनने वाले मंडी ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में 152 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मंडी ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। यह अत्याधुनिक कोर्ट 9.6 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा। इसमें चार ब्लॉक होंगे, जजों के साथ-साथ वकीलों और लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके उपरांत, विधिक साक्षरता शिविर में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोग उम्मीद के साथ अस्पताल जाते हैं। जो भूमिका अस्पतालों की है, उसी सेवाभाव के साथ न्यायिक व्यवस्था को भी काम करना चाहिए। लोग न्यायालय में राहत की उम्मीद लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि सुविधाएं बढ़ने के साथ न्यायिक व्यवस्था की जिम्मेदारी भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सब मौलिक अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का अभिन्न अंग हैं और उनकी पालना भी होनी चाहिए।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज आयोजित जागरूकता शिविर का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित बनाना है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी के बाद मौलिक अधिकारों पर अधिक बल दिया गया। हम अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करते हैं तो मौलिक अधिकारों की रक्षा अपने आप हो जाती है।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस ज्योत्सना रिवाल दुआ, जस्टिस सुशील कुकरेजा, जस्टिस वीरेंद्र सिंह, जस्टिस रंजन शर्मा, जस्टिस बिपिन चंद्र नेगी, जस्टिस राकेश कैंथला, जस्टिस जिया लाल भारद्वाज, जस्टिस रोमेश वर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव आशीष सिंघमार, मंडलायुक्त मंडी आर के पुर्थी, पुलिस महानिरीक्षक राहुल नाथ, उपायुक्त अपूर्व देवगन, एसपी विनोद कुमार व अन्य उपस्थित रहे।



मंडी में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास करते सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत। उनके साथ मुख्यमंत्री सुक्खू व अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे। अनंत ज्ञान

### हिमाचल का संवैधानिक अधिकार था राजस्व घाटा अनुदान : सीएम सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के मूल आदर्शों, मूल्यों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को अपने संवैधानिक अधिकार के रूप में मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान बंद कर दिया गया है, जो हमारे राज्य की वित्तीय स्थिति पर बहुत बड़ा संकट है। यह अनुदान हिमाचल को संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत दिया जा रहा था तथा वर्ष 1952 से शुरू हुई इस व्यवस्था के तहत पिछले 73 वर्षों से हिमाचल प्रदेश को यह ग्रांट निरंतर मिल रही थी।

# हिमाचल में बर्फबारी-बारिश से लौटी ठंड

## कुल्लू, लाहौल-स्पीति में ताजा बर्फबारी से सफेद हुई वादियां, पर्यटक गदगद

## शिमला, कांगड़ा और मंडी समेत मैदानों में हुई बारिश से कूल-कूल हुआ मौसम

अनंत ज्ञान

**शिमला/कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में मार्च के मध्य में ताजा बर्फबारी और शिमला, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी समेत अन्य जिलों में बारिश से प्रदेश में एक बार फिर से ठंड लौट आई है। कुल्लू और लाहौल-स्पीति के कई क्षेत्र सफेद चादर से ढक गए हैं। दोपहर बाद अटल टनल रोहतांग, कोकसर, रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कुंजम, शिंकुला, घेपन पीक, बड़ा और छोटा शिगरी ग्लेशियर और चंद्रा घाटी के रिहायशी इलाकों में बर्फबारी हुई और ठंड ने फिर से दस्तक दे दी है, जबकि कुल्लू-मनाली सहित निचले इलाकों में बारिश से मौसम कूल-कूल हो गया।

लंबे समय के सूखे के बाद हुई बर्फबारी और बारिश ने जहां पर्यटकों के चेहरे खिला दिए हैं। वहीं, पिछले कई दिनों से वर्षा न होने के कारण किसान और बागवान चिंतित थे, जबकि कई स्थानों पर पेयजल संकट भी गहराने लगा था। ऐसे में बर्फबारी और बारिश होने से उन्होंने भी राहत की सांस ली है।



मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च माह के पहले पखवाड़े में प्रदेश में सामान्य के मुकाबले लगभग 92 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई थी। एक मार्च से 15 मार्च के बीच जहां सामान्य तौर पर 57.4 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, वहीं वास्तविक वर्षा केवल 4.4 मिलीमीटर ही दर्ज की गई। बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर, सोलन और ऊना जैसे जिलों में इस अवधि में एक बूंद भी बारिश नहीं हुई, जिससे सूखे जैसे हालात बनने लगे थे और गेहूं की फसल तक प्रभावित होने लगी थी।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहेगा। 15 और 16 मार्च को कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है, जबकि 17 मार्च को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, किन्नौर और लाहौल-स्पीति में हल्की वर्षा तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद 18 और 19 मार्च को प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में फिर से वर्षा का दौर देखने को मिल सकता है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अधिक बदलाव नहीं देखा गया, हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### ओलावृष्टि और तेज रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी

**मौसम** विभाग ने कुछ क्षेत्रों के लिए मेघगर्जना, तेज हवाओं और ओलावृष्टि को लेकर भी चेतावनी जारी की है। कुल्लू, मंडी, शिमला और सोलन के कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने तथा ओले गिरने की आशंका के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इससे फसलों और बागवानी को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# केरल, असम और पुडुचेरी में एक फेज में 9 अप्रैल को वोटिंग





**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। केरल, असम और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा। बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी।

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोटिंग हारेगी। पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों-यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव होने हैं। इन राज्यों में आज से ही आचार संहिता लागू हो गई है। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में खत्म हो रहा है। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एसआईआसर के बाद तमिलनाडु से सबसे ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं।

◆ **तमिलनाडु में 23, पश्चिम बंगाल में 23 व 29 अप्रैल को मतदान, 4 मई को रिजल्ट**

चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्तूबर 2025 को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली प्रक्रिया में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य में अब कुल 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। (अनंत ज्ञान)

# विमल नेगी मौत मामले में संजीव गांधी को सीबीआई का समन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चर्चित विमल नेगी मौत मामले की जांच अब और तेज हो गई है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस प्रकरण में उप पुलिस महानिरीक्षक संजीव गांधी को समन जारी कर पूछताछ के लिए दिल्ली तलब किया है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी इस मामले से जुड़े कई अहम पहलुओं और घटनाक्रमों की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है, जिसके तहत संबंधित लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है।



◆ **केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ के लिए दिल्ली किया तलब**

सीबीआई का मानना है कि डीआईजी संजीव गांधी से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं, जो पूरे मामले की सच्चाई तक पहुंचने में सहायक होंगी। बताया जा रहा है कि विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद यह मामला प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया था। परिजनों और स्थानीय लोगों की ओर से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठने के बाद इसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा गया था। जांच एजेंसी अब तक कई लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है और विभिन्न दस्तावेजों व परिस्थितियों की गहनता से पड़ताल कर रही है। इसी क्रम में अब संजीव गांधी को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जांच के दायरे में और भी लोग आ सकते हैं। एजेंसी हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है ताकि विमल नेगी की मौत के पीछे की असली वजह सामने लाई जा सके।

# यूएई में भारतीय जहाज में तेल भरते वक्त हमला

**एजेंसी, तेहरान।** भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को यूएई के 'फुजैराह ऑयल टर्मिनल' पर हमला हुआ था। इस दौरान भारतीय झंडे वाला जहाज 'जग लाड़की' वहां तेल भर रहा था। जहाज पर मौजूद सभी भारतीय स्टाफ सुरक्षित है। जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लोड किया और अब सुरक्षित रूप से भारत की ओर रवाना हो गया है। वहीं, ईरान के सीनियर अधिकारी अली लरिजानी ने दावा किया है कि जेफ्री एपस्टीन से जुड़े कुछ लोग 2001 के 9/11 (वर्ल्ड ट्रेड सेंटर) जैसा हमला करवाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका आरोप ईरान पर डालने की कोशिश की जा सकती है। ईरान ऐसे किसी आतंकी हमले का समर्थन नहीं करता और उसका अमेरिकी जनता से कोई युद्ध नहीं है।

◆ **जहाज पर मौजूद स्टाफ सुरक्षित और जहाज भी भारत के लिए रवाना**

वहीं, ईरान ने रविवार को इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिसाइल के टुकड़े गिरने से उस इमारत को नुकसान पहुंचा है, जहां अमेरिकी डिप्लोमेट काम करते हैं। हालांकि यह नहीं बताया गया कि यह इमारत किस शहर में है। (अनंत ज्ञान)


# सीएम सुक्खू के साथ लंच कर कुफरी से कसौली शिफ्ट हुए हरियाणा के विधायक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की शांत व सुकून भरी वादियों में हरियाणा की सियासत की हलचल भी साफ दिखाई दे रही है। राज्यसभा चुनाव से पहले हरियाणा कांग्रेस के 31 विधायक पिछले कुछ दिनों से शिमला के पर्यटन स्थल कुफरी में ठहरे हुए थे। रविवार को दिन भर राजनीतिक गतिविधियों के बीच इन विधायकों की मेहमाननवाज़ी का विशेष कार्यक्रम रखा गया, जिसके तहत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं छराबड़ा स्थित प्रसिद्ध वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल पहुंचकर उनके साथ दोपहर का भोजन किया। पहाड़ों की ठंडी फिज़ा और सियासी चर्चा के बीच आयोजित इस लंच को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी खासा उत्साह देखा गया।

जानकारी के अनुसार, दोपहर के भोजन के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने हरियाणा कांग्रेस के नेताओं और विधायकों के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत की। इस दौरान दोनों राज्यों की राजनीति और राज्यसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों पर अनौपचारिक चर्चा भी हुई। होटल वाइल्ड फ्लावर हॉल में आयोजित यह लंच काफी हाई प्रोफाइल माना जा रहा है, क्योंकि राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस अपने विधायकों को एकजुट रखने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी कारण पिछले कई दिनों से हरियाणा के विधायक हिमाचल के पर्यटन स्थलों में ठहरे हुए हैं।





लंच कार्यक्रम के बाद हरियाणा कांग्रेस विधायकों का पूरा काफिला शिमला से जिला सोलन के कसौली के लिए रवाना हो गया। बताया जा रहा है कि कसौली के एक निजी होटल में उनके ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है, जहां करीब चालीस कमरे बुक किए गए हैं। कांग्रेस की यह रणनीति इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है ताकि राज्यसभा चुनाव के दौरान सभी विधायक सुरक्षित और एकजुट रहें तथा मतदान के दिन समय पर हरियाणा विधानसभा पहुंच सकें।

### हरियाणा में राज्यसभा के लिए आज होना है मतदान

**हरियाणा** में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान 16 मार्च को होना है। इसी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने अपने विधायकों को चंडीगढ़ के नजदीक रखने की योजना बनाई है, ताकि मौसम या यात्रा से जुड़ी किसी भी बाधा के कारण मतदान में कोई व्यवधान न आए। बहरहाल राज्य की वादियों में ठहरे इन विधायकों की मौजूदगी ने पर्यटन स्थल कुफरी, चायल और अब कसौली तक राजनीतिक हलचल को नई चर्चा दे दी है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू 21 मार्च को पेश करेंगे बजट

## 18 मार्च से शुरू होगा विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण: कुलदीप

अनंत ज्ञान

**शिमला/डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र अब अपने दूसरे चरण में एक बार फिर सियासी गर्माहट लेकर लौटने जा रहा है। 18 मार्च से शुरू होने वाला यह चरण दो अप्रैल तक चलेगा और माना जा रहा है कि इस दौरान सदन में जनहित से जुड़े अहम मसलों पर जमकर बहस और सियासी तकरार देखने को मिलेगी। विधानसभा सचिवालय को अब तक लगभग 800 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं, जिनके माध्यम से विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं और विकास से जुड़े सवाल सरकार के सामने रखेंगे। ऐसे में आने वाले दिनों में सदन का माहौल काफी गरम और दिलचस्प रहने की उम्मीद है।



प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने डलहौजी में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बजट सत्र को लेकर अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं। दूसरा चरण 18 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र में कुल 16 बैठकें प्रस्तावित हैं। इनमें से तीन बैठकें पहले ही हो चुकी हैं, जबकि शेष 13 बैठकें मार्च और अप्रैल माह में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि 18 और 19 मार्च को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव (मोशन ऑफ थैंक्स) पर चर्चा की जाएगी। यह चर्चा दो दिनों तक चलेगी। 21 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री वर्ष 2026-27 का बजट विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे।

### 30 को पारित होगा बजट

**विस्तृत** चर्चा के बाद 30 मार्च को बजट पारित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बजट पारित होने के बाद 3 अप्रैल तक सदन में विभिन्न अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया बजट सत्र के निर्धारित 13 दिनों के भीतर संपन्न की जाएगी। पठानिया ने कहा कि बजट सत्र के दौरान राज्य के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी, जिससे प्रदेश की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**नमन अवॉर्ड सेरेमनी** रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

# गिल और मंधाना को क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीसीसीआई का नमन अवॉर्ड-2026 नई दिल्ली में हुआ। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया गया है। वहीं, वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर आहिरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी गई। फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित हुई। अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड दिया गया है। यहां आईसीसी 983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी, 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। इस दौरान भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### शुभमन गिल और स्मृति मंधाना का प्रदर्शन रहा शानदार





**साल** 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे।

**स्मृति** मंधाना ने पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए। इनमें 7 शतक शामिल रहे। इनमें से 6 शतक वनडे क्रिकेट में आए। जबकि एक शतक टी-20 इंटरनेशनल में आया। मंधाना ने 3 वनडे में 1311 रन बनाए।

### राहुल और बिन्नी का भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान





**राहुल** द्रविड़ को क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 24 हजार से ज्यादा रन बनाए और एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, रोजर बिन्नी 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। वे 1983 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।

### मिताली ने बनाए रिकॉर्ड 7805 रन



**मिताली** राज का इंटरनेशनल करीब 23 साल का रहा। उन्होंने 1999 में 16 साल की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया और जून 2022 में संन्यास लिया। मिताली ने 232 वनडे मैचों में रिकॉर्ड 7805 रन बनाए, जो विमेंस क्रिकेट में सबसे ज्यादा हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटखाई में छात्र से बंद कमरे में की मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई क्षेत्र के गुम्मा स्थित अटल वाजपेयी इंजीनियरिंग कॉलेज में एक छात्र के साथ बंद कमरे में कथित तौर पर हुई दर्दनाक मारपीट की घटना ने पूरे परिसर में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार कॉलेज के एक छात्र को कमरे में बंद कर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गया। घटना की खबर सामने आते ही कॉलेज के अन्य छात्रों में भी रोष और चिंता का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि किसी आपसी विवाद के बाद यह घटना हुई, जिसके बाद पीड़ित छात्र को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और छात्र अनुशासन को लेकर भी कई सवाल उठने लगे हैं। छात्रों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं शिक्षण संस्थानों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और प्रशासन को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि मामले की जानकारी मिलते ही इसकी जांच शुरू कर दी गई है और दोषी पाए जाने वाले छात्रों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाने चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो

### रौनी व कशिश वाद-विवाद प्रतियोगिता में सेकेंड

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** चेन्नई में चल रही ऑल इंडिया वाद-विवाद



प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए रामपुर महाविद्यालय के विद्यार्थी रोनी राणा और कशिश ने पूरे भारत वर्ष में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता है। वाद विवाद का विषय, शिक्षा में अनुशासन अधिक महत्वपूर्ण है या बुद्धिमता, जिसमें रौनी राणा ने अनुशासन के पक्ष में और आशीष ने वृद्धि के पक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए अपने तर्क एवं तथ्य की शक्ति के बल पर उन्होने संपूर्ण भारत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह प्रतियोगिता 10-15 मार्च तक चेन्नई के सत्यभामा इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में संपन्न हुई, जिससे एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी द्वारा कराया गया है। दोनो विद्यार्थियों विशिष्ट स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### सब्जी मंडी में पहुंची कचनार, 140 रुपए किलो बिकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी की लोअर बाजार सब्जी मंडी में कचनार की आमद शुरू हो गई है। रविवार को मंडी में कचनार 140 रुपए प्रति किलो तक



बिकी, जिससे शुरुआती दिनों में इसके दाम अपेक्षाकृत अधिक बने हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि फिलहाल मंडी में कचनार की फसल मुख्य रूप से घणाहट्टी क्षेत्र से पहुंच रही है, इसलिए मात्रा कम होने के कारण कीमतें ज्यादा हैं। विक्रेताओं के अनुसार आने वाले दिनों में आसपास के अन्य क्षेत्रों से भी कचनार मंडी में पहुंचने लगेगी, जिससे इसकी आपूर्ति बढ़ेगी और दामों में गिरावट आने की संभावना है। वहीं मंडी में अन्य सब्जियों के भाव अपेक्षाकृत सामान्य रहे, जहां मटर 20 से 40 रुपए, टमाटर 20 रुपये, खीरा 20 से 30 रुपये, फूलगोभी 25 से 30 रुपए, बंदगोभी 20 से 25 रुपए, कटल 80 रुपए, आलू 15 रुपए और प्याज 25 रुपए प्रति किलो तक बिके।

# राजधानी के आइस रिंक की ऐतिहासिक विरासत पर अनिश्चितता की 'छाया'

## सर्व-मौसम रिंक की योजना के बीच सौ वर्ष पुरानी परंपरा को लेकर बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला की बर्फीली सुबहों की पहचान रहा ऐतिहासिक आइस स्केटिंग क्लब अनिश्चितताओं के धुंधलके में घिरता दिखाई दे रहा है। एक सदी से अधिक पुरानी इस विरासत के सामने अब नया मोड़ आ खड़ा हुआ है, क्योंकि शहर में सर्व-मौसम आइस स्केटिंग रिंक बनाने की सरकारी योजना ने पुराने प्राकृतिक रिंक के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहाड़ों की इस ठंडी हवा में वर्षों से गूंजती स्केट्स की खनक अब जैसे किसी फैसले की प्रतीक्षा में ठहर सी गई है।



जानकारी के अनुसार शिमला का यह ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक केवल एक खेल मैदान नहीं, बल्कि शहर की सर्दियों की पहचान और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा रहा है। वर्ष 1920 में स्थापित यह रिंक एशिया के सबसे पुराने प्राकृतिक आइस स्केटिंग मैदानों में गिना जाता है। दशकों तक दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में यह अपनी तरह का अनूठा स्थल माना जाता रहा, जहां हर सर्दी की सुबह प्राकृतिक रूप से जमी बर्फ पर स्केटिंग का रोमांच देखने को मिलता है।

कई पीढ़ियों से स्थानीय लोग व देश-विदेश से आने वाले पर्यटक यहां स्केटिंग का आनंद लेते रहे हैं। यही कारण है कि यह रिंक शिमला की सर्दियों की संस्कृति और पर्यटन का अहम हिस्सा बन गया है। समय के साथ-साथ यह रिंक केवल स्थानीय गतिविधि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान भी हासिल करता गया। कई प्रतिष्ठित हस्तियां और विदेशी मेहमान यहां आ चुके हैं, जिन्होंने इस ऐतिहासिक स्थल की लोकप्रियता को और बढ़ाया।

वहीं राज्य पर्यटन विभाग भी लंबे समय से इसे पर्यटकों के लिए एक यादगार अनुभव के रूप में बढ़ावा देता रहा है। सर्दियों के मौसम में यहां होने वाली स्केटिंग प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम शहर की रौनक को और बढ़ा देते हैं। शिमला का यह आइस स्केटिंग रिंक केवल खेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में भी इसकी खास मौजूदगी दर्ज है। 60 और 70 के दशक की कई चर्चित हिंदी फिल्मों के दृश्य यहां फिल्माए गए, जिनसे इस दुर्लभ शीतकालीन खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। इन फिल्मों और आयोजनों ने इस रिंक को केवल एक खेल स्थल नहीं, बल्कि शिमला की सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा बना दिया। यही वजह है कि इसे शहर की विरासत के रूप में देखा जाता है।

### आधुनिक रिंक की योजना और भविष्य की दुविधा

**हालांकि,** इस प्रस्ताव के साथ-साथ यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या नई व्यवस्था के बीच ऐतिहासिक प्राकृतिक रिंक की विरासत सुरक्षित रह पाएगी या नहीं। शहर में कई लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आधुनिक सुविधाओं के विकास के साथ-साथ इस ऐतिहासिक पहचान को भी संरक्षित रखा जाए, ताकि शिमला की स्केटिंग परंपरा भविष्य में भी जिंदा रह सके।

# एसवीएम स्कूल शिमला में एबीवीपी का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

- 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग
- संगठनात्मक प्रशिक्षण और वैचारिक चर्चा पर रहा जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के एसवीएम स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में शिमला के विभिन्न महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से आए लगभग 70 छात्र-छात्रा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा तथा छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए वैचारिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा।

अभ्यास वर्ग के दौरान कुल छह सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठन की वैचारिक यात्रा, सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति तथा परिसर सक्रियता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक कार्यकर्ता को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अनुशासन, समर्पण और संयम के साथ कार्य करना चाहिए। वक्ताओं ने युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और 'ज्ञान, शील और एकता' के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

वर्ग के अंतिम चरण में गीत, भाषण, पोस्टर लेखन, मीडिया एवं सामाजिक माध्यम तथा जनसंपर्क से जुड़े व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से कार्यकर्ताओं को छात्र आंदोलनों और संगठनात्मक गतिविधियों के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने परिसर के मुद्दों, सामाजिक गतिविधियों और छात्र हितों से जुड़े अभियानों में सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग संगठन के कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं और छात्र समाज में नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# लोअर बाजार में निगम की अवैध तहबाजारियों पर सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** रविवार को राजधानी शिमला के लोअर बाजार क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने अवैध रूप से बैठे तहबाजारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई अस्थायी ठेलों और फड़ों को हटाया। निगम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कुछ समय के लिए हलचल का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि लंबे समय से लोअर बाजार में बिना अनुमति के बैठे तहबाजारी रास्ते को संकरा कर रहे थे, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी।

नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से लगाए गए सामान को हटाया और तहबाजारियों को निर्धारित स्थानों पर ही बैठने की हिदायत दी। निगम की टीम ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि बाजार क्षेत्र में व्यवस्था और आवाजाही सुचारु बनी रहे।

# दूध की अदायगी न होने से दुग्ध उत्पादक परेशान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों को पिछले दो माह से दूध की अदायगी न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जै दुर्गे दुग्ध सहकारी सभा पीरन नारिगा के पदाधिकारियों ने बताया कि दिसंबर 2025 के बाद से अब तक हिमाचल प्रदेश मिल्कफैड की ओर से दूध का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे अनेक पशुपालकों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन शिमला सचिवालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा।



लंबित भुगतान को लेकर चिंता जताते दुग्ध उत्पादक। अनंत ज्ञान

सभा के प्रधान प्रेमदास शर्मा और सचिव कुलदीप ठाकुर ने बताया कि दूध की बिक्री कई ग्रामीण परिवारों की आय का एकमात्र साधन है। पिछले दो महीनों से भुगतान न मिलने के कारण पशुपालकों को परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि दूध की नियमित आपूर्ति के बावजूद भुगतान में हो रही देरी से किसानों में भारी नाराजगी है।

कुलदीप ठाकुर ने बताया कि पीरन दुग्ध सहकारी सभा के माध्यम से करीब 60 पशुपालक प्रतिदिन 300 लीटर से अधिक दूध सिरमौर जिले की सीमा से लगे मरयोग चिलिंग प्लांट को भेजते हैं। चिलिंग प्लांट की गाड़ी रोजाना गांवों में घर-घर जाकर दूध एकत्र करती है, जिससे विशेष रूप से गरीब परिवारों को रोजगार और आय का सहारा मिला है। लेकिन भुगतान न होने से इन परिवारों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। उन्होंने बताया कि मरयोग चिलिंग प्लांट के अधीन पीरन नारिगा, शरगांव, नेईनेटी, चाखल, चबीयुल और मरयोग सहित छह दुग्ध सहकारी सभाएं कार्यरत हैं, लेकिन किसी भी सभा के दुग्ध उत्पादकों को अभी तक भुगतान नहीं मिला है।

**दूध के मूल्य में भी गड़बड़ी:** किसानों का कहना है कि चिलिंग प्लांट के माध्यम से दूध का मूल्य भी 45 से 48 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक नहीं मिला, जबकि सरकार ने न्यूनतम 50 रुपये प्रति किलोग्राम दर तय कर रखी है। वहीं मरयोग चिलिंग प्लांट के प्रभारी दुन्नी चंद का कहना है कि अदायगी का मामला मिल्कफैड शिमला को भेज दिया गया है और उम्मीद है कि जल्द ही किसानों को उनका भुगतान मिल जाएगा।

# पूडग में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में पहुंचे शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत पूडग में आयोजित पावन श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में रविवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कथा स्थल पर पहुंचकर व्यास जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय व्यतीत किया। मंत्री के आगमन से कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



श्रद्धालुओं के साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण जैसी पावन कथाएं समाज में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करती हैं। ऐसे धार्मिक आयोजनों से लोगों के जीवन में संस्कार, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा समाज को नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं।


कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने श्रद्धा भाव से कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ इस पावन अवसर को और भी दिव्य बना दिया।

वहीं, ग्राम पंचायत रावलाक्यार में आयोजित पावन श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में भी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इससे पहले दिन में उन्होंने क्षेत्र में आयोजित एक अन्य कन्या भागवत कथा कार्यक्रम में भी सहभागिता कर धार्मिक आयोजन में आस्था प्रकट की। रावलाक्यार पहुंचने पर मंत्री ने कथा का श्रवण किया और व्यास जी से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि तथा प्रदेश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। देवगढ़, हिमरी, घुन्डा-भड़ेच, गुम्मा, रावलाक्यार, रामनगर, नगान, कलबोग, चौगन-कुल्टी, क्यारवी, रतनाड़ी तथा बाघी (ब्यौण से बाघी) सहित उबादेश क्षेत्र की 12 पंचायतों की समस्त जनता द्वारा इस पावन श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की समस्त जनता के कल्याण की कामना करना तथा असमय मृत्यु को प्राप्त हुए लोगों की आत्मा की शांति और मोक्ष प्राप्ति के लिए सामूहिक प्रार्थना करना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धार्मिक वातावरण में कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# महीनों बाद बरसी राहत की फुहारें, किसानों-बागानों को मिली संजीवनी

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल और कुमारसैन क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद हुई बारिश ने लंबे समय से चले आ रहे सूखे जैसे हालात के बीच लोगों को बड़ी राहत दी है। कई महीनों से वर्षा न होने के कारण खेतों और बागानों में नमी की भारी कमी हो गई थी, जिससे किसान और बागवान खासे चिंतित थे। रविवार को अचानक बदले मौसम और बरसी फुहारों ने पूरे क्षेत्र में नई उम्मीद जगा दी। किसानों का कहना है कि शीतकाल में अपेक्षित बारिश और बर्फबारी न होने से सेब सहित अन्य फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, लेकिन इस वर्षा से जमीन में नमी लौटेगी और बागानों की स्थिति में सुधार की उम्मीद बंधी है।बारिश का सकारात्मक असर जंगलों पर भी देखने को मिला है। सूखे के कारण पिछले दिनों कई स्थानों पर जंगलों में आग की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे वन संपदा को नुकसान का खतरा बना हुआ था। ताजा वर्षा से कई जगहों पर आग पर काबू पाने में मदद मिली है, जिससे वन विभाग को भी राहत मिली है। साथ ही जंगलों में रहने वाले वन्य प्राणियों के लिए भी यह बारिश राहत भरी साबित हुई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में इसी तरह समय-समय पर वर्षा होती रही तो खेती-बाड़ी और बागवानी के हालात काफी हद तक सुधर सकते हैं। फिलहाल इस बरसात ने पूरे क्षेत्र में राहत और उम्मीद का माहौल पैदा कर दिया

### नारकंडा, हाटू और श्राई कोटि में बर्फबारी



अनंत ज्ञान

**कुमारसेन।** लंबे समय की खुशकी के बाद रविवार दोपहर बाद कुमारसैन उपमंडल के नारकंडा, हाटू और अन्य ऊंचे स्थानों पर हल्की बर्फबारी होने से मौसम में एकबार फिर सर्दी का एहसास हुआ है। रामपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्राई कोटि में भी बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। इससे पर्यटन व्यवसाई खुश हैं, ताजा बर्फबारी से क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय बढ़ने के आसार हैं।

क्षेत्र के थानाधार, जरोल, कोटगढ़, कुमारसैन, किंगल में सामान्य से भारी बारिश हो रही है। इससे सेब और अन्य फलदार पौधों को संजीवनी मिली है। इससे बागवानों और किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आई है। अनुभवी बागवानों का कहना है कि अब फलदार बगीचों में अच्छी फसल होने की उम्मीद जगी है।

**अनूठी पहल** | नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कंडा जेल में 24 कैदियों ने दी परीक्षा

# जेल की सलाखों के पीछे जली 'शिक्षा की लौ'

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला स्थित कंडा कारागार में शिक्षा की एक अनूठी पहल ने नई उम्मीदों की किरण जगाई है। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत कारागार में बंद 24 कैदियों को पढ़ाई करवाई गई और रविवार को इन सभी कैदियों ने औपचारिक परीक्षा देकर एक नया इतिहास रच दिया। जेल की चारदीवारी के भीतर शिक्षा का यह प्रयास न केवल साक्षरता को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि समाज के मुख्यधारा से भटके लोगों को जीवन में नई दिशा देने का भी माध्यम बन रहा है।




शिमला स्थित कंडा कारागार में परीक्षा देते कैदी। अनंत ज्ञान

कारागार प्रशासन और शिक्षा विभाग के सहयोग से संचालित इस पहल के तहत कैदियों को नियमित रूप से पढ़ाया गया, जिससे वे बुनियादी पढ़ने-लिखने की क्षमता हासिल कर सकें। लंबे समय से चल रही इस प्रक्रिया का परिणाम आज तब सामने आया जब सभी 24 कैदियों ने परीक्षा में भाग लिया। यह पहल इस बात का प्रतीक है कि यदि अवसर और मार्गदर्शन मिले तो जीवन की दिशा किसी भी मोड़ पर बदली जा सकती है।

जेल में पढ़ाई की व्यवस्था इस तरह बनाई गई कि कैदी अपने समय का सकारात्मक उपयोग कर सकें। इससे न केवल उनकी शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ बल्कि उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर बनने की भावना भी मजबूत हुई। शिक्षा के माध्यम से उन्हें यह विश्वास मिला है कि सजा पूरी होने के बाद वे समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के लिए खुद को तैयार कर सकते हैं।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उल्लास वीरेंद्र चौहान ने कहा कि कंडा जेल में कैदियों को साक्षर बनाने की यह पहल अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि 24 कैदियों ने परीक्षा देकर यह साबित कर दिया है कि शिक्षा किसी भी परिस्थिति में व्यक्ति के जीवन को बदल सकती है। उनका कहना था कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पढ़ना-लिखना सिखाना नहीं, बल्कि कैदियों के भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को विकसित करना भी है।

### सम्मानजनक आजीविका के अवसर तलाश पाएंगे : वीरेंद्र

वीरेंद्र चौहान ने आगे कहा कि इस तरह के प्रयासों से कैदी भविष्य में अपने जीवन को नई दिशा देने के लिए तैयार हो सकेंगे। शिक्षा के माध्यम से वे समाज में लौटकर सम्मानजनक आजीविका के अवसर तलाश पाएंगे और अपने जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी इस तरह की पहलें जारी रहेंगी और अधिक से अधिक लोगों को साक्षर बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया जाता रहेगा।

# राजस्व मंत्री नेगी ने किया एकलव्य आवासीय विद्यालय निचार का निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिला के निचार उपमंडल में राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय निचार का निरीक्षण कर विद्यालय में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अध्यापकों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही गुणवत्तायुक्त शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में चल रहे सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।



विद्यालय का निरीक्षण करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने तथा जल शक्ति विभाग को विद्यालय की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के आवासीय परिसर में रह रहे विद्यार्थियों से भी सीधे संवाद किया और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों से सुझाव भी आमंत्रित किए, ताकि शिक्षा व आवासीय सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गीतांजलि भूषण ने मंत्री को विद्यालय की गतिविधियों और समस्याओं से अवगत कराया।

इसके बाद मंत्री ने बारो और निचार पंचायतों के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को शाम के समय हुड़दंगियों पर सख्ती बरतने तथा क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री ने पलींगी के समीप निर्माणाधीन वैकल्पिक मार्ग का भी निरीक्षण किया और उसे शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए। निगुलसरी सराय भवन में दुर्गम रूपी पंचायत के लोगों ने शिगारचा को नई पंचायत बनाए जाने पर मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

# हिमाचल में हरित ऊर्जा को नई गति देने की तैयारी

## 2,534 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन से 1004 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमालय की गोद में बसे हिमाचल प्रदेश में स्वच्छ व नवीकरणीय ऊर्जा को नई रफ्तार मिल रही है। राज्य सरकार की पहल से जलविद्युत और सौर परियोजनाओं के माध्यम से अब तक लगभग 2,534 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हो चुका है, जिससे राज्य को 1,004 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का विस्तार करने और स्थानीय समुदायों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए कई नई योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने अगले दो वर्षों में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। ऊना और बिलासपुर जिलों में पेखुबेला, भंजाल, अघलौर और बैरा डोल सौर परियोजनाओं की कुल क्षमता लगभग 52 मेगावाट है। इन परियोजनाओं से अब तक 114.27 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ है और 34.83 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। सरकार ने प्रथम आओ–प्रथम पाओ के आधार पर सौर परियोजनाएं आवंटित करने की नीति लागू की है, जिसके तहत 547 निवेशकों को लगभग 595.97 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं दी जा चुकी हैं।

वहीं, प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाएं ऊर्जा उत्पादन की रीढ़ बनी हुई हैं। कुल्लू जिले की 100 मेगावाट क्षमता वाली सैंज परियोजना, किन्नौर की 65 मेगावाट क्षमता वाली काशंग चरण–एक परियोजना और शिमला जिले की 111 मेगावाट क्षमता वाली सावड़ा–कुड्डू परियोजना से संयुक्त रूप से लगभग 2,419.97 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ है। इससे प्रदेश को लगभग 969.95 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके अलावा 13 जलविद्युत परियोजनाओं के पूरा होने से राज्य की कुल उत्पादन क्षमता में 1,229 मेगावाट की वृद्धि हुई है।



### हरित हाइड्रोजन व बायोचार तकनीक से भविष्य की ऊर्जा रणनीति होगी मजबूत

**स्वच्छ** ऊर्जा के क्षेत्र में नई तकनीकों को भी अपनाया जा रहा है। नालागढ़ में एक मेगावाट क्षमता का हरित हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र विकसित किया जा रहा है, जो भविष्य में स्वच्छ ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देगा। इसी प्रकार नेरी में राज्य समर्थित बायोचार कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिसके तहत एक बायोचार संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इन पहलों का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देना है।

### दूरदराज क्षेत्रों में भी पहुंचेगी स्वच्छ बिजली

**सरकार** ने दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों तक बिजली पहुंचाने पर भी विशेष ध्यान दिया है। लाहौल–स्पीति के काजा क्षेत्र के ऊंचाई वाले गांवों में 148 घरों में सौर ऑफ–ग्रिड प्रणालियां स्थापित की गई हैं। वहीं पांगी घाटी के हिलोर और धरवास गांवों में बैटरी ऊर्जा भंडारण तंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे दूरस्थ इलाकों में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही ग्रीन पंचायत कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर सौर संयंत्र स्थापित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

# हिमाचल में विद्यार्थियों की मुफ्त बस सुविधा पर ब्रेक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत लाखों विद्यार्थियों को मिलने वाली निशुल्क बस सुविधा अब नई व्यवस्था के साथ जुड़ गई है। राज्य में पहली अप्रैल से छात्रों को मुफ्त यात्रा का लाभ लेने के लिए पहले हिम बस पास बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस पास के लिए विद्यार्थियों को 236 रुपए का शुल्क देना होगा, जिसके बाद ही उन्हें एचआरटीसी बसों में शून्य किराया सुविधा मिल सकेगी। इस निर्णय के बाद शिक्षा और परिवहन व्यवस्था से जुड़े कई सवाल उठने लगे हैं और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से बारहवीं कक्षा तक लगभग साढ़े आठ लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसे विद्यार्थियों की है जो दूरदराज क्षेत्रों से प्रतिदिन एचआरटीसी बसों के माध्यम से विद्यालय पहुंचते हैं। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों या उनके अभिभावकों को हिम बस पास के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से आवेदन करने पर करीब 40 रुपए अतिरिक्त शुल्क भी देना पड़ेगा। यानी बस सुविधा प्राप्त करने से पहले ही परिवारों को निर्धारित राशि खर्च करनी पड़ेगी।

◆ पहली अप्रैल से बस यात्रा के लिए हिम बस पास अनिवार्य 236 रुपए शुल्क तय

इस व्यवस्था को लेकर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि पहले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के बस पास पूरी तरह निःशुल्क बनाए जाते थे और विद्यालय प्रबंधन की ओर से पहचान पत्र संबंधित डिपो कार्यालय में भेजकर औपचारिकताएं पूरी कर दी जाती थीं। अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है और शुल्क की अनिवार्यता से गरीब तथा निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है।

### गरीब छात्रों पर आर्थिक भार डालना उचित नहीं : विजेंद्र

छात्र अभिभावक मंच के संयोजक विजेंद्र मेहरा ने कहा कि एचआरटीसी के घाटे को दूर करने के लिए गरीब विद्यार्थियों पर आर्थिक भार डालना उचित नहीं है। उनका कहना है कि यदि सरकार वास्तव में शिक्षा को बढ़ावा देना चाहती है तो परिवहन जैसी बुनियादी सुविधा को पूरी तरह मुफ्त बनाए रखना चाहिए। सामाजिक संगठनों का भी मानना है कि यदि यह व्यवस्था लागू रहती है तो कई ग्रामीण और गरीब परिवारों के बच्चों के सामने विद्यालय पहुंचने में कठिनाई खड़ी हो सकती है, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाएगा।

# प्रदेश में नर्सरी–पहली कक्षा के दाखिलों पर सरकार सख्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में नर्सरी से पहली कक्षा तक होने वाले दाखिलों को लेकर सरकार ने बड़े बदलाव करने की तैयारी कर ली है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में नए दिशा–निर्देश जारी करते हुए सरकारी और निजी दोनों प्रकार के विद्यालयों को सख्त आदेश दिए हैं कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निर्धारित नियमों के तहत ही की जाए। विभाग का कहना है कि छोटे बच्चों के प्रवेश में किसी भी प्रकार की मनमानी या आर्थिक दबाव की शिकायत मिलने पर संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

◆ स्कूलों में मनमानी पर लगेगी लगाम, पारदर्शी प्रक्रिया से होंगे दाखिले

नए निर्देशों के अनुसार नर्सरी और प्रारंभिक कक्षाओं में दाखिले के दौरान बच्चों या अभिभावकों का साक्षात्कार लेने जैसी प्रक्रियाओं को हतोत्साहित किया गया है। शिक्षा विभाग का मानना है कि कम उम्र के बच्चों पर अनावश्यक परीक्षण और औपचारिकताएं मानसिक दबाव पैदा करती हैं, इसलिए विद्यालयों को सरल और समान अवसर वाली प्रवेश प्रणाली अपनाने के लिए कहा गया है।

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालयों को प्रवेश से संबंधित नियमों, आयु सीमा और सीटों की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होगी।

यदि कोई विद्यालय नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रारंभिक शिक्षा में हर बच्चे को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से प्रवेश का अवसर मिल सके।

# ऊना में ट्रेन की चपेट में आया भेड़ों का झुंड, 60 की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला मुख्यालय के साथ सटे भड़ोलियां में हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से करीब 60 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि कई भेड़े बुरी तरह से जख्मी हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौका पर पहुंची तो उन्हें कोई भेड़ पालक नहीं मिला। फिलहाल रेलवे पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह साढ़े 6 बजे के करीब एक अज्ञात भेड़ पालक भड़ोलियां में भेड़ों को रेल ट्रैक क्रॉस करवा रहा था। इसी बीच दिल्ली से ऊना के आ रही हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। जिसकी चपेट में भेड़े आ गई। जिसके चलते करीब 60 भेड़ों बुरी तरह कट गई, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं, कई भेड़े गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौका पर पहुंचे और सुरक्षित बची भेड़ों को उठाकर एक साइड किया। वहीं, सूचना रेलवे पुलिस ऊना को भी दी गई। सूचना मिलते रेलवे पुलिस मौका पर पहुंची। हालांकि, रेलवे पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन भेड़ पालक का पता नहीं चल पाया। इसके बाद रेलवे पुलिस ने ट्रैक को साफ किया। उधर, रेलवे पुलिस के हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से भेड़ों की मौत हुई है। रेलवे पुलिस मौका पर पहुंची और ट्रैक को साफ करवा दिया है।

# गैस सिलेंडर खत्म होने से आईजीएमसी अस्पताल की कैंटीन में खाना बंद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में व्यावसायिक एलपीजी गैस की कमी अब आम लोगों के साथ–साथ अस्पतालों तक पहुंच गई है। शहर में कई ढाबों और रेस्टोरेंट के बाद अब अस्पतालों में चल रही निजी कैंटीनों पर भी इसका असर दिखने लगा है। हालात यह हैं कि शिमला के सबसे बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) की कैंटीन में पिछले दो दिनों से खाना बनना बंद हो गया है, जिससे मरीजों और उनके साथ आए तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने के कारण आईजीएमसी और कमला नेहरू अस्पताल में चल रही कैंटीनों के सिलेंडर खत्म हो गए हैं। नए सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण कैंटीन संचालक भोजन तैयार नहीं कर पा रहे हैं। आईजीएमसी की कैंटीन में दो दिनों से मरीजों और तीमारदारों के लिए खाना नहीं बन रहा है। कैंटीन संचालक का कहना है कि उनके पास गैस सिलेंडर पूरी तरह खत्म हो चुके हैं और फिलहाल नए सिलेंडर नहीं मिल पा रहे। ऐसे में मजबूरी में कैंटीन में केवल चाय–पानी ही उपलब्ध करवाया जा रहा है। भोजन की व्यवस्था ठप होने से अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आए परिजनों को खाने के लिए अस्पताल के बाहर भटकना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि अस्पताल जैसी जगहों पर खाने की व्यवस्था बंद होना बड़ी समस्या है। ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द कोई समाधान निकालना चाहिए। कई लोगों ने सुझाव दिया है कि अगर व्यावसायिक गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो अस्पताल की कैंटीनों के लिए अस्थायी तौर पर घरेलू गैस सिलेंडर या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को परेशानी न झेलनी पड़े।

# न्यू टाउन आवासीय परियोजना बनाने वाली कंपनी पर डेढ़ करोड़ का जुर्माना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने बद्दी की न्यू टाउन आवासीय परियोजना को लेकर मैसर्स गुप्ता प्रॉपर्टी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

प्राधिकरण के अनुसार परियोजना से जुड़े वैधानिक दायित्वों की अनदेखी की गई और बार–बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद कंपनी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई। बताया गया कि परियोजना का पंजीकरण नवंबर 2022 में ही समाप्त हो चुका था, लेकिन निर्माणकर्ता ने समय रहते इसके विस्तार के लिए आवेदन भी नहीं किया। औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ द्वारा नवंबर 2025 में किए गए स्थल निरीक्षण में कई गंभीर खामियां सामने आईं। निरीक्षण में भवनों की लिफ्टें बंद पाई गईं, सीवेज शोधन संयंत्र काम नहीं कर रहा था और अग्नि सुरक्षा उपकरण भी निष्क्रिय मिले। इसके अलावा कई जगह बाउंडरी दीवार टूटी हुई, सड़क किनारे लगी बत्तियां खराब और पार्कों के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। निर्माणकर्ता का दावा था कि सभी आवास बिक चुके हैं, जबकि राजस्व अभिलेखों में केवल 32 आवासों की ही बिक्री दर्ज मिली है।

◆ वैधानिक नियमों की अनदेखी पर रेरा की सख्त कार्रवाई

◆ परियोजना में लिफ्ट, सीवेज संयंत्र और सुरक्षा व्यवस्था पाई गई बंद

# मैहतपुर में 10 .28 ग्राम चिट्टे समेत एक दबोचा

अनंत ज्ञान



**ऊना।** जनपद के पुलिस थाना मैहतपुर के अंतर्गत बसदेहड़ा क्षेत्र में पुलिस ने चिट्टा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10.28 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष जांच इकाई (एसयूआई) ऊना की टीम एएसआई त्रिलोचन सिंह के नेतृत्व में बसदेहड़ा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि बसदेहड़ा स्थित मौनी बाबा मंदिर के पास एक युवक बैग में चिट्टा रखकर लोगों को बेच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके की ओर रवाना हो गई।

पुलिस टीम जब मौनी बाबा मंदिर के समीप एक खाली खेत में पहुंची तो वहां एक युवक रंगीन बैग के साथ बैठा हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही युवक घबराकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर उसे मौके पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के बैग से 10.28 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान विजेंद्र निवासी बसदेहड़ा के रूप में हुई।

# अनुराग के 'टीबी मुक्त भारत' अभियान को मिला दिल्ली पुलिस का साथ

## सांसदों और दिल्ली पुलिस के बीच खेला गया मैत्री क्रिकेट मैच बना रोमांचक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा टीबी जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे 'टीबी मुक्त भारत –टीबी हारेगा, देश जीतेगा' अभियान के तहत आज दिल्ली में सांसदों और दिल्ली पुलिस के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। सांसदों की कप्तानी अनुराग सिंह ठाकुर ने की, जबकि दिल्ली पुलिस की टीम के नेतृत्व में कमीश्नर सतीश गोलचा थे।

कड़े और रोमांचक मुकाबले में दिल्ली पुलिस ने सांसदों की टीम को 12 रनों से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पुलिस टीम ने 20 ओवर में 225 रन बनाए। जवाब में सांसदों की टीम 212 रन पर सिमट गई, जिसमें अनुराग ठाकुर ने शानदार 52 रन की पारी खेली। मैच का लाइव प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया गया। इस अवसर पर अनुराग ने कहा कि मैच का मुख्य मकसद टीबी के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। हम खेल सकते हैं, लेकिन असली लड़ाई टीबी के खिलाफ है। टीबी किसी पार्टी या भाषा को नहीं देखता। इस अभियान के जरिए हम जनता को टीबी के खतरों और रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।





ट्रॉफी की विजेता टीम तथा (इनसेट) शॉट खेलते अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

मुख्यातिथि और संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि सांसदों और पुलिस अधिकारियों का यह मैत्री मैच टीबी उन्मूलन में जागरूकता फैलाने का उत्कृष्ट प्रयास है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने आयोजन की दूरदर्शिता की सराहना की और इसे जनता में जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया। सीसीआई अध्यक्ष और सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि अनुराग ठाकुर के इस तरह के आयोजन हार–जीत से बढ़कर टीबी मुक्त भारत का संदेश फैलाते हैं। इस मैत्री मैच ने न केवल खेल का रोमांच बढ़ाया बल्कि टीबी मुक्त भारत अभियान को भी मजबूत जन समर्थन प्रदान किया।

# कांग्रेस राज में हिमाचल की कानून व्यवस्था चरमराई : विपिन परमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में प्रदेश की कानून व्यवस्था तेजी से बिगड़ती जा रही है और अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं।



परमार ने कहा कि हाल के दिनों में नशे से जुड़े मामलों, हत्या और गोलीबारी जैसी घटनाओं ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नशे के खिलाफ केवल बयानबाजी कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है। निजी नशा मुक्ति केंद्रों में रहस्यमयी मौतों के मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश भर से 10 से 12 शिकायतें नशा निवारण बोर्ड तक पहुंच चुकी हैं, जो बेहद चिंताजनक स्थिति को दर्शाती हैं।

परमार ने शिमला से जारी बयान में कहा कि बिलासपुर में भेड़पालक की निर्मम हत्या और मखनूमाजरा गोलीकांड जैसे मामलों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। परमार ने तंज कसते हुए कहा कि जब शासन कमजोर होता है तो अपराधियों के हौसले बढ़ जाते हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस करने लगती है। उन्होंने सरकार से कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश में शांति और सुरक्षा के मुद्दे पर जनता की आवाज उठाती रहेगी।

**राजनीति** | क्या इस बार भी आमने–सामने होंगे किशोरी लाल और मुल्क राज प्रेमी या तीसरा खिलाड़ी बदलेगा खेल?

# बैजनाथ की राजनीति में तीसरे मोर्चे की आहट

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में जल्द ही एक नया राजनीतिक समीकरण उभरता दिखाई दे सकता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में तीसरे मोर्चे के गठन की पटकथा लगभग तैयार हो चुकी है और इसे धरातल पर उतारने की तैयारियां अंतिम चरण में बताई जा रही हैं। यदि यह प्रयास सफल होता है तो बैजनाथ की पारंपरिक द्विध्रुवीय राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, छात्र जीवन में वामपंथी विचारधारा से जुड़े रहे एक युवा नेता ने इस पूरे राजनीतिक प्रयास की रूपरेखा तैयार की है। बताया जा रहा है कि इसी क्रम में उन्होंने तीसरे मोर्चे के प्रमुख सूत्रधार रामलाल मार्कंडेय से अपने पुराने राजनीतिक संबंधों के आधार पर संपर्क साधा है और बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की है। जानकारी के अनुसार रामलाल मार्कंडेय ने भी इस पहल को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं और निकट भविष्य में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने की सहमति लगभग दे दी है। माना जा रहा है कि उनके संभावित दौरे के बाद तीसरे मोर्चे को लेकर औपचारिक घोषणा या फिर क्षेत्र की राजनीति में कोई बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आ सकता है।

दिलचस्प बात यह है कि तीसरे मोर्चे से जुड़ी पूरी कवायद को फिलहाल बेहद गोपनीय रखा गया है। यहां तक कि संभावित उम्मीदवारों और कई स्थानीय राजनीतिक हलकों को भी इसकी भनक तक नहीं लगने दी गई है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि पूर्व में वामपंथी विचारधारा से जुड़े रहे इस युवा नेता के वर्तमान में भाजपा की एक मजबूत टीम के साथ भी मधुर संबंध बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि भाजपा का एक धड़ा पिछले कुछ समय से बैजनाथ भाजपा की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट चल रहा है, ऐसे में यह असंतोष तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को और बल दे सकता है।



◆ जल्द हो सकती है बड़ी राजनीतिक हलचल

उधर, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा विधायक किशोरी लाल या फिर उनके बेटे रविंद्र बिट्टू को कांग्रेस द्वारा आगामी चुनाव में मैदान में उतारने की संभावना प्रबल मानी जा रही है। वहीं, भाजपा की ओर से पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी का नाम भी मजबूती से चर्चा में है। जिला कांगड़ा में भाजपा के एक प्रभावशाली धड़े का समर्थन उनके साथ माना जाता है और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से उनकी नजदीकियां भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। हालांकि, भाजपा में टिकट को लेकर अंतिम समय तक समीकरण बदलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कमांडेंट कमल कुमार, ऋषभ पांडव, रविता भारद्वाज और तिलक राज जैसे नेता भी क्षेत्र में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं, जिससे टिकट को लेकर प्रतिस्पर्धा और दिलचस्प हो सकती है। यही कारण है कि टिकट के कई इच्छुक नेता संभावित तीसरे मोर्चे की स्थिति में उसमें शामिल होने के विकल्प भी टटोलते नजर आ रहे हैं।

अब पूरे क्षेत्र में यह सवाल खुलकर उठने लगा है कि क्या आगामी चुनाव में एक बार फिर मुकाबला वर्तमान विधायक किशोरी लाल और पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी के बीच ही सिमट कर रह जाएगा, या फिर तीसरा मोर्चा कोई ऐसा सशक्त उम्मीदवार मैदान में उतार देगा जो पूरे चुनावी समीकरण को बदल कर रख दे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि तीसरे मोर्चे का यह प्रयास साकार रूप लेता है तो बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो सकता है और आने वाले समय में यहां के चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। फिलहाल क्षेत्र की राजनीति में संभावित तीसरे मोर्चे को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार तेज होता जा रहा है।

# आरटीआई से विजिलेंस–एसीबी को बाहर करना तानाशाही फैसला : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना के अधिकार (आरटीआई) के दायरे से बाहर करने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ बताया है।

उन्होंने कहा कि विजिलेंस और एसीबी जैसी संस्थाओं का गठन ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और रसूखदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए किया गया था, लेकिन सरकार ने इन्हें आरटीआई के दायरे से बाहर कर इन संस्थाओं की मूल भावना को ही कमजोर करने का प्रयास किया है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री के इस तर्क को भी खारिज किया कि यह फैसला पूरी तरह कानूनी दायरे में रहकर लिया गया प्रशासनिक निर्णय है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 24 में स्पष्ट प्रावधान है कि सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां भी भ्रष्टाचार और मानवाधिकार हनन से जुड़े मामलों में सूचना देने के लिए बाध्य होंगी। ऐसे में केवल एक प्रशासनिक आदेश के जरिए भ्रष्टाचार की जांच करने वाली संस्था को सूचना देने से रोकना कानून की भावना के विपरीत है।



◆ पारदर्शिता को कमजोर करने की कोशिश

उन्होंने कहा कि यह कानून स्वयं कांग्रेस सरकार द्वारा लाया गया था, लेकिन अब वही सरकार इसे निष्प्रभावी बनाने की कोशिश कर रही है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि यह फैसला पारदर्शिता के उस मजबूत स्तंभ को कमजोर करने की कोशिश है जिसे भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार माना जाता रहा है।

जयराम ने प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों पर एंट्री टैक्स में की गई बढ़ोतरी को भी जनविरोधी और अदूरदर्शी निर्णय करार दिया। उन्होंने कहा कि इस फैसले से सीमावर्ती जिलों ऊना, कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, सोलन और सिरमौर के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिनका रोजमर्रा का आवागमन पंजाब और हरियाणा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आशंका जताई कि इसके जवाब में पड़ोसी राज्य भी हिमाचल के वाहनों पर टैक्स लगा सकते हैं, जिससे आम लोगों के साथ–साथ पर्यटन उद्योग पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

# जिले में 2985 गर्भित पशुओं को दिया जा रहा मेंटेनेंस राशन

## गर्भावस्था की अंतिम तिमाही में प्रतिदिन तीन किलो राशन का प्रावधान

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में गर्भित पशुओं को मेंटेनेंस राशन दिया जा रहा है। विभाग की ओर से 2985 गर्भित पशु चिन्हित किए गए हैं, जिनमें गायें व भैंसे शामिल हैं। पशुपालन विभाग की ओर से गर्भित पशुओं को प्रसूति से तीन माह पहले तक प्रतिदिन तीन किलो राशन देने की व्यवस्था की गई है, जिसका उद्देश्य गर्भित पशुओं की अच्छी सेहत और अच्छा दूध है।

हिमाचल प्रदेश सरकार पशुपालन विभाग के माध्यम से बीपीएल परिवारों के गर्भवती देसी/स्वदेशी गायों व भैंसों को 50 फीसदी सब्सिडी पर 3 महीने के लिए संतुलित मेंटेनेंस राशन (पशु आहार) प्रदान कर रही है। यह योजना गर्भावस्था की अंतिम तिमाही में दी जाती है, जिसमें अधिकतम दो पशुओं के लिए प्रतिदिन 3 किलोग्राम राशन दिया जाता है, जिससे दूध उत्पादन में बढ़ोतरी और स्वस्थ बछड़ी व बछड़े का जन्म सुनिश्चित हो सके।

**◆ विभाग कर चुका है पशु चिन्हित, 2.7 क्विंटल दिया जाएगा राशन**

**बीपीएल से संबंधित पशुपालकों को मिलता है लाभ:** जो भी पशुपालक बीपीएल, जनरल बीपीएल या एससी बीपीएल श्रेणी में आते हैं, उनकी गायों व भैंसों को मेंटेनेंस राशन की सुविधा दी जाती है। संबंधित श्रेणी के पशुओं को चिन्हित कर लिया गया है, जिन्हें राशन विभाग की ओर से दिया जा रहा है। ऐसे गर्भित पशुओं को प्रतिदिन तीन किलो राशन प्रतिदिन दिया जाता है।

**स्वास्थ्य सुधार व स्वस्थ बछड़े-बछड़ी का जन्म है उद्देश्य :** योजना का उद्देश्य गर्भवती गायों में सुधार, स्वस्थ बछड़ों व बछड़ियों का जन्म और दो ब्यांत के बीच की अवधि को कम करना। 300 दिन के दुग्धकाल में लगभग 18,000 की अतिरिक्त आय और रोजाना 2 लीटर दूध उत्पादन में वृद्धि की संभावना है।



> गर्भित पशुओं गायों व भैंसों को गर्भावस्था की अंतिम तिमाही में तीन माह तक प्रतिदिन तीन किलो राशन दिया जा रहा है, जिसके लिए जिला में 2985 पशु चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें 2.7 क्विंटल राशन दिया जा रहा है।
>
> **-डॉ. सीमा गुलेरिया, उपनिदेशक, पशुपालन विभाग धर्मशाला।**

## दैहण मेला कमेटी ने बैठक में मेले के आयोजन पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** दैहण मेले की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मेला मैदान में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मेला कमेटी के चेयरमैन संजय सैनी तथा अध्यक्ष गगन कुमार ने की। बैठक में मेले के आयोजन को लेकर चर्चा की गई और कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष ऐतिहासिक दैहण मेला 3 अप्रैल से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चार दिनों तक आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई ।मेले का मुख्य आकर्षण सदियों पुरानी पारंपरिक कुश्ती रहेगी।

इसमें क्षेत्र के नामी पहलवान भाग लेंगे और अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। बड़ी माली 71,000 रुपए तथा छोटी माली 41,000 रुपए निर्धारित की गई है। मेले के दौरान 5 अप्रैल को महिलाओं के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दिन महिलाओं की रस्साकस्सी और जलेबी रेस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के भाग लेने की उम्मीद है। बैठक में यह भी तय किया गया कि मेले के चारों दिनों के मुख्य अतिथियों के बारे में चर्चा करने के लिए अगली बैठक 25 मार्च को आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य अतिथियों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# आयुष मंत्री गोमा ने नवाजे होनहार

## बोले- शिवनगर कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य शीघ्र होगा पूरा



यादविंद्र गोमा ने शिवनगर कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में की शिरकत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का भविष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर निर्भर करता है और कठिन परिश्रम से ही जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। वे रविवार को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन के लिए चालू वित्त वर्ष में लगभग एक करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध करवाई गई है और भवन का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगले शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं नए भवन में शुरू कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय परिसर में सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा छह माह के भीतर महाविद्यालय को जाने वाली सड़क की मरम्मत और अगले वार्षिक समारोह से पहले वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने महाविद्यालय में बीसीए और बीबीए कक्षाएं शुरू करवाने के प्रयास की बात भी कही। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. संगीता सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

## मेले भाईचारे के प्रतीक और एक-दूसरे को आपस में जोड़ते: आरएस बाली


आरएस बाली ने पहलवानों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगरोटा की रजियाणा पंचायत के स्थानीय मेले में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मेला कमेटी और स्थानीय लोगों ने उनका शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

आरएस बाली ने मेले में दुकानदारों और लोगों से मिलकर कुश्ती स्थल का दौरा किया और पहलवानों का उत्साहपूर्वक हौसला बढ़ाया। मेले में हिमाचल और अन्य राज्यों के लगभग 50 पहलवानों ने भाग लिया। आरएस बाली ने कहा कि मेले आपसी भाईचारे और संस्कृति को जोड़ने का प्रतीक हैं। मेले एक-दूसरे को आपस में जोड़ते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलने और स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ प्राप्त होने पर भी जोर दिया। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी की सराहना की और 1 लाख 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार राशि भी वितरित की।

# इंद्रु नाग छिंज मेले की तैयारियां अंतिम चरण में

## पहलवानों को दिए जाएंगे लाखों रुपए के आकर्षक इनाम, 22 मार्च से मिलने शुरू होंगे प्लॉट

**◆ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे प्लॉट**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** खनियारा का ऐतिहासिक छिंज मेला 27 मार्च से लेकर 30 मार्च तक आयोजित होता है। मेले की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। मेले में आने वाले विभिन्न राज्यों के पहलवानों को लाखों रुपए के आकर्षक नकद ईनाम प्रदान किए जाएंगे। मैदान में 20 मार्च को मार्किंग का काम शुरू होगा और 22 मार्च से मैदान में मेला दुकान के लिए प्लाट दिए जाएंगे। कमेटी की श्री इंद्रु नाग मेला कमेटी की बैठक कैप्टन ईश्वर दास की अध्यक्षता में हुई।

इसमें मेले की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मेला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि छिंज मेले की तैयारियां



चल रही है। मेले में दुकान पहले आओ पहले पायो के आधार पर मिलेगी। कोई भी दुकानदार अपना प्लाट सबलेट करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दुकानदार को मेले में स्वच्छता का ध्यान रखना होगा, अपने कूड़े कचरे को यहां वहां या रास्ते में फैलाने के बजाए अपनी बोरी व डस्टबीन लगाकर कचरा उसमें एकत्र करना होगा। उन्होंने बताया कि मेला नशा मुक्त घोषित है, बीते सात सालों से मेले में नशे पर रोक लगाई गई है, अगर मेले के भीतर कोई दुकानदार शराब व अन्य नशा पदार्थ बेचता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई पुलिस से करवाई जाएगी और उसे पुलिस के हवाले किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में 27 मार्च को नाग मंदिर में पूजा अर्चना के बाद खेलपात्र होगा और झंडे की रस्म के साथ मेला शुरू होगा। 28 मार्च को नाग देवता की छड़ी यात्रा भव्य झांकियों के साथ पटोला मैदान पहुंचेगी और दंगल आयोजित होगा।

29 मार्च को कुश्ती आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 28 मार्च व 29 मार्च को कुश्ती के लिए आने वाले पहलवानों को 12 बजे पहुंच कर अपना पंजीकरण करवाना होगा। यह पंजीकरण दोपहर 2 बजे तक चलता रहेगा। इसके बाद आने वाले पहलवानों को प्रतियोगिता में भाग लेने की इजाजत नहीं होगी।

### बड़ी माली विजेता को मिलेंगे 51 हजार

**बड़ी** माली के रूप में विजेता को 51 हजार रुपए, उपविजेता को 41 हजार रुपए दिए जाएंगे, जबकि छोटी माली में विजेता को 15 हजार रुपए व उप विजेता को 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में पिछले साल गठित उप कमेटियों में मामूली फेरबदल किया गया है। सभी उपकमेटियों के प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर महासचिव कमलेश चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार, प्रशोत्तम चंद दाडनू, कोषाध्यक्ष जगदीश चंद, उपकोषाध्यक्ष सुरजीत सिंह, उपकोषाध्यक्ष राजिंद्र कुमार हिप्पी, संयुक्त सचिव स्वास्तिक मस्ताना, प्रशोत्तम सोती, सूबेदार प्रशोत्तम 706, राजेंद्र जोगी, शुभकरण, सूबेदार जगदीश चंद, नितिन कुमार, ठाकुर हरदीप सिंह, जोगिंद्र सिंह, हैप्पी गोल्डी आदि मौजूद रहे।

## पंचरुखी की आश्वी को मध्यप्रदेश में मिला नारी शक्ति सम्मान 2026

### 160 अवॉर्ड पूरे, वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज हुआ नाम

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** महिला सशक्तिकरण और सामाजिक योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से बीआर एजुकेशन एंड सोशल फाउंडेशन, मध्यप्रदेश की ओर से आयोजित नारी शक्ति सम्मान 2026 के कार्यक्रम में पंचरुखी की आश्वी धीमान को मध्य प्रदेश में नारी शक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

आश्वी ने यह सम्मान पाकर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सम्मान के साथ ही आशवी 160 सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं, नन्ही कलाकार आश्वी धीमान जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस विशेष अभियान को और भी गौरवपूर्ण बनाते हुए कार्यक्रम का नाम ओरिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और यूनिवर्सल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज करवाया




गया है। यह उपलब्धि महिलाओं के सम्मान और समाज में व हिमाचल संस्कृति को बढावा व उनके योगदान को पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# इंदौरा वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा


मंड मझवां गांव मोड़ पर अवैध लकड़ी के साथ पकड़ा ट्रक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** वन परिक्षेत्र इंदौरा के तहत अवैध लकड़ी से भरे ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी भदरोया हमीद ने बताया के वनरक्षक विशाल शर्मा तथा वन मित्र लक्ष्मण सिंह सहित मंड क्षेत्र में गश्त पर थे।

इस दौरान मंड मझवां गांव मोड़ पर एक ट्रक (पीबी 08 बी एस 9906) को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में विभिन्न प्रजाति की लकड़ी पाई गई। पूछताछ करने पर ट्रक चालक ने अपना नाम सुरजीत सिंह पुत्र धर्म सिंह गांव त्योडा तहसील इंदौरा बताया। उपरोक्त चालक से जब लकड़ी से संबंधित कागजात मांगे गए, लेकिन चालक कोई भी वैद्य दस्तावेज मौके पर पेश नहीं कर सका। ट्रक को कब्जे में लिया और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## विश्व चक्षु ने विजिलेंस और एसीबी को आरटीआई से बाहर करने पर सरकार को घेरा, बोले- फैसला दुर्भाग्यपूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा राज्य की विजिलेंस डिपार्टमेंट और एंटी-क्रप्शन ब्यूरो (एसीबी) को राइट टू इनफॉर्मेशन एक्ट (आरटीआई) के दायरे से बाहर करने के फैसले पर भाजपा ने कड़ा विरोध जताया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने इस निर्णय को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिस विभाग का काम भ्रष्टाचार पर नजर रखना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, उसे ही सूचना के अधिकार कानून से बाहर करना सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

चक्षु ने कहा कि आरटीआई लोकतंत्र में जवाबदेही और पारदर्शिता का सबसे बड़ा माध्यम है। ऐसे में विजिलेंस और एसीबी जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों को इसके दायरे से बाहर करना जनता के सूचना के अधिकार को कमजोर करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जानकारी सार्वजनिक होने से रोकने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि भ्रष्टाचार के मामलों में क्या कार्रवाई हो रही है। यदि ऐसे विभागों को ही आरटीआई से बाहर कर दिया जाएगा तो पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित होगी। विश्व चक्षु ने सरकार से इस निर्णय पर तुरंत पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के फैसले सरकार की कार्यप्रणाली पर अविश्वास पैदा करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करते हैं।

## जल शक्ति विभाग कर्मचारी यूनियन फतेहपुर की नई कार्यकारिणी का किया गठन

# कृष्ण गोपाल सर्वसम्मति से तीसरी बार बने प्रधान

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के जल शक्ति विभाग मंडल फतेहपुर की कर्मचारी यूनियन इकाई के चुनाव भारतीय मजदूर संघ (भामसं) के बैनर तले लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, फतेहपुर में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में कृष्ण गोपाल को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से इकाई प्रधान चुना गया। चुनाव की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष सुजान सिंह ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नई कार्यकारिणी में सुभाष चंद और जयपाल को उपप्रधान, सोमराज को महामंत्री, कमल कुमार और रोहित कुमार को सचिव, सुरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष तथा बलबान सिंह को प्रेस सचिव चुना गया। इसके अलावा जय सिंह, साहिल कुमार, गुरनाम सिंह और संसार सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नवनिर्वाचित प्रधान कृष्ण गोपाल ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन कर्मचारियों की हर छोटी-बड़ी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर उठाएगा और उनके समाधान के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास करेगा।


फतेहपुर में हुए जल शक्ति विभाग मंडल फतेहपुर की कर्मचारी यूनियन इकाई के चुनाव। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि विभाग से जुड़े लंबित मुद्दों, सुविधाओं और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन मजबूती से कार्य करेगा। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने कहा कि कर्मचारी संगठन कर्मचारियों की आवाज होते हैं और उनका उद्देश्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना होता है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई कि वह कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाकर उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएगी और संगठन को और मजबूत बनाएगी। चुनाव में सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता सुनिश्चित की और इसे विभागीय कर्मचारी समुदाय के लिए एक सकारात्मक एवं संगठनात्मक उपलब्धि बताया।

## सम्मेलन को लेकर लंज में संगठनात्मक जिला कांगड़ा ने की अहम बैठक

# कांगड़ा से 'आप' कार्यकर्ता करेंगे मंडी सम्मेलन में भारी संख्या में शिरकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा 22 मार्च 2026 को मंडी के विपाशा सदन में आयोजित होने जा रहे विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर लंज में संगठनात्मक जिला कांगड़ा की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठनात्मक जिला कांगड़ा के अध्यक्ष देशराज चौधरी ने की। बैठक में विधानसभा क्षेत्र कांगड़ा और शाहपुर के अध्यक्षों, संगठन मंत्रियों तथा अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लेकर सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा की।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांगड़ा जिले से भारी संख्या में कार्यकर्ता मंडी कूच करेंगे, ताकि इस सम्मेलन को प्रदेश की राजनीति में एक यादगार और निर्णायक पड़ाव बनाया जाएगा।


बैठक के दौरान उपस्थित 'आप' पदाधिकारी व अन्य। अनंत ज्ञान

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित 'आप' हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता कल्याण भंडारी, जो शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर का दायित्व भी निभा रहे हैं, ने अपने संबोधन में कहा कि 22 मार्च का मंडी सम्मेलन हिमाचल प्रदेश की राजनीति में बदलाव की मजबूत दस्तक साबित होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक काम किए हैं। भंडारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि 22 मार्च का मंडी सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हिमाचल में राजनीतिक परिवर्तन का शंखनाद है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मंडी पहुंचकर इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएंगे और प्रदेश में राजनीतिक बदलाव की इस मुहिम को नई ताकत देंगे।

# सुलह विस क्षेत्र के विकास से नहीं होगा कोई समझौता : परमार

अनंत ज्ञान

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार का जन्मदिन रविवार को उनके पैतृक निवास ननाओं में मनाया गया। सुबह से ही ननाओं स्थित उनके निवास पर लोगों का तांता लगा रहा। पार्टी के कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा के सदस्यों, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर परमार ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद विकास की गति मानो थम सी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने राजनीतिक द्वेष के चलते कई विकास कार्यों को रोकने का काम किया है, जिससे क्षेत्र की जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सुलह के विकास के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो, वह सुलह की जनता के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि सुलह को हिमाचल प्रदेश की सबसे विकसित और आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना उनका जीवन लक्ष्य है और इसके लिए वे दिन-रात मेहनत करने से पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने कहा कि सुलह की जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाएं तैयार की जाएंगी और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुलह के युवाओं, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों के हितों की रक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में नई पहल की जाएगी ताकि क्षेत्र का हर वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।

# औषधीय गुणों से भरपूर बुरांश का फूल

## सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी, पर्यटकों के लिए बने आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हिमाचल प्रदेश अपने हरे-भरे जंगलों, कलकल बहती नदियों-नालों, बर्फ से ढके पहाड़ों और बेशकीमती जड़ी-बूटियों के कारण विश्वभर में विशेष पहचान रखता है। हिमाचल के जंगलों में अनेक ऐसे फल-फूल और औषधीय पौधे पाए जाते हैं, जो अपने विशिष्ट गुणों के कारण कई बीमारियों में रामबाण साबित होते हैं। इन्हीं में से एक है बुरांश का फूल, जो जनवरी माह के अंत से पहाड़ों के जंगलों में खिलना शुरू हो जाता है। अपने चमकीले लाल रंग और औषधीय गुणों के कारण लोग हर साल इसके खिलने का इंतजार करते हैं।

आजकल हिमाचल के पहाड़ों में खिले बुरांश के फूल न केवल स्थानीय लोगों बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। भले ही यह फूल कुछ समय बाद जंगलों से गायब हो जाते हैं,



लेकिन लोगों की यादों और कैमरों में कैद होकर लंबे समय तक अपनी ताजगी बनाए रखते हैं। बुरांश के पेड़ समुद्र तल से लगभग 1500 मीटर से 3600 मीटर की ऊंचाई तक पाए जाते हैं।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, मंडी, शिमला, चंबा और सिरमौर जिलों में इनकी संख्या अधिक देखी जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों में इसे बुरांश, ब्रास, बुरस या बराह के फूल के नाम से भी जाना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, लाल रंग वाले बुरांश के फूलों का औषधीय महत्व अधिक होता है। कई शोधों के अनुसार बुरांश में एंटी-डायबिटिक, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो इसे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बनाते हैं। कई लोग इनकी पंखुड़ियों को सुखाकर सालभर प्रयोग में लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बुजुर्ग बुरांश के मौसम में इसकी स्वादिष्ट चटनी बनाना नहीं भूलते। युवाओं में भी यह चटनी काफी लोकप्रिय है। इसके अलावा बुरांश के फूलों का जूस और शरबत भी बनाया जाता है, जो बाजार में आसानी से उपलब्ध रहता है और इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। जहां एक ओर बुरांश के फूल औषधीय दृष्टि से लाभकारी हैं, वहीं दूसरी ओर यह स्थानीय लोगों के लिए अतिरिक्त आय का साधन भी बनते जा रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद कर रहे हैं।

# जिले में बर्फबारी और बारिश से बढ़ी ठिठुरन

## मौसम ने एक बार फिर बदली करवट; तापमान में आई गिरावट, किसानों को मिली राहत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले कुछ दिनों से गर्म चल रहे मौसम ने रविवार को करवट ली और मौसम गर्म से सर्द हो गया। पहाड़ियों पर हिमपात और निचले क्षेत्रों में बारिश ने एक बार फिर से ठिठुरन बढ़ा दी है।

ताजा बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश ने जहां तापमान में गिरावट आई है। वहीं, सूखे की मार झेल रही गेहूं की फसल, हरी सब्जियों व नए रोपे गए पौधों को इस बारिश से राहत मिलने की उम्मीद सी जगी है। जानकारी के अनुसार, मौसम विभाग द्वारा जिले में रविवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया था। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने के साथ पहाड़ों में ताजा बर्फबारी का दौर जारी रहा, जबकि दोपहर बाद जिला मुख्यालय धर्मशाला सहित मैदानी क्षेत्रों में रूक-रूक कर बारिश का दौर जारी रहा। साथ ही ठंडी हवाएं चलीं। इस बारिश के चलते मार्च माह में ही सता रही तपिश भरी धूप से भी लोगों को राहत मिली है। गर्मी के कपड़ों में आए लोगों ने फिर एक बार गर्म कपड़े पहन लिए हैं। रविवार को जिला मुख्यालय धर्मशाला में न्यूनतम तापमान में 0.2 सेल्सियस की गिरावट आई है। धर्मशाला का न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा पालमपुर का 13.0, कांगड़ा का 14.0 जबकि देहरा का न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



बर्फबारी होने के बाद धौलाधार की पहाड़ियों का नजारा। अनंत ज्ञान

मौसम विभाग द्वारा पूर्वानूमान के तहत 19 मार्च तक जिला के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के साथ अधिकांश स्थानों पर हल्की व मध्यम स्तर की बारिश, मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की व मध्यम बारिश जबकि निचले पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की व मध्यम स्तर की बारिश की संभावना जताई गई है।

### बागवानी के लिए वरदान

**बारिश** बागवानी के लिए वरदान मानी जा रही है। हल्की बारिश का क्रम भी अगर जारी रहता है तो इससे फलों की नई पौध के अलावा आम तथा लीची की फ्रूट सेटिंग में काफी मदद मिलेगी। इस बार आम तथा लीची के पेड़ों पर हुई भारी फ्लॉवरिंग से जिलेभर में आम तथा लीची की बंपर पैदावार की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, लंबे ड्राई स्पैल के बाद भी उपयुक्त बारिश न होने से नए बागों को नुकसान तथा फलों की सेटिंग तथा आकार में कमी होने की आशंका बनी हुई थी। बागवानी विभाग धर्मशाला के उपनिदेशक डॉ. अलक्ष पठानिया के अनुसार क्षेत्र में हुई हल्की बारिश के कारण पलम तथा खुमानी जैसे गुठलीदार फलों के अलावा सेब की नई पौध को बहुत लाभ मिला है। वहीं जिले में आम तथा लीची में बढ़िया फ्लॉवरिंग के बाद होने वाली फ्रूट की सेटिंग होने में इस बारिश का लाभ मिलेगा।

### बारिश से चने, मटर और आलू की फसल को फायदा

**मार्च** माह में समय से पहले तेज गर्मी के कारण गेंहू की फसल के लिए बढ़ता हुए तापमान को नुकसानदायक माना जा रहा था तथा नमी का स्तर भी लगातार गिर रहा था। अब बारिश से समय से पहले तापमान तथा नमी के स्तर को लेकर बारिश का लाभ मिला है। जिले में किसानों की खेतों में लगी हुई सब्जियों तथा चने, मटर तथा आलू की फसल को इसका लाभ मिलेगा। कृषि विभाग के धर्मशाला स्थित संयुक्त निदेशक डॉ. राहुल कटोच ने बताया कि गेंहू की फसल को गर्मी के बढ़ने तथा नमी के कम होने से हो रहा नुकसान कम होगा। इसके अलावा जिले में किसानों की खेतों में लगी हुई सब्जियों तथा चने, मटर तथा आलू की फसल को इसका लाभ मिलेगा।

## सीयू में डिजिटल स्टोरी टेलिंग पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, मास कम्युनिकेशन एंड न्यू मीडिया ने पब्लिक मीडिया टेक फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मुख्य अतिथि योगेंद्र चौधरी का हिमाचली टोपी और शॉल भेंटकर स्वागत किया। प्रो. बंसल ने पब्लिक मीडिया टेक फाउंडेशन के ट्रस्टी शलभ उपाध्याय की सराहना करते हुए कहा कि वे युवा डिजिटल क्रिएटर्स को तकनीकी उपकरणों से लैस कर उनकी प्रतिभा को निखारने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि योगेंद्र ने कहा कि नई पीढ़ी की मीडिया और कंटेंट क्रिएशन में असाधारण शक्ति है, जो जमीनी स्तर के व्यक्ति को नई पहचान दिला सकती है और समाज को नई दिशा दे सकती है। वहीं, सुधांशु सिंह भृगुवंशी, मनोज्ञा तिवारी और शशांक सिंह ने डिजिटल कंटेंट निर्माण की बारीकियों पर सत्र प्रस्तुत किए।

### हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा के हर्ष को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## अरला में युवक से 9000 मिलीलीटर शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत अरला में पृथ्वी सिंह निवासी अरला तहसील पालमपुर से 9000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39 (1) ए हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 9450 मामलों का निपटारा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पठानकोट के अध्यक्ष-सह-जिला एवं सत्र न्यायाधीश जतिंदर पाल सिंह खुर्मी के नेतृत्व में पठानकोट कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई। इस लोक अदालत के लिए कुल 10 बेंच गठित की गईं, जिनमें विभिन्न न्यायाधीशों ने मामलों की सुनवाई की। लोक अदालत में कुल 11048 मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 9450 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। इस दौरान 8 करोड़ 4 लाख 7 हजार 441 रुपए के अवॉर्ड पारित किए गए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश खुर्मी ने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से विवाद सुलझते हैं और कोर्ट फीस भी वापस कर दी जाती है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में लाने की अपील की।

### मेडिकल स्टोर में चोरी, सीसीटीवी में आरोपी कैद

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत मोहटली-इंदौरा मार्ग पर स्थित गणपति मेडिकल स्टोर में सुबह करीब 8 बजे एक अज्ञात चोर ने घुसकर तोड़फोड़ की और गल्ले से नकदी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद डमटाल थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण आवासीय वर्ग शुरू

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भाजपा मंडल शाहपुर के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण आवासीय वर्ग का रविवार को सामुदायिक भवन में शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी वीरेंद्र ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा द्वारा की गई। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों के दौरान वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा और भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। संदीप ने भाजपा के इतिहास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम और आज के आईटी व एआई युग में भाजपा के वर्किंग स्टाइल पर विशेष चर्चा की। जिला महामंत्री देवेंद्र कोहली ने कार्यकर्ताओं को वर्किंग के अलग-अलग टिप्स देते हुए अपना विशेष मार्गदर्शन दिया। प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा ने पार्टी कार्य विस्तार के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। इस वर्ग में भाजपा नेता राकेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष मनजीत, सतीश, जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मोनी वाला, जिला महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष अरुणा प्रधान, मंडल उपाध्यक्ष जरासंध, मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता, महामंत्री पूजा और महामंत्री सीमा महाजन सहित संगठन के लगभग सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजनीति से ऊपर खड़ा होगा समाज का नया मंच : आर्य

**अनंत ज्ञान, गरली।** समता आंदोलन हिमाचल-पंजाब के अध्यक्ष और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. के आर आर्य ने कहा कि हिमाचल में जल्द ही एक ऐसा सामाजिक मंच खड़ा किया जाएगा, जो राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर समाज और जनहित के मुद्दों पर काम करेगा। उन्होंने बताया कि मंच का उद्देश्य प्रदेश में सामाजिक समरसता, समान अधिकार और न्याय के मुद्दों को मजबूती से उठाना है। डॉ. आर्य ने कहा कि आरक्षण का आधार जाति नहीं बल्कि आर्थिक स्थिति होना चाहिए, ताकि वास्तव में जरूरतमंद और वंचित परिवार इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती असमानताओं को दूर करने के लिए व्यापक जनजागरण और जागरूकता अभियान आवश्यक हैं। मंच युवाओं को जोड़कर समान अवसर, भाईचारे और सामाजिक न्याय के लिए काम करेगा। डॉ. आर्य ने कहा कि यह मंच राजनीतिक दलों से स्वतंत्र होगा और केवल समाज एवं जनहित को प्राथमिकता देगा।

## घरेलू सिलेंडर तय अंतराल पर मिलेंगे घबराहट में खरीदारी से बचें : डीसी

अनंत ज्ञान

- नई गाइडलाइन जारी
- एजेंसियां को जारी करने होंगे चार्ट रूट

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार की नीति के अनुसार वर्तमान में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की रिफिल जारी करने की अवधि निर्धारित की गई है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल के बाद घरेलू एलपीजी सिलेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि इस स्थिति को देखते हुए घबराहट या अनावश्यक खरीदारी न करें।

गैस एजेंसियों के गोदामों पर भीड़ लगाने या अनावश्यक रूप से वहां जाने से बचें। सभी एलपीजी रिफिल केवल पूर्व बुकिंग के आधार पर जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपनी गैस रिफिल की बुकिंग निर्धारित माध्यमों (ऑनलाइन, मोबाइल ऐप, फोन कॉल आदि) के माध्यम से करें और अपनी बारी का इंतजार करें। जिला प्रशासन तथा गैस एजेंसियां आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। डीसी ने कहा कि गैस वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए सभी गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अगले दो दिनों का 'रूट चार्ट' अनिवार्य रूप से सोशल मीडिया, स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुपों या प्रिंट मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक करें। इससे उपभोक्ताओं को पहले से पता रहेगा कि उनके क्षेत्र में गैस की गाड़ी कब आने वाली है। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय-समय पर गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण जारी रखें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी एजेंसी कालाबाजारी या जमाखोरी में संलिप्त पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जयसिंहपुर हलके में एचआरटीसी बसों बुरे हाल, छात्र परेशान : काली दास

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने कहा कि चंगर धार क्षेत्र में एचआरटीसी बसों की खामी के कारण विद्यार्थियों, कर्मचारियों, बीमार व स्थानीय यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बसें या तो फेल हो जाती हैं या रास्ते में ही खराब हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में धुपकियारा से पालमपुर और पालमपुर से सरिमोलग जाने वाली बसें खराब होने के कारण यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। काली दास ने सरकार की उस नीति की भी आलोचना की, जिसके तहत 1 अप्रैल 2026 से विद्यार्थियों की बस सुविधा बंद कर हिम बस पास बनाने को मजबूर किया जाएगा। इसके लिए लगभग 8.3 लाख विद्यार्थी प्रभावित होंगे और उन्हें प्रति पास 236 रुपए और लोकमित्र केंद्र को प्रोसेसिंग फीस 40 रुपए देने होंगे। उन्होंने कहा कि बहुत से विद्यार्थियों के स्कूल का नाम एचआरटीसी सॉफ्टवेयर में ही नहीं दिखाई दे रहा। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि विद्यार्थियों को बस सुविधा पहले की तरह दी जाए या कर्मचारियों द्वारा स्कूल/कॉलेज में जाकर यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाए, ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

## केवल पठानिया ने सुधेड़ पंचायत के वार्ड 4 में हैंडपंप का किया उद्घाटन



केवल पठानिया ने सुधेड़ पंचायत के शिवनगर में सुनीं जनसमस्याएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रविवार को ग्राम पंचायत सुधेड़ के वार्ड नंबर 4 (डुगला) में लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए की लागत से स्थापित विद्युत संचालित हैंडपंप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस हैंडपंप के शुरू होने से वार्ड नंबर 4 और 5 के करीब 300 लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी।

पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। सड़क, स्वास्थ्य, जल और शिक्षा जैसी सुविधाओं को हर व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पहले विधायक ने पंचायत के शिवनगर में आयोजित जनसमस्या निवारण कार्यक्रम में भाग लेकर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी लगभग 130 समस्याएं उनके समक्ष रखीं। विधायक ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया और अन्य मामलों के लिए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

## आजादी के बाद सड़क से जुड़ा थाथी गांव : किशोरी

### बैजनाथ से मढेढ़ बस सेवा का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



अवैरी पंचायत में नवनिर्मित महिला मंडल भवन का भी किया लोकार्पण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने दूरदराज क्षेत्र के गांव थाथी का दौरा कर निर्माणाधीन सड़क संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार थाथी गांव का सड़क संपर्क मार्ग से जुड़ना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है और इससे शिक्षा, स्वास्थ्य तथा व्यापार को बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क मार्ग को गांव तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस संपर्क मार्ग के बनने से आपातकालीन परिस्थितियों में भी लोगों को राहत मिलेगी और एंबुलेंस सहित अन्य वाहन सीधे गांव तक पहुंच सकेंगे। इससे पहले विधायक किशोरी लाल ने मढेढ़ बस ठहराव पर आयोजित कार्यक्रम में बैजनाथ से नव दुर्गा माता मंदिर मढेढ़ तक चलने वाली नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा से क्षेत्र के लोगों और श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा विधायक ने अवैरी पंचायत के वार्ड नंबर 7 में नवनिर्मित महिला मंडल भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि महिला मंडल ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इस भवन से महिलाओं को अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए बेहतर स्थान मिलेगा।

## भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला में कैंसर मरीज की बंद भोजन नली में सफलतापूर्वक डाला स्टेंट

अनंत ज्ञान

**अरला।** भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला में चिकित्सकों की टीम ने एक 85 वर्षीय कैंसर मरीज की बंद हो चुकी भोजन नली (फूड पाइप) में सफलतापूर्वक स्टेंट डालकर उसे नया जीवन देने का कार्य किया। यह जटिल एंडोस्कोपिक प्रक्रिया रविवार सुबह लगभग सात बजे अस्पताल में सफलतापूर्वक हुई।

85 वर्षीय मरीज दो दिन पहले गंभीर अवस्था में भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। मरीज पिछले लगभग पंद्रह दिनों से न तो भोजन कर पा रहे थे और न ही पानी पी पा रहे थे। लगातार भोजन न करने के कारण उनकी शारीरिक स्थिति काफी कमजोर हो गई थी और उनका लगभग दस किलोग्राम वजन भी कम हो चुका था।

अस्पताल में भर्ती होने के बाद वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा मरीज की एंडोस्कोपी की गई। एंडोस्कोपी जांच में पाया कि मरीज की भोजन नली के पिछले हिस्से में एक अत्यंत बारीक लेकिन गंभीर कैंसर ग्रोथ मौजूद थी, जिसने फूड पाइप को लगभग पूरी तरह से बंद कर दिया था। इसी कारण



मरीज को खाने-पीने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी। स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने एंडोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से भोजन नली में स्टेंट डालने का निर्णय लिया। रविवार सुबह भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम और डॉ. अनिल सिंह की टीम ने संयुक्त रूप से इस जटिल प्रक्रिया को अंजाम दिया। प्रक्रिया के दौरान सावधानीपूर्वक फूड पाइप में एक विशेष स्टेंट डाला गया, जिससे बंद हुई भोजन नली फिर से खुल गई। चिकित्सकों के अनुसार इस प्रक्रिया के बाद लगभग छह घंटे के भीतर मरीज तरल आहार (लिक्विड डाइट) लेना शुरू कर सकते हैं और उसके बाद धीरे-धीरे सेमी-लिक्विड डाइट भी ले सकते हैं। इस सफल प्रक्रिया के बाद मरीज की स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। मैक्स हॉस्पिटल में भी कैंसर का उपचार चल रहा था, लेकिन किसी कारणवश मरीज और उनके परिजनों ने कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी आगे जारी न रखने का निर्णय लिया था। इसके बाद मरीज घर पर ही थे और भोजन नली बंद होने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।

उल्लेखनीय है कि भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इस प्रकार का यह दूसरा सफल स्टेंटिंग ऑपरेशन है। इसके अतिरिक्त अस्पताल में आज एक अन्य कैंसर मरीज, जिसकी भोजन नली कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के बाद स्ट्रिक्चर के कारण संकुचित हो गई थी, का भी डाइलेशन प्रक्रिया के माध्यम से सफल उपचार किया गया। भारद्वाज मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की टीम ने इस सफलता को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## अंपायर्स, स्कोरर्स, मैच रेफरी कम्युनिटी ने पेश की मिसाल

### सबकुछ गंवा चुके एचपीसीए कर्मी को दिया आर्थिक सहयोग




आपदा में रमेश का घर पूरी तरह से नष्ट हो गया था। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की अंपायर्स, स्कोरर्स और मैच रेफरी कम्युनिटी ने मानवता की एक सराहनीय मिसाल पेश की है। प्राकृतिक आपदा में सब कुछ खो चुके एचपीसीए के कर्मचारी रमेश कुमार की मदद के लिए कम्युनिटी के सदस्यों ने मिलकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ के दौरान एचपीसीए के कर्मचारी रमेश कुमार का घर पूरी तरह से नष्ट हो गया था। इस आपदा के बाद वे अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहने को मजबूर हो गए थे। रमेश कुमार की इस कठिन स्थिति को देखते हुए एचपीसीए की अंपायर्स, स्कोरर्स और रेफरी कम्युनिटी आगे आई और संयुक्त प्रयास करते हुए एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए की सहायता राशि एकत्रित कर उन्हें प्रदान की। इस अवसर पर आईसीसी अंपायर वीरेंद्र शर्मा, बीसीसीआई मैच रेफरी शक्ति सिंह, अमित शर्मा, बीसीसीआई अंपायर अमित राणा, वरुण नेगी और एचपीसीए अंपायर नवीन सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

**सौगात** विधायक बोलीं- देहरा विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता

## कमलेश ने किया 3 संपर्क सड़कों का भूमि पूजन

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए विधायक कमलेश ठाकुर ने क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लगभग 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली तीन संपर्क सड़कों का भूमि पूजन किया। उन्होंने पंचायत शेर लोहारा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हरिपुर दोसड़का से भिल्लू नाग मंदिर वाया सनियाला तक बनने वाले संपर्क मार्ग का भूमि पूजन किया।

इस सड़क के निर्माण कार्य पर लगभग 20 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।



विधायक का स्वागत करते लोग व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति से किए जा रहे हैं और क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुदृढ़ रूप से उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विधायक ने एनडीआरएफ के अंतर्गत द्रकाटा-त्रिपल से सधंलाहड सड़क के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया, जिस पर लगभग 10 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। साथ ही ठठर से वाया त्रिपल सड़क के निर्माण कार्य के लिए भी 10 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। इन सड़कों के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को बल मिलेगा।

विधायक कमलेश ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र का संतुलित एवं समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर तथा गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं।

## जवाली विस क्षेत्र में तीन साल में नहीं हुए विकास कार्य : अर्जुन

अनंत ज्ञान

- न्याल गांव में लोगों को दी पीएम मोदी की नीतियों की जानकारी

**जवाली।** जवाली विधानसभा क्षेत्र की हरनोटा पंचायत के न्याल गांव में पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के बारे में लोगों को जानकारी दी।

इससे पहले नियाल गांव के स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं एवं ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि जवाली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष बीतने पर भी एक पैसे का भी विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जवाली में कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार के होने के बावजूद भी जवाली विधानसभा क्षेत्र के किसान लोग फतेहपुर कृषि की सारी सामग्री लाने पर मजबूर हैं। जवाली में कृषि विभाग का कार्यालय नहीं खुलवा पाए। वहीं, भाजपा सरकार में खबल में 5 करोड़ की लागत से बनी काऊ सेंचुरी सरकार के अधीन फेल होते हुए भी नहीं चला पाए। वहीं, प्राइवेट संस्था के हाथों सौंपने से क्षेत्र की लावारिस पशुओं की जैसी स्थिति पहले थी वैसे ही दिख रही है।

उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि आने वाले 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूरा आशीर्वाद देकर विजयी बनाने में पूरा समर्थन करें, जिससे हिमाचल प्रदेश की बिगड़ी हालत को सुधार कर फिर से एक नया प्रदेश लोगों को समर्पित किया जाए। इस अवसर पर खंड प्रभारी मलकीत डंडोच, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता दिनेश निखिल, पूर्व प्रधान रक्षा, पूर्व प्रधान तरसेम, पूर्व उपप्रधान परमजीत, ठाकुर अमर सिंह, कैप्टन रविंदर सिंह, बाबूराम, चौधरी रूपलाल, चौधरी रणवीर सिंह, करनैल सिंह आदि मौजूद रहे।

# साहित्य उत्सव में कवियों-पैनलिस्टों ने साझा की चंबा की सांस्कृतिक विरासत

## तीसरे दिन बच्चों की रचनात्मकता और कवि सम्मेलन ने भरा माहौल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** चंबा साहित्य उत्सव के तृतीय दिवस विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से दिनभर उत्साह और रचनात्मकता का वातावरण बना रहा। बच्चों के लिए रचनात्मक लेखन कार्यशाला, स्थानीय कवि सम्मेलन, चंबा की लोक संस्कृति पर पैनल परिचर्चा तथा हिंदी के भविष्य पर विचार-विमर्श जैसे कार्यक्रमों ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

बच्चों की रचनात्मक लेखन कार्यशाला में आमंत्रित साहित्यकार भावना शेखर व देवकन्या ठाकुर ने बच्चों को रचनात्मक लेखन की बारीकियों से परिचित कराया। कार्यशाला के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता व अभिव्यक्ति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके साथ ही स्थानीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका संचालन किरण कुमार वशिष्ट व युद्धवीर टंडन ने किया। कवि सम्मेलन में विक्रम कौशल, प्रभात राणा, तपेश पुजारी, चंचल सरोलू, राकेश ठाकुर, भूपेंद्र सिंह जस, विमला देवी, डॉ. संतोष कुमार, लीला ठाकुर, महाराज सिंह परदेसी, उत्तम सूर्यवंशी, नेक राम, फिरोज कुमार 'रोज', केवल सिंह भारती, एमआर भाटिया (चम्बा), दिनेश कुमार व शाम अजनबी ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया।

चंबा की लोक संस्कृति एवं साहित्य' विषय पर पैनल परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पद्मश्री विजय शर्मा ने की तथा संचालन डॉ. विद्यासागर शर्मा द्वारा किया गया। इस सत्र दौरान कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी, भी मौजूद रहे। परिचर्चा में डीपी मल्होत्रा, अमीन शेख चिश्ती, प्रकाश भारद्वाज, कुलभूषण उपमन्यु, दुनी चंद, केआर सोनी व कृष्ण राणा ने चंबा की समृद्ध लोक परंपराओं, भाषा और साहित्यिक विरासत पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद साहित्य और युवा मन विषय पर वक्तव्य आयोजित हुए, जिसमें शिवनारायण (पटना) ने हिन्दी भाषा की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल तथा उनकी धर्मपत्नी प्रियंका चौधरी द्वारा सभी साहित्यकारों को चलो चंबा का कैलेंडर तथा प्रकाशकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन वक्तव्य अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा द्वारा प्रस्तुत किया गया।


चंबा साहित्य उत्सव के दौरान उपायुक्त व अन्य। अनंत ज्ञान

## भरमौर और पांगी में हल्की बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, ओपी शर्मा, भरमौर।** चंबा जिले में रविवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक बदलते ही जनजातीय क्षेत्र भरमौर और पांगी के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी शुरू हो गई, जबकि निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। लंबे समय से सूखे जैसी स्थितियों का सामना कर रहे किसानों और बागवानों के लिए यह बदलाव बड़ी राहत साबित हुआ है।

जानकारी के अनुसार, भरमौर के मणिमहेश डल झील, कुगति और जालसू जोत जैसे ऊपरी क्षेत्रों में करीब 6 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है। इससे तापमान गिर गया और पहाड़ियां फिर से सफेद चादर में लिपट गई हैं। वहीं, चंबा के निचले इलाकों में बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। जिले में पिछले तीन महीनों से ड्राई स्पेल बना हुआ था, जिससे खेतों में नमी की कमी और पेयजल संकट पैदा हो गया था। इस बारिश और बर्फबारी से गेहूं, मटर और अन्य फसलों के साथ-साथ बागवानी को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों ने चेताया है कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है।

# विद्यार्थी ही देश का उज्ज्वल भविष्य: नैय्यर

## चंबा कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले विधायक

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है तथा विद्यार्थी देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, कड़ी मेहनत और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि महाविद्यालय चंबा में अब एमबीए, एमसीए, एम कॉम व एमए (समाजशास्त्र) जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इससे अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए विधायक नीरज नैय्यर ने महाविद्यालय को 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

इससे पूर्व विधायक ने डॉ. सुखदेव शर्मा द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय स्वदेश शर्मा की स्मृति में महाविद्यालय के डिजिटल पुस्तकालय को विकसित करने के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। प्राचार्य राकेश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. सुखदेव शर्मा ने इस कार्य के लिए 10 लाख रुपये की राशि प्रदान की है, जिसमें से 5 लाख रुपये पुस्तकें तथा 5 लाख रुपये फर्नीचर के लिए खर्च किए गए हैं। विधायक ने इस सराहनीय पहल के लिए डॉ. सुखदेव शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान प्राचार्य उत्कृष्ट महाविद्यालय चंबा राकेश राठौर ने वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ सहित कई उपस्थित रहे


विधायक होनहारों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

# आपदा राहत कार्यों में साइकिल को मोबिलिटी टूल बनाने की पहल


एचपी एसडीआरएफ के लिए माउंटेन बाइकिंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एचपी एसडीआरएफ) के जवानों ने हाल ही में धर्मशाला से चंबा तक आयोजित दो दिवसीय माउंटेन बाइकिंग एंड्यूरेंस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस पहल का आयोजन साइकिलसर्कल और साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ चंबा द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को एंड्यूरेंस आधारित आउटडोर गतिविधियों से परिचित कराना और पर्वतीय क्षेत्रों में आपदा राहत अभियानों के दौरान माउंटेन साइकिल को एक प्रभावी मोबिलिटी साधन के रूप में उपयोग करने की संभावनाओं को समझना था। प्रशिक्षण राइड की शुरुआत धर्मशाला के पास सकोह स्थित एचपी एसडीआरएफ बटालियन से हुई। पहले दिन टीम ने लगभग 80 किलोमीटर की दूरी तय की और कांगड़ा तथा चंबा जिलों की पहाड़ियों से होते हुए चुवाड़ी खास तक पहुंची। इस चरण में करीब 1,300 मीटर की ऊंचाई की चढ़ाई शामिल थी, जिससे यह निचले हिमालयी क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण एंड्यूरेंस राइड बनी।

दूसरे दिन टीम ने चुवाड़ी से लगभग 2,880 मीटर ऊंचाई वाले जोत दर्रे तक चढ़ाई की और वहां से चंबा शहर के ऐतिहासिक चौगान में राइड का समापन किया। एचपी एसडीआरएफ के एसपी अरिजीत सेन ने भी जवानों के साथ पूरी राइड में भाग लेकर नेतृत्व का उदाहरण पेश किया। यह पहल भविष्य में एसडीआरएफ के भीतर एक प्रशिक्षित साइक्लिंग यूनिट विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## चंबा में 21-22 को माउंटेन बाइकिंग रेस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में 21 और 22 मार्च 2026 को एमटीबी चंबा 2026 माउंटेन बाइकिंग रेस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ चंबा द्वारा जिला प्रशासन के चलो चंबा अभियान के सहयोग से किया जा रहा है, जबकि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम भी इसका समर्थन कर रहा है। यह चंबा जिले में अपनी तरह की पहली समर्पित माउंटेन बाइकिंग रेस होगी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र को साइक्लिंग और आउटडोर खेलों के लिए उभरते गंतव्य के रूप में विकसित करना है। आयोजकों के अनुसार इससे स्थानीय युवाओं और एडवेंचर प्रेमियों में साइक्लिंग के प्रति रुचि बढ़ेगी और माउंटेन बाइकिंग संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस आयोजन के माध्यम से माउंटेन बाइकिंग को ओलंपिक खेल के रूप में भी जागरूकता दी जाएगी और साइक्लिंग को स्वस्थ व टिकाऊ जीवनशैली के रूप में प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में एनएचपीसी चमेरा-II, हिडन हिल्स बाइक कनेक्शन्स और एचपीएसडीआरएफ सहित कई संस्थानों का सहयोग मिल रहा है।

# महिला सशक्तिकरण पर दिया विशेष जोर

## डलहौजी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** सेक्रेड हार्ट सोशल वर्क विंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल के गार्डन विला परिसर में एक प्रेरणादायक और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और समाज में उनके बढ़ते योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सोशल वर्क विंग की समन्वयक सिस्टर अनीता द्वारा सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं के स्वागत से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राधिका चड्ढा ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। सेक्रेड हार्ट सोशल वर्क विंग की महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में मोबाइल फोन के बढ़ते दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए लोगों को जागरूक किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आधुनिक तकनीक का सही और संतुलित उपयोग बेहद आवश्यक है, अन्यथा इसके दुष्प्रभाव समाज के लिए गंभीर चुनौती बन सकते हैं।

मुख्य अतिथि राधिका चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला सशक्त होती है तो उसका परिवार मजबूत बनता है और परिवार की मजबूती से ही समाज सशक्त बनता है। उन्होंने महिलाओं से आत्मविश्वास और संकल्प के साथ आगे बढ़कर समाज में अपनी भूमिका को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सीमा चंदेल, स्कूल की प्रिंसिपल मोली चेरियन, फादर आनंद, बगढार पंचायत की प्रधान सुदेश कुमारी तथा सोशल विंग की कोऑर्डिनेटर सिस्टर अनीता सहित कई गणमान्य लोग और क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं।


डलहौजी में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

## सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** बेरोजगार युवाओं और युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इनवर्ड नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी द्वारा सुरक्षा गार्ड के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एजेंसी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार योग्य और इच्छुक उम्मीदवार 16 से 21 मार्च तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास निर्धारित की गई है। वहीं स्नातक, एनसीसी कैडेट और भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा जिन उम्मीदवारों के पास एक से दो वर्ष का अनुभव है, उन्हें वरीयता दी जाएगी, हालांकि नए उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। शारीरिक मानकों की बात करें तो पुरुष उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है। सीना बिना फुलाए 79 से 81 सेंटीमीटर तथा फुलाकर 84 से 86 सेंटीमीटर होना चाहिए। पुरुष उम्मीदवारों का वजन 50 से 78 किलोग्राम के बीच होना अनिवार्य है।

वहीं महिला उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 157 सेंटीमीटर रखी गई है। महिला और पुरुष दोनों के लिए आयु सीमा 19 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की ओर से रहने और खाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके साथ ही उन्हें 10 से 15 हजार रुपए तक मासिक वेतन तथा वर्दी की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। साक्षात्कार का आयोजन धर्मशाला (कांगड़ा) व चंबा में किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा और आवश्यक दस्तावेज व्हाट्सएप नंबर 78768 07395 पर भेज सकते हैं।

# न्यूज ब्रीफ

### गहरी खाई में गिरी, बाल-बाल बचा चालक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। पंगौला नाले के पास एक कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब डेढ़ सौ फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय वाहन में केवल चालक ही सवार था। गनीमत रही कि चालक को इस दुर्घटना में मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार पंगौला नाले के समीप पहुंची ही थी कि अचानक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कार सड़क से नीचे लुढ़कते हुए गहरी खाई में जा गिरी। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में कार को काफी नुकसान पहुंचा है। वाहन खाई में गिरने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय वाहन में चालक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति सवार नहीं था, अन्यथा नुकसान और बढ़ सकता था।

### पंडोह में हर रविवार को लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** बाबा बालकनाथ मंदिर कमेटी पंडोह द्वारा चैत्र मास के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया जाएगा और प्रत्येक रविवार सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी, रात 7 बजे रात्रि कीर्तन तथा 8 बजे भंडारे का आयोजन होगा। विशेष रूप से 29 मार्च को दोपहर 1 बजे बाबा बालक नाथ जी की भव्य झांकी पंडोह से जरल कॉलोनी तक निकाली जाएगी, जबकि 7 अप्रैल को नेशनल हाईवे पर राजमहल-चावल का विशाल भंडारा रखा गया है। मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित इन कार्यक्रमों में पहुंचकर बाबा बालकनाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।

### बंगोटू में रामनवमी उत्सव की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** सीता राम मंदिर, मोहल्ला बंगोटू में रामनवमी उत्सव को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 19 मार्च से शुरू होने वाले धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रमों में रामायण कथा, अखंड रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, भंडारा, बच्चों की प्रतियोगिताएं और श्रीराम, हनुमान व सीता जन्मोत्सव से जुड़े आयोजन शामिल हैं। निर्धारित किया गया कि रामायण कथा 20 से 26 मार्च तक पंडित जगमोहन शर्मा शास्त्री द्वारा प्रतिदिन रात्रि 8:30 से 10 बजे तक संपन्न होगी। 25 मार्च को सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना के बाद अखंड रामायण पाठ शुरू होगा, जो 26 मार्च तक चलेगा। इसके बाद दोपहर को आरती व ध्वजारोहण व विशाल भंडारा रखा गया है। 26 मार्च की रात्रि बच्चों के लिए रामायण चौपाई पाठ और पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 28 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव, 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव, 4 अप्रैल को खीरपू भंडारा, 25 अप्रैल को सीता जन्मोत्सव और 27 अप्रैल को खीरपू भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता चंद नैय्यर ने की।

### भक्ति को जीवन का आचरण बनाने का संदेश

**अनंत ज्ञान, मुगला (चंबा)।** रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन महात्मा जय लाल जी की अध्यक्षता में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात दूर-दराज के गांवों और कस्बों से पहुंचे श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला और मंगला सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों-महात्माओं ने अपने विचारों और भजनों के माध्यम से सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को संगत के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति बाहरी दिखावे या नाम तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह मनुष्य की भीतर की सजग यात्रा है। इस अवसर पर मंच से संबोधित करते हुए महात्मा जय लाल जी ने कहा कि सच्ची भक्ति तब होती है जब मनुष्य आत्ममंथन करते हुए पहले स्वयं को परखे, अपनी कमियों को सुधारे और हर पल जागरूक जीवन जीने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि अज्ञान में हुई गलती सुधारी जा सकती है, लेकिन जानबूझकर किसी को आहत करना या बहानों और चालाक शब्दों का सहारा लेना भक्ति नहीं है, क्योंकि सच्चे भक्त का स्वभाव मरहम लगाने वाला होता है। उन्होंने आगे कहा कि हर व्यक्ति में निराकार का दर्शन करते हुए सरल और निष्कपट व्यवहार करना तथा ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के बाद सेवा, सुमिरन और सत्संग के माध्यम से इस एहसास को बनाए रखना ही भक्ति का वास्तविक मार्ग है।

## दो अलग-अलग मामलों में केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पहला मामला पुलिस थाना खैरी में पोक्सो एक्ट की धारा 6 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ दुराचार किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है। वहीं दूसरा मामला पुलिस थाना सदर में अभियोग संख्या 50/26 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 409 में दर्ज किया गया है। शिकायत में अंजू बाला के खिलाफ आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2009-10 के दौरान मनरेगा के तहत एक निर्माण कार्य के लिए 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि संबंधित कार्य का वैल्यूएशन सॉइल कंजर्वेशन विभाग द्वारा किया गया था। पुलिस अधीक्षक चम्बा ने बताया कि दोनों मामलों में नियमानुसार जांच प्रक्रिया जारी है और तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# हिमाचल की आवाज को संसद में बुलंद कर रहे हैं हर्ष महाजन: नवनीत चौफला

अनंत ज्ञान

**चंबा।** राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश के पर्यटन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने पर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन की सराहना करते हुए कहा कि संसद के उच्च सदन में प्रदेश के हितों को जिस मजबूती और स्पष्टता के साथ रखा गया है, वह हिमाचल के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है।



चौफला ने कहा कि हाल ही में राज्यसभा में हर्ष महाजन ने हिमाचल प्रदेश के धार्मिक, बौद्ध और एडवेंचर पर्यटन सर्किट को विकसित करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने यह विषय इसलिए रखा क्योंकि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर इससे जुड़ी हुई है। यदि धार्मिक स्थलों, बौद्ध धरोहरों व एडवेंचर गतिविधियों को योजनाबद्ध तरीके से एक पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाता है, तो इससे प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों तक भी आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर पहुंच सकते हैं। चौफला ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र की नाजुक पारिस्थितिकी, हाल के वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाएं, बढ़ता पर्यटन दबाव, ट्रैफिक, कचरा प्रबंधन और अव्यवस्थित निर्माण जैसी चुनौतियों को देखते हुए इन मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना अत्यंत आवश्यक था। यही मुख्य कारण है कि राज्यसभा में हिमाचल के पर्यटन ढांचे को मजबूत करने व संतुलित व सतत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में यदि किसी नेता को वह सबसे अधिक 'धर्ती पुत्र' मानते हैं, तो वह हर्ष महाजन हैं, क्योंकि उन्होंने हमेशा हिमाचल की मिट्टी, संस्कृति व जनता से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से उठाया है। चौफला ने विश्वास जताया कि यदि हिमाचल के पर्यटन व पर्यावरण से जुड़े विषयों को इसी तरह संसद में निरंतर उठाया जाता रहा, तो आने वाले समय में प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र और अधिक सशक्त होगा।

# हिंदू सेवा समिति के चुनाव 12 अप्रैल को

## आम बैठक आयोजित, स्मार्ट मीटर और गृहकर का किया विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** हिंदू सेवा समिति जुलाहकरी/हरदासपुर की आम बैठक रविवार को सामुदायिक भवन हरदासपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय महाजन ने की। बैठक में आगामी 12 अप्रैल 2026 को नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने का निर्णय लिया गया।

चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कुलदीप सिंह जसरोटिया, दीवान चंद ठाकुर, डॉ. डीके सोनी, पीएल ठाकुर और राकेशकांत गुप्ता को चुनाव समिति का सदस्य बनाया गया। बैठक में सभी सदस्यों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक संपर्क समिति का भी गठन किया गया। यह समिति घर-घर जाकर लोगों को चुनाव में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेगी तथा जिन सदस्यों ने किसी कारणवश वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया है, उनसे शुल्क भी एकत्र करेगी। संपर्क समिति में मोहल्ला जुलाहकरी से संजय महाजन, सुभाष पाठक, भवानी दत्त शर्मा, नीरज पुरी को शामिल किया गया। वहीं मोहल्ला हरदासपुर से बुधिया राम, सुभाष महाजन, रोशन लाल शर्मा, भगत बड़ोत्रा और लुद्दू कठन्ना को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा मेला राम शर्मा और तजवीज सिंह पठानिया को भी संपर्क समिति में शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सरकार द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर और गृहकर के माध्यम से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने के प्रयासों का कड़ा विरोध करते हुए इस विषय पर चिंता व्यक्त की और इसे जनहित के खिलाफ बताया।


हिंदू सेवा समिति जुलाहकरी/हरदासपुर की आम बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

# कठोह में प्रगतिशील बागवान राजीव के आदर्श बगीचे का मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया निरीक्षण


मंत्री जगत सिंह नेगी और विधायक सुदर्शन बबलू तथा अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**लठियानी।** हिमाचल प्रदेश के राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने रविवार को कठोह और डुमखर क्षेत्र का दौरा कर शिवा परियोजना के तहत बागवानी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू भी मौजूद रहे। मंत्री ने संतरा उत्पादन, अमरूद बागवानी और मशरूम परियोजनाओं का जायजा लिया और किसानों की मेहनत तथा नवाचार की सराहना की।

मंत्री ने कठोह के सेवानिवृत्त सैनिक एवं प्रगतिशील बागवान राजीव कुमार के सुव्यवस्थित बगीचे का निरीक्षण किया और उन्हें आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने युवाओं को बागवानी और कृषि आधारित स्वरोजगार अपनाने का संदेश दिया और कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने भी राजीव कुमार की मेहनत और दूरदर्शिता की प्रशंसा की और युवाओं को कृषि एवं बागवानी में सक्रिय होकर भविष्य उज्ज्वल बनाने का प्रोत्साहन दिया। राजीव कुमार ने बताया कि सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने बागवानी को मिशन की तरह अपनाया और आधुनिक तकनीकों से इसे आदर्श बगीचा बनाया।

## विहिप की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

**अनंत ज्ञान, अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** विश्व हिन्दू परिषद जिला जोगिंद्रनगर द्वारा रविवार को लडभड़ोल क्षेत्र के प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर दलेड में भड़ोल प्रखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विहिप जोगिंद्रनगर के जिलाध्यक्ष करण कटोच ने की। बैठक की शुरुआत मंदिर के महंत लाल गिरी महाराज के विशेष आशीर्वाद और मार्गदर्शन के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष करण कटोच ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 मार्च से वर्ष प्रतिपदा तक सभी प्रखंडों में 'राम महोत्सव' के कार्यक्रम उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी द्वारा सीता नवमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं 2 अप्रैल को बजरंग दल के कार्यकर्ता हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 'धर्म रक्षा' कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। विहिप ने समस्त हिन्दू समाज से इन धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई नियुक्तियां भी की गईं। जिलाध्यक्ष करण कटोच ने महंत गिरधर गिरी को जिला जोगिंद्रनगर का संत संयोजक नियुक्त किया। इसके साथ ही संजीव शर्मा को प्रखंड भड़ोल का अध्यक्ष, संजीव चौहान को उपाध्यक्ष तथा जसवीर सिंह को प्रखंड सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया। बैठक का समापन मंत्रोच्चारण के साथ महंत लाल गिरी महाराज के आशीर्वाद से हुआ।

# सामरा गांव की बेटी अंजलि शर्मा बनीं गोल्ड मेडलिस्ट, क्षेत्र का बढ़ाया मान

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भरमौर के ग्राम सामरा, डाकघर उरेई, उपमंडल भरमौर की निवासी अंजलि शर्मा (शालिनी) ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंजलि शर्मा, जो सुरेश शर्मा की पत्नी हैं, को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में एमए समाजशास्त्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

अंजलि शर्मा ने अपने विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के कर-कमलों से यह सम्मान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे पैतृक गांव सामरा और भरमौर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनी है। अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए अंजलि शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पति सुरेश शर्मा और पूरे परिवार के निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के प्रोत्साहन और समर्थन के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था। अंजलि शर्मा की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




◆ समाजशास्त्र में जीता स्वर्ण पदक उपराष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**विश्व** के निर्माण में जिसने सबसे अधिक संघर्ष किया है और सबसे अधिक कष्ट उठाए हैं वह मां है।

– हर्ष मोहन

## संपादकीय

### पशु मित्रों को राहत

हिमाचल प्रदेश में पशु मित्र (मल्टी टास्किंग वर्कर) भर्ती के नियमों में किया गया हालिया संशोधन न केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जनभावनाओं और सुरक्षा चिंताओं को अंततः नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पहले इस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को 25 किलो की बोरी उठाकर 100 मीटर दौड़ लगानी पड़ती थी। यह एक ऐसा नियम था जो शारीरिक क्षमता की परीक्षा से अधिक जोखिम भरा साबित हो रहा था। अब इस शर्त को समाप्त कर दिया गया है, जो निश्चित रूप से राहत भरा निर्णय है। मंडी जिले के सरकाघाट में भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक युवती के बोरी उठाकर दौड़ते समय गिरने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। यह मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा और इसके बाद भर्ती प्रक्रिया पर पुनर्विचार शुरू हुआ। उस समय न केवल आम लोगों ने बल्कि विपक्ष ने भी इस नियम को अमानवीय बताते हुए सरकार की कड़ी आलोचना की थी। सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे और अंततः भर्ती प्रक्रिया को रोकना पड़ा।

यह घटना इस बात का प्रमाण है कि जब तक कोई दुर्घटना न हो जाए, तब तक कई बार व्यवस्थाएं अपनी कमियों को स्वीकार नहीं करतीं। यदि समय रहते जोखिम का आकलन किया जाता, तो शायद ऐसी स्थिति ही पैदा नहीं होती। संशोधित नियमों के अनुसार अब पुरुष अभ्यर्थियों को 5 किलोमीटर की दौड़ 30 मिनट में और महिला अभ्यर्थियों को 1500 मीटर की दौड़ 10 मिनट में पूरी करनी होगी। यह शारीरिक फिटनेस की उचित और सुरक्षित कसौटी मानी जा सकती है। पहले 25 किलो वजन उठाकर दौड़ना न केवल कठिन था, बल्कि कई अभ्यर्थियों के लिए खतरनाक भी साबित हो सकता था।

दरअसल, 25 किलो वजन कोई मामूली बोझ नहीं है। पहाड़ी प्रदेश में रहने वाले लोग भले ही श्रमशील होते हैं, लेकिन हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता अलग होती है। भर्ती प्रक्रिया का उद्देश्य योग्य उम्मीदवारों का चयन होना चाहिए, न कि उन्हें जोखिम में डालना। पशु मित्रों का मासिक मानदेय मात्र 5,000 रुपए निर्धारित है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी कम राशि के लिए कोई अपनी जान जोखिम में क्यों डाले? यह नौकरी भी पूर्णकालिक नहीं, बल्कि प्रतिदिन लगभग चार घंटे की पार्ट-टाइम सेवा है और अनुबंध (आउटसोर्स) आधारित है। बेरोजगारी के दबाव में युवा किसी भी अवसर को पकड़ना चाहते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि चयन प्रक्रिया उनकी सुरक्षा की कीमत पर हो। रोजगार देना सराहनीय है, परंतु रोजगार का रास्ता सुरक्षित होना उससे भी अधिक आवश्यक है।

एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि पशु मित्रों के वास्तविक कार्य से इस तरह की परीक्षा का क्या संबंध था? उनका मुख्य दायित्व पशुओं की देखभाल, टीकाकरण में सहयोग, सूचना देना और विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन है। इसमें भारी वजन उठाने या पशुओं को ढोने जैसी जिम्मेदारी शामिल नहीं होती। यदि कार्य का स्वरूप ही ऐसा नहीं है, तो चयन प्रक्रिया में इतनी कठोर शारीरिक कसौटी क्यों रखी गई? भर्ती नियमों को हमेशा कार्य की प्रकृति के अनुरूप होना चाहिए। अन्यथा यह चयन प्रक्रिया के उद्देश्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा देता है।

यह भी सच है कि हालांकि, सरकार ने अंततः अपनी गलती स्वीकार कर उसे सुधारा है। देर से लिया गया सही निर्णय भी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इससे भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। साथ ही यह भी घोषणा की गई है कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही ग्राउंड टेस्ट पास कर लिया है, उन्हें दोबारा शारीरिक परीक्षण नहीं देना पड़ेगा। यह कदम प्रशासनिक न्याय और पारदर्शिता की दिशा में सकारात्मक माना जाएगा। यह मामला केवल एक भर्ती तक सीमित नहीं है। यह उन सभी चयन प्रक्रियाओं के लिए सबक है, जहां नियम बनाते समय जमीनी परिस्थितियों और मानव सुरक्षा की अनदेखी हो जाती है। विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों में, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं दूर-दराज होती हैं, जोखिम भरे परीक्षणों के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। सरकार को चाहिए कि वे किसी भी भर्ती के नियम बनाने से पहले विशेषज्ञों, चिकित्सकों और संबंधित विभागों से परामर्श ले। इससे न केवल प्रक्रिया वैज्ञानिक बनेगी, बल्कि विवाद और दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकेगा। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ



बिपिन रावत
जन्म : 16 मार्च, 1958
मृत्यु : 8 दिसंबर, 2021

**बिपिन** रावत भारत के पहले 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' थे। उन्होंने 31 दिसंबर 2019 को यह पद संभाला था। इससे पहले वे भारतीय थल सेना के 27वें सेनाध्यक्ष रहे और 31 दिसंबर 2016 को उन्होंने सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया था। उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में की गई सर्जिकल स्ट्राइक की योजना तैयार करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। अपने 63 वर्ष के जीवन में उन्होंने भारतीय सेना को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए।

बिपिन रावत का जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में हुआ था। उनके पिता एलएस रावत भी भारतीय सेना में अधिकारी थे और डिप्टी चीफ के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिमला के सेंट एडवर्ड स्कूल और देहरादून के कैम्ब्रियन हॉल स्कूल में प्राप्त की। इसके बाद वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में शामिल हुए।

1978 में उन्हें 11 गोरखा राइफल्स की 5वीं बटालियन में कमीशन मिला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मिशन में भी सेवा दी। उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और सेना पदक सहित कई सम्मान प्राप्त हुए। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर में सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और अन्य सैन्य अधिकारी सवार थे। इस हादसे में उनकी मृत्यु हो गई। देश ने एक साहसी सैनिक और दूरदर्शी सैन्य नेता को खो दिया। ■



कविता

### हिसाब

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राज कुमार कौंडल, गांव व डा. अमरपुर तहसील घुमारवीं, मो. 8679971208

**लाशों** पर बने महलों में क्या चैन से रह पाओगे,
छीनी जो सांसें उनका हिसाब क्या दे पाओगे?
भूख से बिलबिला रहे हैं जो बेबस मजबूरी में,
उन लोगों को कभी अपना मुख दिखा पाओगे?
इंसान है खुदा की बनाई बेशकीमती रचना,
उस कीमत को कैसे सिद्ध कर पाओगे?
कीड़े मकोड़े की तरह मसल देते हो इंसानों को,
उनका इंसान होने का दर्द कब समझ पाओगे?
हर मसला नहीं होता बम गोली बारूद से हल,
इस छोटी सी बात को दिमाग में कब बिठाओगे?
माना की आप जैसी समझ नहीं है हम लोगों की,
इंसा को इंसा समझने की समझ कब लाओगे?
खुदगर्जी में फंसकर मत खेलो होली रक्त की,
रक्त के हर कतरे का हिसाब कैसे दे पाओगे?

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# राजनीति के बदलते स्वरूप और राज्यसभा चुनाव




(फोटो साभार- सोशल मीडिया)

पुराने समय की तुलना में आज की राजनीति की परिभाषा काफी बदल चुकी है। पहले राजनीति सेवा, सिद्धांत और मूल्यों पर आधारित होती थी। जनहित, नैतिकता और आदर्श राजनीतिक जीवन के प्रमुख आधार माने जाते थे। नेता जनता के कल्याण, सामाजिक न्याय और सामूहिक हित के लिए कार्य करते थे। नेताओं की प्रतिष्ठा उनके कार्यों और निष्ठा से मापी जाती थी। समाज में राजनीतिक पद केवल सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक होते थे। सत्ता के लिए सत्ता ही लक्ष्य नहीं होती थी, लेकिन वर्तमान समय में इन आदर्शों से राजनीतिक दलों और नेताओं ने दूरी काफी बढ़ा ली है। आज अधिकांश राजनीतिक दलों का मुख्य उद्देश्य केवल चुनाव जीतना और सत्ता प्राप्त करना रह गया है। इसके पीछे कई कारण हैं। आधुनिक राजनीति में टिकट वितरण, चुनाव प्रचार, विज्ञापन और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए बड़ी धनराशि खर्च करना अब आम हो गया है। इसके चलते राजनीति अब एक कला, रणनीति और सत्ता प्राप्ति के खेल में बदल गई है।

इसी लक्ष्य को पाने के लिए अधिकांश बार प्राचीन भारतीय राजनीति के चतुर्विध सिद्धांत- 'साम, दाम, दंड और भेद' का सहारा लिया जाता है। यह सिद्धांत महान आचार्य चाणक्य ने राज्य संचालन और शत्रु पर विजय प्राप्त करने की रणनीति के रूप में दिया था। साम का अर्थ है सहयोग और मित्रता, दाम का अर्थ है धन या आर्थिक प्रलोभन, दंड का अर्थ है शक्ति और सजा, भेद का अर्थ है रहस्य, चालाकी और छल। इसका उद्देश्य राज्य की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना था, लेकिन आज के राजनीतिक परिदृश्य में इस नीति का प्रयोग करने के मायने ही बदल गए हैं।

परिणामस्वरूप राजनीति में नैतिकता, आदर्शवाद और जनसेवा की भावना धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही है। ऐसे माहौल में लगभग हर राजनीतिक दल अपनी साख बनाए रखने और राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने अथवा धाक जमाने के लिए हर संभव रणनीति अपनाने और जुगाड़बाजी करने में लगा हुआ है। यही कारण है कि आज की राजनीति पहले की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी और जटिल बन गई है। दलों और नेताओं के बीच गठबंधन, विरोध और सहयोग के लगातार बदलते समीकरण जनता के विश्वास पर भी असर डालते हैं।

राजनीति में एक शब्द आता है 'हॉर्स ट्रेडिंग', जिसका जिक्र तब होता है जब राजनीति में कोई बड़ा घटनाक्रम घटित होने वाला होता है। दरअसल 'हॉर्स ट्रेडिंग' एक अवैध या अनैतिक प्रथा है, जिसमें एक पार्टी या नेता अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए विधायकों या अन्य राजनीतिक व्यक्तियों को पैसे, पद, या अन्य लाभों का प्रलोभन देकर उनका समर्थन प्राप्त करता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ मानी जाती है। 'हॉर्स ट्रेडिंग' का शोर ज्यादातर विधानसभा चुनावों में सुनने को मिलता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह शोर अब राज्यसभा चुनाव में भी बखूबी सुनाई दे रहा है।

आजकल दो राज्यों, हरियाणा और ओडिशा में यह शोर काफी सुनाई दे रहा है। यूं तो 16 मार्च को द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव दस राज्यों की 37 सीटों पर होने हैं, लेकिन इन 37 सीटों में से 26 सीटें पहले ही निर्विरोध जीते उम्मीदवारों से भरी जा चुकी हैं, जिनमें 85 वर्षीय एनसीपी संस्थापक शरद पवार, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई-ए) के प्रमुख रामदास अठावले और एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता एम थंबीदुरई तथा हिमाचल प्रदेश से कांग्रेस के अनुराग शर्मा आदि शामिल हैं।

यथार्थ



समरजीत
(स्थानीय संपादक)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यहां मैं हिमाचल प्रदेश का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा। राज्यसभा सांसद चुने गए अनुराग शर्मा, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबी माने जाते हैं। यही नहीं, वह धर्मशाला से भाजपा के विधायक व पूर्व में कांग्रेस से मंत्री रहे सुधीर शर्मा के भी खास हैं। सुधीर शर्मा पहले बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते थे और अनुराग शर्मा भी बैजनाथ के बीड़ क्षेत्र से आते हैं। अनुराग के पिता प्यारे लाल भी स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के करीबी रहे हैं। बड़ी बात यह है कि अनुराग 1994 में एनएसयूआई से जुड़े और उन्होंने आज तक कोई चुनाव नहीं लड़ा था। पहली बार राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरा तो उनके खिलाफ हिमाचल की प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपना उम्मीदवार ही नहीं उतारा, लिहाजा वह निर्विरोध ही राज्यसभा चुनाव जीत गए।

हालांकि, पिछले राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के सालों से विश्वसनीय रहे हर्ष महाजन को अपनी पार्टी ज्वाइन करवाकर चुनावी मैदान में उतारा था। तब उस चुनाव की खास बात यह रही थी कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार थी, लेकिन फिर भी हर्ष महाजन चुनाव जीत गए थे। इसके लिए भाजपा ने विशेष तौर पर 'ऑपरेशन लोटस' चलाया और क्रॉस वोटिंग करवाकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायक-धर्मशाला से सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, बड़सर से इंद्र दत्त लखनपाल, लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर, गगरेट से चैतन्य शर्मा और कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो थे। इसके साथ ही तीन निर्दलीय विधायकों नालागढ़ से केएल ठाकुर, देहरा से होशियार सिंह और हमीरपुर से आशीष शर्मा ने भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट डाला था। इस घटनाक्रम के बाद सभी को भाजपा ने अपने पाले में कर लिया। भाजपा के पास कुल नौ नए रत्न जुड़ गए और कांग्रेस शर्मसार हुई। नतीजा यह रहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को शिकस्त का मुंह देखना पड़ा और भाजपा के हुए हर्ष महाजन के सिर जीत का सेहरा सज गया। तब हिमाचल में जबरदस्त 'हॉर्स ट्रेडिंग' हुई थी। कांग्रेस सरकार गिरने का खतरा तक उत्पन्न हो गया था, लेकिन इस बार कांग्रेस अधिक सतर्क थी। उसने अपने प्रत्याशी के बारे में पत्ते ऐन मौके पर ही खोले और इससे पहले कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के नाम चर्चा में चलते रहे। इस तरह कांग्रेस ने तब की हार का इस बार बड़े दिमागी तौर पर बदला लिया। अब राज्यसभा की शेष बची 11 सीटों- बिहार में पांच, ओडिशा में चार और हरियाणा में दो-के लिए 16 मार्च को मतदान होगा और परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

एक तरफ जहां क्रॉस-वोटिंग के डर से ओडिशा कांग्रेस ने 8 विधायकों को बेंगलुरु भेजा है, वहीं दल-बदल और विधायकों की खरीद-फरोख्त की आशंकाओं के बीच हरियाणा कांग्रेस ने भी अपने 31 विधायकों को शिमला के कुफरी भेजा है। इनमें से कुछ विधायक चायल भी गए।

ओडिशा में चार राज्यसभा सीटों के लिए सियासी सरगर्मी तेज है। राज्य में इस बार कुल पांच उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा ने मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को मैदान में उतारा है, वहीं दिलीप रे को भी भाजपा का समर्थन हासिल है। बीजेडी ने संतृप्त मिश्रा को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने डॉ. दत्तेश्वर मिश्रा का समर्थन किया है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, भाजपा के दो उम्मीदवार और बीजेडी का एक उम्मीदवार आसानी से जीतेंगे। चौथी सीट को लेकर दिलीप रे और दत्तेश्वर मिश्रा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

उधर, हरियाणा की दो राज्यसभा सीटों के लिए भी सियासी मुकाबला तेज हो गया है। इस बार कुल तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने संजय भाटिया को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने कर्मवीर बौद्ध को। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने पर्चा दाखिल कर इस चुनाव को और रोमांचक बना दिया है। नांदल को भाजपा का समर्थन प्राप्त है। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि एक सीट भाजपा के संजय भाटिया के खाते में जाएगी, जबकि दूसरी सीट के लिए कांग्रेस के बौद्ध और निर्दलीय नांदल के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। यानी सीटें जीतने के लिए मारामारी पूरी है।

ऐसे में ओडिशा और हरियाणा के अलावा तीसरे राज्य बिहार में होने वाले राज्यसभा चुनाव की चर्चा भी जरूरी है। बिहार में इस चुनाव के मद्देनजर तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। इस बार राज्य में पांच सीटों के लिए कुल छह उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के अलावा शिवेश कुमार को उतारा है, वहीं जेडीयू ने नीतीश कुमार और रामनाथ ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। एनडीए की ओर से उपेंद्र कुशवाहा भी पांचवें उम्मीदवार के रूप में खड़े हैं। आरजेडी ने इस मुकाबले को और रोमांचक बनाने के लिए अमरेंद्र धारी सिंह को मैदान में उतारा है। हालांकि, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बिहार में इस बार हॉर्स ट्रेडिंग का खतरा नहीं है और चुनाव निष्पक्ष रूप से होगा।

बिहार, हरियाणा और ओडिशा की राजनीति को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि इन राज्यों में राजनीतिक समीकरण कितने जटिल हैं। प्रत्येक राज्य में पार्टी गठबंधन, विधायक संख्या, और मतदाता आधार अलग है। इसके अलावा, नेता और उनके वफादारी परिवर्तन का इतिहास भी चुनाव के परिणामों पर गहरा असर डालता है। राज्यसभा चुनाव केवल उम्मीदवारों की लोकप्रियता या पार्टी शक्ति नहीं, बल्कि दलों की रणनीति, विधायकों की स्थिति और पिछली घटनाओं का भी आईना है। भ्रष्टाचार, क्रॉस वोटिंग, दल-बदल और हॉर्स ट्रेडिंग जैसी घटनाएं केवल चुनाव की प्रक्रिया को ही प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी प्रश्न चिन्ह लगाती हैं। यही कारण है कि हर राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों के प्रति ज्यादा सतर्क और रणनीतिक होता है। यह आधुनिक राजनीति की एक अनिवार्य चुनौती बन चुकी है।

बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि आज की राजनीति में आदर्शवाद और जनसेवा धीरे-धीरे पीछे छूट रहे हैं। सत्ता, प्रभाव और रणनीति का खेल पहले से कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी बन गया है। राज्यसभा और विधानसभा चुनावों में हॉर्स ट्रेडिंग, क्रॉस वोटिंग और दल-बदल जैसी घटनाएं लोकतंत्र की स्थिरता पर असर डाल सकती हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों, नेताओं और आम जनता की जिम्मेदारी है कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें। सिर्फ सत्ता पाने के लिए अनैतिक खेल को बढ़ावा देना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। जनता को जागरूक होकर ऐसे नेताओं का समर्थन करना चाहिए, जो केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि विकास, जनकल्याण और देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करें। यही लोकतंत्र का वास्तविक उद्देश्य और भारतीय राजनीति की सच्ची पहचान है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# लोकप्रियता की दौड़ में खतरे में पड़ते सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्य



केशव शर्मा रसिक
कोटला (घुमारवीं), 9417379327

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज का समय डिजिटल क्रांति का युग है। इंटरनेट और स्मार्टफोन की पहुंच ने पूरी दुनिया को एक छोटे से स्क्रीन में समेट दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और विभिन्न शॉर्ट-वीडियो एप लोगों को अपनी बात रखने, प्रतिभा दिखाने और समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं, परंतु इस सकारात्मक पक्ष के साथ-साथ एक चिंताजनक प्रवृत्ति भी तेजी से सामने आ रही है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फूहड़ और अश्लील कंटेंट का बढ़ता प्रसार। आजकल सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए कुछ लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार दिखाई देते हैं। अधिक लाइक, व्यूज और फॉलोअर्स पाने की होड़ में ऐसे वीडियो और पोस्ट बनाए जा रहे हैं, जिनमें अश्लील भाषा, अभद्र इशारे और फूहड़ हास्य का प्रयोग किया जाता है। दुर्भाग्य से ऐसी सामग्री बहुत तेजी से वायरल भी हो जाती है और लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। सोशल मीडिया पर वायरल होना कई लोगों के लिए सफलता का प्रतीक बन चुका है। कई कंटेंट क्रिएटर यह मानने लगे हैं कि जितना अधिक विवादित या अश्लील कंटेंट होगा, उतनी ही तेजी से वह लोगों का ध्यान आकर्षित करेगा। इसी कारण कुछ लोग जान- बूझकर ऐसे वीडियो बनाते हैं, जिनमें सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है।

शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म पर रील्स और ट्रेंड के नाम पर कई बार ऐसी सामग्री सामने आती है, जो मनोरंजन के बजाय फूहड़ता और अश्लीलता को बढ़ावा देती है। कुछ लोग इसे कॉमेडी या एंटरटेनमेंट का नाम देते हैं, लेकिन वास्तव में यह समाज में असभ्यता और गलत संदेश फैलाने का माध्यम बन रहा है।

सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ती इस अश्लीलता का सबसे अधिक प्रभाव किशोरों और युवाओं पर पड़ रहा है। कम उम्र में जब बच्चे इस तरह की सामग्री देखते हैं तो उनके मानसिक विकास और सोच पर इसका असर पड़ सकता है।




विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार अश्लील और फूहड़ सामग्री देखने से युवाओं के व्यवहार में असंवेदनशीलता और असभ्यता बढ़ सकती है। इससे महिलाओं के प्रति गलत दृष्टिकोण विकसित होने का खतरा भी रहता है। कई बार युवा ऐसे कंटेंट की नकल करते हुए स्वयं भी इसी प्रकार के वीडियो बनाने लगते हैं, जिससे यह समस्या और तेजी से फैलती जाती है। भारतीय समाज अपनी संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, परंतु सोशल मीडिया पर बढ़ती फूहड़ता इन मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। जब अश्लील संवाद, अभद्र इशारे और आपत्तिजनक मजाक को मनोरंजन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो धीरे-धीरे समाज में इन चीजों को सामान्य मानने की प्रवृत्ति बढ़ने लगती है। यह स्थिति न केवल सामाजिक वातावरण को प्रभावित करती है, बल्कि युवा पीढ़ी के संस्कारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है।

भारत में ऑनलाइन अश्लीलता और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) के तहत कई कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। इसके अनुसार इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अश्लील सामग्री का प्रसारण करना दंडनीय अपराध है और इसके लिए कारावास तथा जुर्माने का प्रावधान भी है।

इसके अलावा सरकार समय-समय पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश देती रही है कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक और अवैध सामग्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इसके बावजूद समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाई है, क्योंकि हर दिन हजारों नए वीडियो और पोस्ट अपलोड होते रहते हैं।

वास्तव में इस गंभीर होती समस्या का समाधान केवल सरकारी कार्रवाई से संभव नहीं है, बल्कि अभिभावकों को बच्चों को इंटरनेट के सही उपयोग के बारे में जागरूक करना चाहिए और उनकी ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। साथ ही सभी को मिलकर सोशल मीडिया को जिम्मेदार और सकारात्मक मंच बनाने का प्रयास करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गैस सिलेंडर रिफिलिंग अवधि पर पुनः विचार होना चाहिए



मनीष कुमार
स्वतंत्र लेखक, जयसिंहपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पिछले कुछ वर्षों में भारत में रसोई ईंधन के रूप में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस यानी एलपीजी को एक बेहतर, स्वच्छ और सुविधाजनक विकल्प के रूप में व्यापक प्रोत्साहन मिला है। एक समय था जब ग्रामीण भारत की रसोई में लकड़ी और कोयला ही मुख्य ईंधन हुआ करते थे, किंतु इनसे निकलने वाला धुआं स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक होता था। इसी पृष्ठभूमि में सरकार ने लोगों को स्वच्छ ईंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया और गैस कनेक्शन को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया।

सरकारी तेल कंपनियों-जैसे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पैट्रोलियम और हिंदुस्तान पैट्रोलियम के माध्यम से गैस वितरण नेटवर्क को लगातार विस्तारित किया गया। सब्सिडी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए पहल लागू की गई, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। इन योजनाओं का उद्देश्य स्पष्ट था-ग्रामीण भारत को धुएं से मुक्त रसोई और आधुनिक जीवनशैली की ओर ले जाना। आज इन प्रयासों का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। आज ग्रामीण परिवेश में भी बड़ी संख्या में लोग एलपीजी को ही प्राथमिक ईंधन के रूप में उपयोग कर रहे हैं। कई परिवारों ने लकड़ी और पारंपरिक चूल्हों का उपयोग लगभग छोड़ दिया है। ग्रामीण समाज में भी अब बड़ी संख्या में लोग नौकरीपेशा हैं या अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में रोज जंगल जाकर लकड़ी लाना न तो व्यावहारिक है और न ही संभव। लोगों ने स्वच्छ और आधुनिक रसोई की आदत अपना ली है, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए सकारात्मक बदलाव है।

हालांकि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों ने इस व्यवस्था के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। मध्य-पूर्व क्षेत्र में चल रहे तनाव और युद्ध जैसे हालातों का असर ऊर्जा आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में देश के कई ग्रामीण क्षेत्रों से यह जानकारी सामने आ रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर की रिफिलिंग लगभग 45 दिनों के अंतराल से हो रही है। जबकि सामान्य परिस्थितियों में एक परिवार के लिए एक सिलेंडर को इतने लंबे समय तक चलाना आसान नहीं होता, विशेषकर तब जब रसोई पूरी तरह एलपीजी पर निर्भर हो चुकी हो।



हालांकि बहुत सी जगहों पर ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम में तकनीकी समस्या, डिलीवरी में देरी या अफवाहों के कारण अचानक ज्यादा बुकिंग की वजह से एजेंसियों पर भीड़ और सिलेंडर की कमी जैसी स्थिति दिखाई दे रही है, किंतु सरकार का कहना है कि वास्तविक कमी नहीं है, बल्कि मांग अचानक बढ़ने से अस्थायी परेशानी हो रही है। भारत में एलपीजी का पर्याप्त भंडार मौजूद है और घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। हाल ही में सरकार ने गैस बुकिंग नियमों में बदलाव करते हुए सिलेंडर दोबारा बुक करने की अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है, जिसका उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाना बताया गया है। हालांकि ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सिलेंडर को 45 दिन तक चलाना आसान नहीं होता, विशेषकर उन परिवारों में जहां सदस्यों की संख्या अधिक है। कई लोगों का मानना है कि बुकिंग की अवधि 30 दिन तक करना अधिक व्यावहारिक होगा। ऐसे में सरकार को ग्रामीण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए गैस आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि स्वच्छ ईंधन अपनाने वाले परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्राचीन शिव मंदिर महादेव में जागरण 18 को

**अनंत ज्ञान,भीम बसेडू, राजपूत, महादेव।** हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर महादेव में 18 मार्च को बाबा श्याम का दरबार सजेगा। बाबा श्याम जागरण कमेटी महादेव के अनुसार शिव मंदिर महादेव के परिसर में 18 मार्च को दोपहर एक बजे धार्मिक यात्रा निकाली जाएगी।सांय साढ़े छह बजे श्याम बाबा दरबार स्थापन किया जाएगा। आरती रात्रि 7 बजे होगी और भजन संध्या रात्रि 7:30 बजे से आरंभ होगी, जिसमें कोटा राजस्थान से भजन गायक श्याम सलोना खासतौर पर शिरकत करेंगे। उक्त जागरण कमेटी ने श्रद्धालुओं से पुरजोर अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वयं को धन्य बनाएं तथा रात ग्यारह बजे बाबा का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाएं।

### बारिश से बदला मौसम, किसानों को राहत

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में रविवार तड़के तेज हवाएं चलने से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। पिछले कुछ दिनों से मौसम गर्म बना हुआ था, लेकिन ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट महसूस की गई। सुबह होते-होते आसमान में काले बादल घिर आए और गरज के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे मौसम काफी ठंडा व सुहावना हो गया। मौसम सुहावना होते ही किसानों सहित आम लोगों ने राहत की सांस ली। किसानों का कहना है कि बारिश से फसलों को भी लाभ मिलेगा और मौसम ठंडा होने से कामकाज में भी आसानी रहेगी।

### घासनी में लगी आग से वन संपदा राख

**अनंत ज्ञान, महादेव।** जंगल से जुड़े हल्की ऊंचाई वाले घासनी क्षेत्र बडेरन एवं खमारडा में बीती रात आग के फैलने से कुछ हद तक वन संपदा भी चपेट में आ गई। मिली सूचना के मुताबिक किसी ने घासनी क्षेत्रों में आग लगा दी, जिससे निकट ही वन संपदा भी चपेट में आने से कुछ हद तक प्रभावित हुई बताई जाती है। फायर सीजन की यह पहली जंगल के झुलसने की घटना बताई जा रही है। आगे और क्या गुल खिलेंगे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### रिवालसर में हुई भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की परिचय बैठक

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की परिचय बैठक पार्टी कार्यालय रिवालसर देहरीगलू में आयोजित की गई। बैठक में बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रकोष्ठ से जुड़े सदस्यों ने अपना परिचय दिया तथा संगठन को मजबूत बनाने और पूर्व कर्मचारियों को पार्टी की गतिविधियों से जोड़ने पर चर्चा की गई। इस परिचय बैठक के प्रभारी प्रदेश सह-संयोजक जीएल वर्मा, मंडी संयोजक हरिश्चंद्र और यादवेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त रिवालसर मंडल के संयोजक बलदेव ठाकुर, बल्ह मंडल के संयोजक रमेश सैनी, तथा बल्ह के दोनों मंडलों के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर और राजेंद्र राणा भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश आईटी सेल के प्रभारी कमलेश शर्मा, मंडल सचिव नीलम शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष किरण शर्मा और मंडल कोषाध्यक्ष यशपाल ठाकुर सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने तथा पूर्व कर्मचारियों को भाजपा की नीतियों से जोड़ने पर विचार-विमर्श किया गया।

### जीप ऑपरेटर यूनियन की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** नैना जीप ऑपरेटर यूनियन रिवालसर के चुनाव संपन्न हो गए हैं, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया के बाद यूनियन के संचालन को नए सिरे से व्यवस्थित रूप दिया गया है। नई कार्यकारिणी में लीलाधर शर्मा को प्रधान चुना गया है, जबकि युवराज सिंह को उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पंकज कुमार को सचिव तथा दिनेश कुमार को कैशियर नियुक्त किया गया है। वहीं, यूनियन में एक नया पद मुख्य सलाहकार के रूप में जोड़ा गया है, जिस पर पूर्व प्रधान इंद्रपाल को नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही सभी पदाधिकारियों ने यूनियन के बेहतर संचालन और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की गई कि यूनियन आगे भी निरंतर प्रगति करती रहेगी और सदस्यों के हितों के लिए कार्य करती रहेगी।

# छोटा भंगाल और चौहार घाटी में बस सेवा चरमराई, लोगों में रोष

## बीच रास्ते से लौट रहीं सरकारी बसें, निजी बसें बुकिंग में व्यस्त

अनंत ज्ञान




**रूपी ठाकुर, बरोट।** प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में परिवहन सुविधा देने का दावा करने वाला हिमाचल पथ परिवहन निगम छोटा भंगाल और चौहार घाटी में यात्रियों को सुचारु बस सेवा देने में नाकाम साबित हो रहा है। दोनों घाटियों में सरकारी और निजी बसों के कई रूट होने के बावजूद लोगों को नियमित बस सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में निगम और निजी बस संचालकों के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार छोटा भंगाल घाटी के मुल्थान–बड़ा ग्रां और मुल्थान–लोहारडी बस मार्गों पर बस सेवा अव्यवस्थित है। मुल्थान–बड़ा ग्रां मार्ग पर सुबह के समय जोगिंदरनगर डिपो की एक सरकारी बस और दो निजी बसें चलती हैं, लेकिन सरकारी बस अक्सर बड़ा ग्रां तक जाने के बजाय सोलह किलोमीटर पहले मुल्थान से ही लौट जाती है।

वहीं, निजी बसें भी कार्यक्रमों में बुक होने के कारण कई–कई दिन तक मार्ग से गायब रहती हैं, जिससे बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, धरमान और मुल्थान पंचायतों के लोगों को अतिरिक्त किराया देकर टैक्सी के सहारे सफर करना पड़ रहा है। मुल्थान–लोहारडी मार्ग पर एक सरकारी और तीन निजी बसें चलती हैं, लेकिन उनकी अनियमितता से छोटा भंगाल के साथ चौहार घाटी की धमच्याण, लटराण, तरस्वाण, वरधाण, लपास, बरोट और खलैहल पंचायतों के लोग भी परेशान हैं।

वहीं, बरोट–मियोट मार्ग पर वर्ष 2017 से 2025 तक चलने वाली सरकारी बस सेवा भी बंद कर दी गई है और अब एक ही बस चल रही है, जो अक्सर बुकिंग के कारण कई दिनों तक मार्ग पर नहीं आती। खलैहल पंचायत के भागमल, बड़ा ग्रां पंचायत की प्रधान चंद्रमणी, कोठी कोहड़ पंचायत की रक्षा देवी, धरमान पंचायत की रेखा, मुल्थान की दुर्गेश कुमारी, लोआई पंचायत के सुरिंद्र कुमार, स्वाड़ की गुड्डी देवी और पोलिंग की शालू देवी ने सरकार और पथ परिवहन निगम से दुर्गम घाटियों में नियमित बस सेवा बहाल करने की मांग की है।

# स्व. रांझा राम राव वेलफेयर सोसायटी का 9वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सफल

अनंत ज्ञान


शिविर के दौरान उपस्थित बहु-विशेषज्ञ व लोग। अनंत ज्ञान

◆ शिविर में 820 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा


**सरकाघाट।** स्वर्गीय रांझा राम राव वेलफेयर सोसायटी द्वारा बारी गांव में आयोजित 9वां निःशुल्क बहु–विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में कुल 820 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह और संतोष देखने को मिला। शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं और निःशुल्क दवाइयों का लाभ मिला।

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने बताया कि उनके दादा स्वर्गीय रांझा राम जी जीवनभर समाजसेवा में अग्रणी रहे। उन्होंने निर्धन बेटियों के विवाह, जरूरतमंदों की सहायता और समाज कल्याण के कार्यों में योगदान दिया। उनकी स्मृति में यह सेवा कार्य आज भी सोसायटी के माध्यम से लगातार जारी है। डॉ. राहुल राव ने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है और इसी प्रेरणा से वे अपने दादा की सेवा भावना को जीवित रखते हुए समाजसेवा में लगे हैं। शिविर में आईजीएमसी के आंख रोग, मेडिसिन और हड्डी रोग विशेषज्ञ ने लोगों की जांच की। मरीजों के खून, सुगर, ईसीजी और अन्य टेस्ट मुफ्त किए गए। इसके अलावा सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जिन लोगों को चश्मे की आवश्यकता थी, उनके लिए जल्द ही अलग वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा।

सोसायटी ने सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों और क्षेत्रवासियों जैसे देव राज, कमलेश, विद्यासागर, अवतार सिंह, पुनु राम, जोगिंद्र सिंह, रत्न चंद, रूबल, अंशुल, कुंजु राम, मनोज योगी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रांझा राम मेमोरियल के सदस्य अनिल शर्मा, अखिल गुप्ता, सचिन वर्मा, देवेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, अतुल कुमार, साहिल कुमार, सिर्तेंद्र शर्मा, बलवन्त सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सोसायटी ने भविष्य में भी ऐसे समाज सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# प्लासड़ा गांव का जितेंद्र कुमार भारतीय सेना में बना लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान


लेफ्टिनेंट जितेंद्र कुमार अपने परिजनों के साथ।

**सरकाघाट।** मंडी जिले की सरकाघाट तहसील के प्लासड़ा गांव के निवासी जितेंद्र कुमार भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। जितेंद्र कुमार की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी सुंदरनगर से हुई तथा स्नातक की डिग्री उन्होंने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडी से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने सीडीएस का एग्जाम दिया और सेना में लेफ्टिनेंट बने। तत्पश्चात उन्होंने ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जितेंद्र कुमार के पिता शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हैं और उनकी माता गृहणी हैं। जितेंद्र की इस सफलता से पूरे प्लासड़ा गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। गांव के लोगों का कहना है कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है और इससे गांव का नाम भी रोशन हुआ है।

# बल्ह घाटी की निशा ठाकुर बनीं हिमाचल अचीवर




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बल्ह घाटी के बड़सू गांव की निशा ठाकुर को उनके बेहतरीन सामाजिक कार्यों के लिए गेयटी थियेटर शिमला में डी डॉलफिन द्वारा हिमाचल अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। निशा ठाकुर बरोट स्कूल में हिंदी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। वह ऑनलाइन शिक्षण के कार्य के साथ युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

उनका कहना है कि सामाजिक कुरीतियों को समाप्त तभी किया जा सकता है, जब समाज में सभी लोग एकजुट होकर काम करेंगे। वर्तमान समय में युवाओं को नशे से बचाना बेहद जरूरी है। यह आज समय की मांग भी है। उन्होंने कोरोना काल में बच्चों को ऑनलाइन शिक्षण यूट्यूब के माध्यम से सबसे पहले पहले हिंदी भाषा का शिक्षण करवाकर शिक्षा जगत में अपनी अहम पहचान बनाई थी। आज भी ऑनलाइन शिक्षण के साथ–साथ समाज हित में विभिन्न कार्य करती हैं। निशा को उनके द्वारा समाज हित में किए जा रहे नेक कार्यों के लिए उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया।

# पंडोह में डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति ने संभाला बीएसएल स्कूल का कार्यभार

अनंत ज्ञान

◆ 18 मार्च को वैदिक यज्ञ के साथ होगा औपचारिक शुभारंभ

**ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति, नई दिल्ली ने पंडोह स्थित बीएसएल स्कूल का कार्यभार विधिवत संभाल लिया है। अब यह संस्थान डीएवी पब्लिक स्कूल बीएसएल पंडोह के नाम से संचालित होगा। इस फैसले से स्थानीय क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में खुशी का माहौल है।

इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ पंडोह के आसपास के गांवों और कस्बों के विद्यार्थियों को मिलेगा। अब उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए दूर–दराज के स्कूलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही उन छात्र–छात्राओं को भी राहत मिलेगी, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 20–25 किलोमीटर दूर डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर मंडी जाना पड़ता था। डीएवी संस्था आधुनिक शिक्षा के साथ उच्च नैतिक मूल्यों और संस्कारों के लिए जानी जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निर्धारित मानकों और कौशल विकास पर भी विद्यालय में विशेष ध्यान दिया जाएगा।

विद्यालय के शुभारंभ के उपलक्ष्य में 18 मार्च को डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष जस्टिस प्रीतम पाल पंडोह पहुंचेंगे। उनके करकमलों से विद्यालय परिसर में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यालय की उन्नति और नए शैक्षणिक सत्र की सफलता के लिए प्रार्थना की जाएगी।

इस संबंध में एआरओ डीएवी जोन–सी व प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने बताया कि डीएवी की शिक्षा पद्धति संस्कारों और आधुनिकता का अनूठा संगम है। विद्यालय में नर्सरी से नौवीं कक्षा तक प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

# बड़गांव में महिलाओं को दिए औषधीय पौधों के टिप्स

अनंत ज्ञान


कार्यशाला में उपस्थित महिलाएं। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी द्वारा अश्वगंधा परियोजना के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं व किसानों में औषधीय पौधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़गांव (बिर टुंगल) में महिला किसानों व महिला मंडल सदस्यों के लिए अश्वगंधा तथा स्थानीय खाद्य पौधों पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

यह कार्यक्रम रोटरी क्लब मंडी के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 60 लोगों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन सेवानिवृत्त सूबेदार करम सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में नेरचौक अस्पताल के सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमओ) डॉ. जीवानंद मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि रोटरी क्लब मंडी के अध्यक्ष कौशलेश कपूर और रोटेरियन कुशल ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्यातिथि डॉ. जीवानंद ने अपने संबोधन में स्वस्थ जीवनशैली, एनीमिया के प्रति जागरूकता, स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान तथा सामान्य बीमारियों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब मंडी के अध्यक्ष कौशलेश कपूर ने स्मार्ट मीटर से जुड़े भ्रमों को दूर करते हुए लोगों को जागरूक किया। वहीं रोटेरियन कुशल ठाकुर ने रोटरी क्लब की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों व परियोजनाओं की जानकारी देते हुए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

परियोजना की मुख्य अन्वेषक डॉ. तारा देवी सेन ठाकुर ने महिलाओं व किसानों को अश्वगंधा के औषधीय गुणों, इसकी खेती की विधि, विपणन संभावनाओं, उपयोग तथा सेवन की उचित मात्रा के बारे में जानकारी दी। साथ ही क्षेत्र में पाए जाने वाले अन्य स्थानीय खाद्य व औषधीय पौधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्यों को एक पुस्तक भी भेंट की गई।

इस अवसर पर महिला मंडल की प्रधान चम्पा देवी, किरणा देवी, डिम्पल ठाकुर सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया। अंत में सेवानिवृत्त सूबेदार करम सिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं को अश्वगंधा जागरूकता किट तथा अश्वगंधा के पौधे वितरित किए गए।

# राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता से युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच : जम्वाल

अनंत ज्ञान



सम्मानित प्रतिभागी सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के बीबीएमबी मैदान में आयोजित चौथी एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कर्नल संजय वर्मा (सेवानिवृत्त) उपाध्यक्ष एचपीएए, महासचिव रघुनाथ राणा, भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और महासचिव नरेश वर्मा भी उपस्थित रहे।

जम्वाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का बड़ा मंच प्रदान करती हैं। हिमाचल प्रदेश प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भूमि है और यहां के युवा लगातार खेलों में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार खेलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। खेलो इंडिया नीति–2025 के तहत खेल अवसंरचना को मजबूत करने के साथ खिलाड़ियों की पहचान और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जम्वाल ने बताया कि खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में 18 केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां करीब 280 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

# सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य को दें प्राथमिकता : रमेश

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता व सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रमेश ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सुरक्षा, सुविधा, सेहत और शिक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने 15 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री द्वारा सरकाघाट में की गई घोषणाओं को वर्ष 2026 में ही अमल में लाने के लिए स्थानीय स्तर पर संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने कहा कि सात माह बीत जाने के बावजूद इन घोषणाओं को लागू करने के लिए कोई ठोस रणनीति सामने नहीं आई है, जबकि मुख्यमंत्री की घोषणाएं अपने आप में अधिसूचना के समान होती हैं और इन्हें लागू करने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। रमेश ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सरकाघाट में विकास कार्यों को गति देने के लिए स्थानीय विधायक, पूर्व प्रत्याशियों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापार मंडल, पूर्व सैनिक संगठनों, पेंशनर संगठनों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शामिल कर 25 सदस्यीय समिति का गठन किया जाए, जो योजनाओं को धरातल पर उतारने की रूपरेखा तैयार करे।

उन्होंने कहा कि वह सरकार और प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने को तैयार हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि क्षेत्र में पार्किंग, बस अड्डा, दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए सुविधाएं तथा बेहतर आधारभूत ढांचा विकसित किया जाए और सरकाघाट को जिला बनाकर यहां चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने पर भी विचार किया जाए।

# मंडी में प्रयोगशाला तकनीशियनों की आमसभा में उठीं कई मांगें

अनंत ज्ञान


चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन संघ के पदाधिकारी आमसभा में भाग लेने के दौरान सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय चिकित्सालय मंडी में अखिल भारतीय चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन संघ, इकाई हिमाचल प्रदेश द्वारा आमसभा का आयोजन किया गया, जिसकी व्यवस्था का दायित्व जिला मंडी के प्रधान अमरजीत शर्मा ने संभाला और सभा राज्य अध्यक्ष राजन भीमटा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में राजन भीमटा (राज्य अध्यक्ष), यशवंत कुमार (राज्य महासचिव), पंकज (राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष), रविंद्र (राज्य वित्त सचिव), एसएस राणा (राज्य मुख्य सलाहकार) तथा अमरजीत (राज्य विधिक सलाहकार) सहित प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालय इकाइयों और जिला इकाइयों से आए प्रयोगशाला तकनीशियन उपस्थित रहे। आम सभा में विभिन्न जिलों तथा चिकित्सा महाविद्यालयों से आए तकनीशियनों ने अपनी–अपनी मांगें प्रस्तुत कीं।

राज्य इकाई ने सदस्यों को अवगत कराया कि उनकी सभी मांगें पहले ही सरकार के समक्ष रखी जा चुकी हैं और उम्मीद है कि सरकार शीघ्र ही इन मांगों को पूरा करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से राज्य इकाई के कार्यकाल को दो वर्षों के लिए बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया, जिसके लिए राज्य इकाई ने आम सभा का आभार व्यक्त किया।

सभा में प्रमुख रूप से चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियनों के लिए सुव्यवस्थित पदोन्नति व्यवस्था लागू करने, मुख्य प्रयोगशाला तकनीशियन और चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन श्रेणी–एक के पदों की संख्या बढ़ाने, अध्ययन अवकाश के दौरान पूर्ण वेतन देने, कनिष्ठ जैव रसायनविद और वरिष्ठ जैव रसायनविद के रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा वेतन संबंधी विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई गई।

# ज्योर पंचायत गठन पर ग्रामीणों ने जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल की जाम्बला पंचायत से अलग होकर बनी नई ज्योर पंचायत के गठन पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी खुशी को साझा करने और आभार व्यक्त करने के लिए रविवार को जाम्बला पंचायत की प्रधान उर्मिला और उपप्रधान मलागर राम की अगुवाई में ज्योर और जाम्बला क्षेत्र के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सुंदरनगर स्थित कार्यालय में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर से मिला।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा नई पंचायत ज्योर के गठन की स्वीकृति देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि ज्योर क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से अलग पंचायत के गठन की मांग चली आ रही थी। उन्होंने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के समक्ष रखा, जिसे ध्यान में रखते हुए परिणामस्वरूप अब ज्योर पंचायत का गठन संभव हो पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, पंचायतीराज मंत्री का क्षेत्र की जनता की तरफ से धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनके सुझाव और मांग को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर नई पंचायत ज्योर का गठन किया।

सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि निश्चित रूप से नई पंचायत ज्योर बनने से क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी और ग्रामीणों को प्रशासनिक सुविधाएं भी पहले से अधिक सुलभ होंगी।

**विरासत** सफल आयोजन के लिए युवा देवलुओं को समितियों से जोड़ा

# सुकेत देवता मेले की युवाओं को सौंपी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान


युवा कमेटी के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

◆ युवाओं की ऊर्जा और सहभागिता से आयोजन को सफल बनाने की तैयारी

**सुंदरनगर।** सुकेत सर्व देवता समिति की बैठक विश्राम गृह सुंदरनगर में प्रधान डॉ. अभिषेक सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आगामी राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले की व्यवस्थाओं को अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के लिए युवा देवलुओं को समिति के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि युवाओं की ऊर्जा और सहभागिता से आयोजन को और अधिक सफल बनाया जा सके। इस दौरान नए सदस्यों को समिति की विभिन्न उपसमितियों के साथ कार्य करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

बैठक में समिति के पदाधिकारियों में उपप्रधान देवकीनंदन, आचार्य रोशन, प्रेम पुजारी, सचिव जय राम सहित सदस्य रामदास, श्यामलाल, रूपलाल, युधिष्ठिर, तिलक राज, धनदेव, रमेश और नानक चंद उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त युवा देवलुओं के रूप में प्रियांशु, आयुष, रिजुल, आयुष गालव, सौर्य, कशिश, अंकुश, नकुल और प्रदीप मिन्हास को सुकेत सर्व देवता समिति की उपसमितियों में शामिल किया गया। प्रधान डॉ. अभिषेक सोनी ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सुकेत देवता मेला को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने में मदद मिलेगी।

# लाहौल की बेटी तेंजिन डोलमा भारतीय टीम में चयनित

## एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया चयन, 'इंडियाज अल्ट्रा मैराथन मॉम' के रूप में जानी जाती है तेंजिन

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला लाहुल स्पीति से संबंध रखने वाली और वर्तमान में मनाली में रह रही तेंजिन डोल्मा का चयन भारतीय टीम में एशियन ओशिनिया चैंपियनशिप के लिए हुआ है। तेंजिन 23 व 24 मई को जापान के हिरोसाकी में होने वाली प्रतिष्ठित आईएयू 24-घंटे एशियन ओशिनिया चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया ने उनके नाम पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। तेंजिन डोल्मा की कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुंचाया है। सनद रहे कि तेंजिन हिमाचल प्रदेश की एक प्रसिद्ध भारतीय अल्ट्रा मैराथन धावक हैं, जिन्हें 'इंडियाज अल्ट्रा मैराथन मॉम' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 30 वर्ष की उम्र में दौड़ना शुरू किया और 2025 में 100 किमी की एशिया-ओशिनिया चैंपियनशिप में रजत पदक सहित कई उच्च-ऊंचाई वाली दौड़ों में जीत हासिल की है।

### दो बच्चों की मां है तेंजिन

**स्पीति** घाटी से ताल्लुक रखने वाली 37-38 वर्षीय तेनजिन का विवाह 15 वर्ष की कम उम्र में हो गया था और 19 साल की उम्र तक वह दो बच्चों की मां बन चुकी थीं। बावजूद इसके जो मन में इच्छा थी कुछ अलग करने की वह जिंदा रखी व आज इस मुकाम पर पहुंची हैं।



### कब की दौड़ की शुरुआत

2017 में लद्दाख हाफ मैराथन में बिना किसी पूर्व प्रशिक्षण के हिस्सा लेकर उन्होंने अपने एथलेटिक करियर की शुरुआत की थी। तेंजिन ने सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी), स्नो मैराथन लाहौल, और सोलांग स्काई अल्ट्रा (100 किमी) सहित कई कठिन रेस जीती हैं। उन्होंने मोबाइल पर यूट्यूब देखकर योग और फिटनैस की बारीकियां सीखीं।

### आर्थिक तंगी के बावजूद डटी रही

**आर्थिक** तंगी और बिना किसी आधिकारिक समर्थन के, वह विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उच्च-ऊंचाई (15,000 फीट से ऊपर) वाले इलाकों में प्रशिक्षण लेती हैं। पेशे से एक ढाबा मालकिन और दो बच्चों की मां डोलमा करीब छह सात वर्षों से अल्ट्रा रेसिंग कर रही है। मनाली और लाहौल की पहाड़ियों में वह विकली प्लान कर लगभग 60-70 किलोमीटर की रनिंग प्रेक्टिस करती हैं। अपनी कामयाबी में वह हर मार्च में आयोजित होने वाली स्नो मैराथन लाहौल का भी आभार व्यक्त करती है जिसकी वह गत करीब चार वर्षों से ब्रांड ऐम्बेसेडर के साथ साथ चैम्पियन भी है।

### कई उपलब्धियां की अपने नाम

**डोलमा** ने अब तक आयोजित स्नो मेराथन के तीनों संस्करणों में महिला वर्ग की चैंपियन है। इसके अलावा डोल्मा ने वर्ष 2020 में 480 किलोमीटर की हैल रेस, 2020 में पटासु पीक ट्रेल, 2021 में 60 और 100 किलोमीटर की सोलांग स्काई अल्ट्रा ट्रेल जीत चुकी हैं। डोल्मा टाटा मुम्बई मैराथन और न्यू दिल्ली मैराथन में चौथा स्थान अर्जित कर चुकी हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने 72 किलोमीटर का खारदुंगला चैलेंज, 102 किलोमीटर का रोहतांग अल्ट्रा चैलेंज पूरा किया था। थाईलैंड में 100 किमी की एशिया-ओशिनिया चैंपियनशिप में रजत पदक (2025) के अलावा लद्दाख में 122 किमी की सिल्क रूट अल्ट्रा मैराथन (2024) जीती। इसके अलावा भी कई उपलब्धियां उन्होंने अपने नाम की हैं।

### सीएम सुक्खू और विधायक अनुराधा ने दी बधाई

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू और लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने तेंजिन डोल्मा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी है। सीएम सुक्खू ने कहा कि संसाधनों के अभाव और विषम परिस्थितियों के बावजूद तेंजिन का इस मुकाम तक पहुंचना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जापान में भी देश के लिए पदक जीतने की उम्मीद जताई है।

# 15 करोड़ से बनेगा अलेऊ पुल: भुवनेश्वर गौड़

## विधायक ने किया भूमि पूजन, बोले- वर्षों पुरानी मांग जल्द होगी पूरी

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के रांगड़ी से अलेऊ को जोड़ने वाला डबललेन पुल का भूमि पूजन मनाली के स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज वर्षों पुरानी मनालीवासियों की मांग पूरी हो रही है। उन्होंने पिछली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये पुल आज से 10 साल पहले बन जाना चाहिए था, लेकिन पूर्व सरकार और मंडली के प्रतिनिधि की नाकामियों के चलते मनाली क्षेत्र विकास से कोसों दूर रहा है।

विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले 3 वर्षों में मनाली के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं और उस कड़ी में यह अलेऊ का पुल भी शामिल है जो 15 करोड़ की लागत से बहुत जल्द बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से न केवल मनाली लेफ्ट और राइट बैंक का आपसे में सीधा संपर्क होगा बल्कि पर्यटन सीजन में ट्रैफिक जाम की



अलेऊ पुल का भूमि पूजन करते हुए विधायक गौड़। अनंत ज्ञान

समस्या से भी निजात मिलेगी। भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली के 15 मील में भी इसी तर्ज पर एक और पुल तैयार होगा जबकि ओल्ड मनाली के लिए मनाली बाईपास भी जल्द बनकर तैयार होगा और मई माह से पहले उसपर गाड़ियां चलनी शुरू हो जाएंगी।

भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मनाली की विकास के लिए पिछले 3 वर्षों में करोड़ों की योजनाओं की सौगात दी है जिसमें 35 करोड़ की सीवरेज की

◆ **प्रदेश सरकार में मनाली के विकास को 3 साल दी करोड़ों की सौगातें**

योजना भी शामिल है जिससे लेफ्ट और राइट बैंक के लगभग दो दर्जन से अधिक गांव लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस शिकायत निवारक कमेटी के अध्यक्ष सोहन ठाकुर सहित कई कांग्रेसी नेता और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यटक का बैग लौटा कर ऑटो चालक ने दी ईमानदारी की मिसाल

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिडिंबा ऑटो यूनियन मनाली के एचपी 61 0527 के चालक सतीश कुमार ने पर्यटक का सामान से भरा बैग लौटाकर इमानदारी की मिसाल पेश की है। मध्यप्रदेश के ग्वालियर से आए पर्यटक अभिषेक गुजर आने साथी के साथ मनाली घूमने आए हैं। इस पर्यटकों ने आटो किराए में लिया। उतरती बार पर्यटक अपना बैग जिसमें लैपटॉप, जरूरी कागजात व कपड़े थे उसे आटो से उतरना ही भूल गए। थोड़ी देर बाद उन्हें पता चला कि बैग आटो में ही रह गया लेकिन उन्हें आटो नंबर याद नहीं था।

पर्यटकों ने सड़क किनारे खड़े आटो चालकों से संपर्क किया तो उन्होंने पर्यटकों को आटो यूनियन के कार्यालय भेजा। कार्यालय में प्रधान मोती राम ने उनकी आपबीती सुनी और उन्हें बैग मिलने का भरोसा दिलाया। मोती राम ने व्हाट्स एप ग्रुप में पर्यटक का बैग आटो में रह जाने की सूचना दी। आटो चालक सतीश कुमार ने सूचना देखकर अपना आटो



चैक किया तो बैग उसके पाया गया। सतीश कुमार कुछ ही मिनट में बैग लेकर आटो यूनियन के कार्यालय पहुंचे। अपना बैग देख पर्यटक खुश हो गए। आटो यूनियन मनाली के प्रधान मोती राम ने बैग पर्यटकों को लौटा दिया।

पर्यटकों ने आटो चालक सहित प्रधान का आभार जताया। प्रधान मोती राम ने बताया कि इससे पहले भी चालक सतीश पर्यटकों का समान लोटा चुके है। उन्होंने बताया कि सभी ईमानदार आटो चालकों को वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# उझी घाटी में जियो नेटवर्क ठप, सड़क निर्माण के दौरान फाइबर कटने से बढ़ी मुश्किलें

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की उझी घाटी में रविवार दोपहर बाद रिलायंस जियो की सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। दोपहर करीब 2:00 बजे के बाद से घाटी में सिग्नल गायब होने के कारण हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, घाटी में संचार व्यवस्था ठप होने का मुख्य कारण फाइबर ऑप्टिक केबल का कटना है। बताया जा रहा है कि कुल्लू के गेमन पुल और अरछंडी गांव के पास सड़क विस्तारीकरण का कार्य चल रहा है, जिसके दौरान खुदाई करते समय फाइबर केबल दो अलग-अलग जगहों से कट गई है। इसके चलते पूरी घाटी में कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गई हैं। अचानक नेटवर्क कटने से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, वर्क फ्रॉम होम कर रहे पेशेवरों और आम जनता का संपर्क कट गया है। हालांकि, विभाग और संबंधित तकनीकी टीम को इसकी सूचना दे दी गई है और प्रभावित स्थलों पर मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। ताजा जानकारी के अनुसार, केबल को जोड़ने में समय लग रहा है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि अगले 2 घंटों के भीतर फाइबर को रिपेयर कर लिया जाएगा और उझी घाटी में नेटवर्क बहाल हो जाएगा। तब तक स्थानीय लोगों को वैकल्पिक संचार माध्यमों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

# सैंज की तलाड़ा पंचायत में पेयजल संकट

## 1.12 करोड़ से तैयार है उठाऊ पेयजल योजना, ग्रामीणों ने की विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**सैंज।** बंजार उपमंडल के अंतर्गत सैंज तहसील की दो पंचायतों के हजारों लोगों को पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग ने तलाड़ा-भलाण पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया है। दो पंचायतों के लोगों की प्यास बुझाने के लिए सरकार ने 1.12 करोड़ की लागत से उक्त उठाऊ पेयजल योजना को समय अवधि में तो तैयार किया, लेकिन ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा सका है। हालांकि उक्त पेयजल योजना वर्ष 2022 में तैयार हो चुकी है और विभाग ने पेयजल योजना को समर्पित करने का लक्ष्य रखा, लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी सैकड़ों ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल सका है। थके हारे ग्रामीणों ने अब जल शक्ति विभाग के के विरुद्ध मोर्चा खोलने की तैयारी शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अगर एक महीने के अंदर उठाऊ

अनंत ज्ञान मुद्दा

◆ **चार साल बाद भी ग्रामीणों तक नहीं पहुंचा पानी**

पेयजल योजना में पानी की सप्लाई नहीं भेजी तो वे विभागीय कार्यालय के सामने खाली बर्तनों से रोष प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय यह है कि तलाड़ा व भलाण पंचायतों के पांच दर्जन से अधिक गांवों सारी, बिहाली सपांगनी, कंढा, धारा, फबियारी, पनवी, बाड़ीगाड़, घाट, खनियारगी, फलोहू, राऊगी, बरैहिन आदि दर्जनों गांवों को इस योजना के तहत पेयजल सुविधा प्रदान की जाएगी।

उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल शक्ति विभाग की देखरेख में संपन्न हुआ है लेकिन चार वर्षों से जल शक्ति विभाग ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा सका है और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाय तौबा मची हुई है। पंचायत के ऊपरी क्षेत्र के गांव गुधालातांदी, बाड़ाथाच, बीठूकंढा, पालीपरत, धारा, कंढा के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है जिसके चलते वे विभाग से गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीणों में पृथी सिंह, लाल सिंह, केहर सिंह, सेस राम,राम सिंह,पन्नालाल, महेंद्र सिंह मुरारी लाल चुन्नीलाल किशोरी लाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि जल शक्ति विभाग की लेट लतीफ के चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल शक्ति विभाग से गुहार लगाई है कि उठाऊ पेयजल योजना को शीघ्र संचालित किया जाए ताकि उन्हें कोई परेशानी ना हो। गौरतलब यह है कि यह है कि उक्त उठाऊ पेयजल योजना का शिलान्यास 26 जून 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने तलाड़ा गांव में आयोजित समारोह में किया था जिसमें सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री विद्या स्टोक्स भी विशेष रूप से उपस्थित रही। हालांकि इस पेयजल योजना का निर्माण कार्य जनवरी 2018 तक पूर्ण करने का लक्ष्य था किंतु परिस्थितियों के चलते निर्माण कार्य में देरी हुई। तीन चरणों में बनने वाली इस उठाऊ पेयजल योजना की अनुमानित लागत अब बढ़ गई है।

### दो अलग-अलग पंचायतों में निर्मित पेयजल वितरण टैंकों में कर दी जाएगी सप्लाई: अधिशासी अभियंता

**जल** शक्ति विभाग लारजी के अधिशासी अभियंता गौरव शर्मा ने बताया कि इस योजना में पानी तलाड़ा पुल के पास निर्मित पंप हाउस से मशीनरी द्वारा दो अलग-अलग पंचायतों में निर्मित पेयजल वितरण टैंकों में सप्लाई कर दिया जाएगा। उठाऊ पेयजल योजना में कुल तीन बड़े दो लाख लीटर क्षमता के टैंकों का निर्माण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पानी की सप्लाई तीन चरणों में होगी। पहले चरण में तलाड़ा पंप हाउस से फलोहू पंप हाउस तक सप्लाई किया जाएगा। दूसरे चरण में फलोहू पंपहाउस से सौराआगे स्थान पर टैंको का निर्माण किया है। वहीं से दो पंचायतों के दर्जनों गांवों को पाइप लाइन से जल्दी सुविधा प्रदान की जाएगी

# बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण से खुदरा व्यापारियों को राहत: पाटिल

## मनाली में डिस्ट्रीब्यूटर एलाइंस ऑफ हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित हुई बैठक

अनंत ज्ञान

**मनाली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से जारी लाइसेंस को अब बार बार नवीनीकरण की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। भारत सरकार ने इस बाबत अब अधिसूचना जारी कर दी है।

डिस्ट्रीब्यूटर्स एलायंस ऑफ हिमाचल प्रदेश की 12वीं प्रदेश स्तरीय मीटिंग में यह जानकारी अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धैर्यसील पाटिल ने मनाली में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरक संघ के 27 प्रदेशों में प्रदेश स्तर पर संगठन हैं जो आगे जिला स्तर पर उपभोक्ता उत्पाद वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने का काम करी हैं। उन्होंने कहा कि मनाली में हिमाचल उपभोक्ता उत्पाद संघ की कार्यसमिति की बैठक में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं और उपभोक्ता उत्पाद संघ के समक्ष आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। इस




मनाली में डिस्ट्रीब्यूटर एलाइंस ऑफ हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित हुई। अनंत ज्ञान

अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक भरत ठाकुर ने बताया कि कुल्लू मनाली उपभोक्ता उत्पाद संघ द्वारा इस बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें हिमाचल प्रदेश संघ के सभी सदस्यों के अतिरिक्त विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और नई जानकारियां सांझा की। उन्होंने कहा कि आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य देश में एफएमसीजी वितरकों को सशक्त बनाना, अवैध व कालाबाजारी पर अंकुश लगाना, और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए रणनीतियां बनाना रहा। इन बैठकों में डीलर-डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने अपनी समस्याओं पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से साढ़े तीन करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध करवा रही है और देश के जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान है इस अवसर पर पीएम गणेशराम , अध्यक्ष उपभोक्ता उत्पाद संघ तमिलनाडू एवं भारतीय उपभोक्ता उत्पाद संघ के चेयरमैन , अश्वनी ढींगरा , अध्यक्ष नॉर्थ इंडिया उपभोक्ता उत्पाद संघ एवं उपाध्यक्ष भारतीय उपभोक्ता उत्पाद संघ, अविनाश धवन अध्यक्ष हिमाचल उपभोक्ता उत्पाद संघ, महासचिव राजिंदर सोनी, समन्वयक धर्मपाल गुप्ता, भरत ठाकुर समन्वयक एवं महासचिव मनाली और ईशान बंगा, सुनील शर्मा, जय इंद्र ठुकराल भी उपस्थित रहे ।

# कुल्लू के शमशी में श्रीश्री संस्कार केंद्र के शिक्षकों का 'होली मिलन' समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिला कुल्लू के अंतर्गत शामशी स्थित गोयल भवन में एक भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 12 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। गुरु वंदना से हुआ शुभारंभ कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार 'गुरु पूजा' के साथ अत्यंत श्रद्धाभाव से की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वप्रथम एक-दूसरे का अभिनंदन किया और शिक्षा के क्षेत्र में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। मीडिया प्रभारी सुशांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शामशी स्थित गोयल भवन में एक भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। उसी कड़ी में सेंट्रल ऑफिस के कॉर्डिनेटर के साथ देशभर के श्रीश्री संस्कार के केंद्र के ऑनलाइन सभी टीचर्स ने 2026 में कोर्सेस लेने की संकल्प ली। होली के रंगों के बीच इस आध्यात्मिक शुरुआत ने कार्यक्रम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। चुनौतियों और कोर्स संचालन पर मंथन महोत्सव के दूसरे चरण में एक विशेष चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने वर्तमान में कोर्स (प्रशिक्षण) लेने में आ रही विभिन्न चुनौतियों और तकनीकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में उन मुख्य कारणों की पहचान की गई जिनकी वजह से कोर्स पूरा करने या उसे सुचारू रूप से चलाने में बाधा आ रही है। सामूहिक समाधान का संकल्प उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि इन चुनौतियों का समाधान आपसी सहयोग और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से किया जाएगा। विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से समस्याओं को सुलझाने के गुर भी साझा किए गए।

# राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए लाहौल-स्पीति की टीम घोषित



बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हमीरपुर में आयोजित होने वाली आगामी राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए लाहौल-स्पीति की टीम का चयन कटराईं में संपन्न हुआ। जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित इस चयन प्रक्रिया में जिले भर से कुल 23 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए सिलेक्शन कमेटी के प्रमुख शिरीष बौद्ध की कड़ी निगरानी में इसे संचालित किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संघ के मुख्य सलाहकार रंजीव कारवा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 3 अप्रैल को हमीरपुर के लिए रवाना होगी टीम

**संघ** के अध्यक्ष अंकुर राणा और महासचिव मदन बौद्ध ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की क्षमताओं को और निखारने के लिए जल्द ही एक विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में कोच खिलाड़ियों की तकनीक और आपसी तालमेल पर काम करेंगे। प्रशिक्षण के पश्चात, यह टीम 3 से 5 अप्रैल के बीच हमीरपुर में होने वाली राज्य स्तरीय स्पर्धा में लाहौल-स्पीति का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना होगी। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि यह टीम राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करेगी।

# पिरडी में नेपाल सहित देशभर के 65 प्रतिभागियों ने सीखे रेस्क्यू के गुर



कोर्स के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के साथ प्रतिभागी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र पिरडी में रविवार को बेसिक राफ्टिंग, इंटरमीडिएट कयाकिंग एवं राफ्टिंग गाइड कोर्स का विधिवत समापन हुआ। इस मौके पर उप निदेशक पर्वतारोहण लुदर सेन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने सभी कोर्स प्रतिभागियों को बैज एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राफ्टिंग कोर्स प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया की राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र पिरडी में 65 प्रतिभागी कोर्स के लिए आये थे जिसमें जिला कुल्लू घाटी के स्थानीय युवा, जिला मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, शिमला, एवं बाहरी प्रदेश से उत्तराखंड, दिल्ली, नेपाल देश एवं भारतीय वायु सेना के 10 जवानों ने भी कोर्स में भाग लिया। वायु सेना के जवानों ने बताया कि उन्हें इस केंद्र से नदी से संबंधित राहत एवं बचाव कार्य सीखने का मौका मिला। जिसे आपातकालीन स्थिति में देश की रक्षा में इन तकनीकों का इस्तेमाल किया करेंगे।

राफ्टिंग केंद्र प्रभारी ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा। जिससे निकट भविष्य में स्वरोजगार की दृष्टि से नौजवान लाभान्वित होंगे। 14 दिवसीय राफ्टिंग कोर्स दो मार्च से 15 मार्च तक आयोजित किया गया। निदेशक पर्वतारोहण अविनाश नेगी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि देश के एकमात्र श्वेत लहरों के प्रशिक्षण जल क्रीड़ा केंद्र निरंतर राफ्टिंग की ट्रेनिंग दे रहा है और आगे भी इसी तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# लाहौल से 400 गैस सिलेंडर मनाली भेजना जनजातीय लोगों के साथ कुठाराघात: बौद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** डोमेस्टिक और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के मुद्दे पर भाजपा ने स्थानीय विधायक को कटघरे में खड़ा किया है। भाजपा जिला प्रवक्ता समफेल बौद्ध ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर के स्टॉक को लेकर या तो स्थानीय विधायक अनुराधा राणा या फिर जिला प्रशासन में से कोई एक झूठ बोल रहा है।

समफेल बौद्ध ने कहा कि एक ओर विधायक यह दावा कर रही हैं कि घाटी में एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है, जबकि दूसरी ओर जिला प्रशासन ने घाटी में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति रोक दी है। ऐसे में लाहौल के लोग असमंजस में हैं कि आखिर सच कौन बोल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि घाटी में सिलेंडरों की कमी के बावजूद लाहौल से करीब 400 एलपीजी सिलेंडर मनाली भेजना जनजातीय लोगों के साथ कुठाराघात है। बौद्ध ने कहा कि जिन लोगों के वोट के दम पर अनुराधा राणा चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं, आज वे प्रदेश सरकार के दबाव में उनके हितों की आवाज उठाने से पीछे हट रही हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि घाटी में पर्यटन सीजन शुरू होने के साथ होटल और ढाबा संचालकों को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं, जिससे पर्यटन कारोबारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में घाटी में सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है, तो विधायक को प्रशासन को निर्देश देकर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति तुरंत सुचारू करवानी चाहिए।

तैयारी | कुल्लू जिले में 15 स्थानों पर होगी किशोरियों की वैक्सीनेशन, प्लान तैयार

# हर किशोरी होगी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** अब कुल्लू जिला की हर किशोरी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित होगी। जिला में अब 14 वर्ष की 4,216 किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन (एचपीवी) लगाई जाएगी। इस टीकाकरण अभियान के लिए जिला के पांचों स्वास्थ्य खंडों में 15 जगहों को चिह्नित किया गया है। इन स्थानों पर चार अलग-अलग तिथियों में 14 से 15 साल आयु के बीच की किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा।

इसके लिए प्रशासन, स्वास्थ्य और एक विद्यालय में बैठक कर अभिभावकों को जागरूक भी किया है, ताकि जिले की किशोरियों को सर्वाइकल की चपेट में आने से बचाया जा सके। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने किशोरियों की वैक्सीनेशन के लिए प्लान तैयार कर दिया है। स्वास्थ्य खंड जरी और नगर में चार-चार, बंजार में तीन और आनी व निरमंड में दो-दो वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं।

इनमें तय विभागीय शेड्यूल के अनुसार इस माह और आगामी अप्रैल माह में वैक्सीनेशन की जाएगी। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उषा ठाकुर ने कहा कि कुल्लू में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 4,216 किशोरियों का पंजीकरण स्वास्थ्य विभाग ने किया है और पंजीकरण जारी है। जिले के 15 विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन सत्र आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में यह जीवनरक्षक टीका नि:शुल्क लगाया जाएगा।

### किस खंड में कहां होगी वैक्सीनेशन



**स्वास्थ्य** खंड जरी में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, नागरिक अस्पताल तेगूबेहड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भुट्ठी में वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य खंड नगर में नागरिक अस्पताल मनाली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायसन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रांण व नगर शामिल हैं। स्वास्थ्य खंड बंजार में नागरिक अस्पताल बंजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुशैणी को शामिल किया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य खंड आनी में नागरिक अस्पताल आनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दलाश तथा स्वास्थ्य खंड निरमंड में नागरिक अस्पताल निरमंड, सामुदायिक स्वास्थ्य खंड अरसू में किशोरियों की वैक्सीनेशन होगी।

> **जिला** में 14 से 15 साल के बीच की किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन लार्गाठ जाएगी। इस वैक्सीनेशन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाना है। महिलाओं में सर्वाइकन कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस बीमारी की चपेट में आने से बचाने के लिए प्रारंभिक स्तर पर ही किशोरियों को वैक्सीन लगाई जा रही है, ताकि वे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर की चपेट में न आए।
>
> **-डॉ. रणजीत ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।**

# सिविल अस्पताल सराहां में दो माह से लैब की टेस्ट मशीन खराब

## 11 में से मात्र 3 डॉक्टर ही हैं अस्पताल में, कोई भी विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं

अनंत ज्ञान

**संजय राजन, सराहां।** हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के गृह विधानसभा क्षेत्र पच्छाद उपमंडल मुख्यालय सराहां स्थित सिविल अस्पताल अपनी बदहाली पर आंसू बह रहा है। आलम यह है कि 50 बेडिड अस्पताल में डॉक्टर के 11 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से केवल तीन ही डॉक्टर के पद भरे हुए हैं। आठ पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

वहीं सिविल अस्पताल की प्रयोगशाला की मशीन दो माह से अधिक समय से टेस्ट मशीन खराब है। मशीन खराब होने के चलते मरीजों को टेस्ट के लिए नाहन, सोलन एमएमयू सुल्तानपुर जाना पड़ रहा है।

### गायनी और आंखों के विशेषज्ञ न होने से दिक्कत

**सबसे** अधिक परेशानी तो गर्भवती महिलाओं को गायनी विशेषज्ञ तथा आंखों के विशेषज्ञ न होने के चलते हो रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण पच्छाद उपमंडल की 34 पंचायतों के हजारों लोग ईलाज के लिए नाहन, सोलन, चंडीगढ़ व एमएमयू सुल्तानपुर जाने को मजबूर हैं।

### विशेषज्ञों के अभाव में मरीजों की संख्या घटी

**विदित** रहे कि पच्छाद की 34 पंचायतों के अतिरिक्त नाहन की दो, श्रीरेणुकाजी की दो और हरियाणा की दो-दो पंचायतों के लोग में अपने इलाज के सिविल अस्पताल सराहां आते हैं। वहीं प्रदेश सरकार ने यहां पर जो डॉक्टर थे, वह भी अन्य स्थानों पर ट्रांसफर कर दिए है। कुछ समय पूर्व तक सिविल अस्पताल सराहां में 400 से 500 ओपीडी प्रतिदिन होती थी, वह ओपीडी अब घटकर 120 से 130 के बीच रह गई है।

### नई मशीन खरीदने व चिकित्सों की नियुक्ति का आग्रह

**बता** दें कि एक माह पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सिविल अस्पताल सराहां को 100 बेड करने तथा यहां पर 100 बेड के अनुसार डॉक्टर के पद भरने की घोषणा की थी, जोकि अभी तक मात्र घोषणा ही रही है। लोगों ने प्रदेश सरकार से नई मशीन खरीदने के लिए बजट की मांग की है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए भी सीएमओ तथा प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया है।

# पेशी के बाद भिड़े दो पक्ष, क्रॉस एफआईआर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में अदालत से पेशी के बाद दो पक्षों के बीच विवाद के चलते मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी के आरोप लगे हैं। पुलिस थाना नाहन में दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार वीना चुग पत्नी राम कुमार चुग निवासी हरिपुर मोहल्ला नाहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 मार्च को वह अपने बेटे राहुल चुग के साथ अतिरिक्त जिला न्यायालय नाहन में पेशी के बाद लौट रही थी कि कोर्ट गेट के पास माधवी चौहान सहित तीन लोगों ने उनका रास्ता रोक और उन्हें धक्का दिया, जिससे वह गिर गईं। राहुल चुग के साथ भी मारपीट की गई, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी गई।

### ◆ मारपीट व धमकी के आरोप, जांच शुरू

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से माधवी चौहान पुत्री जेएस चौहान निवासी नया बाजार नाहन ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। कि 11 मार्च को फैमिली कोर्ट नंबर-2 नाहन में तलाक के मामले की सुनवाई के बाद राहुल चुग पुत्र राम कुमार ने उनके साथ गाली-गलौच, हाथापाई और रास्ता रोका और जान से मारने की धमकी दी।

> **पुलिस** थाना नाहन में दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस मामले दर्ज किए गए हैं और मामले की जांच की जा रही है।
>
> **एनएस नेगी, एसपी, सिरमौर**

## न्यूज ब्रीफ

### नाहन में पीजी कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव सबरंग का धूमधाम से आयोजन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन में वार्षिक सीएससीए सांस्कृतिक उत्सव 'सबरंग' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएससीए अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि, सीएससीए समन्वयक डॉ. देवराज शर्मा तथा वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. धनमंती कंडासी को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि तथा अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सीएससीए अध्यक्ष तपस्या ने कहा कि सीएससीए छात्रों और शिक्षकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त स्टाफ छात्रों की समस्याओं और मुद्दों को सुनते हैं तथा उनका समाधान करते हैं।

### बधाई लेने गए किन्नर समुदाय के दो समूहों में मारपीट, क्रॉस एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा ब्लॉक के गांव कुड़ियों में एक घर में बधाई लेने पहुंचे किन्नर समुदाय के दो समूहों के बीच किसी बात में हुई कहासूनी हाथपाई में तब्दील हो गई। माजरा पुलिस स्टेशन में पहुचीं शिकायतों के अनुसार दोनों पक्षों के लोगों की चोटें आईं। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। एसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता जोया महंत निवासी गुज्जर कॉलोनी ने शिकायत में बताया कि 13 मार्च को वह अपनी साथियों आशा, नैना व शिवानी के साथ गांव कुंडियों में बधाई मांगने गई थी। इसी बीच राजकुमारी उर्फ नर्गिस अपने साथियों समीर खान व खुशी उर्फ जानी के साथ वहां आई और गाली-गलौच करते हुए डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में शिकायतकर्ता को बाजू, टांग व कमर में चोटें आईं। दूसरे पक्ष की शिकायतकर्ता राजकुमारी गद्दी पत्नी किन्नर ने बताया कि 13 मार्च को वह अपने साथी खुशी व चालक समीर के साथ गांव कुंडियों में बधाई लेने गई थी। वहां पहले से जोया, नैना, आशा व शिवानी बधाई मांग रहे थे। इस दौरान कहासुनी हो गई। एसपी ने बताया कि शिकायत के अनुसार जोया ने राजकुमारी को धक्का देकर गिरा दिया तथा लात-घूंसों से मारपीट की। मारपीट में शिकायतकर्ता को पेट, छाती व टांगों में चोटें आई हैं।

### ब्रुरी में तेज रफ्तार गाड़ी ने बाईक को मारी टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नेशनल हाईवे-5 पर सोलन के ब्रुरी में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान दिग्विजय सिंह पुत्र स्व. जोगिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो न्यू कथैड़, चंबाघाट सोलन का रहने वाला बताया जा रहा है। इस घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित भी हुआ, जिसे बाद में पुलिस ने सामान्य करवाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सोलन साईं दत्तात्रेय वर्मा ने घटना पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए गहनता से जांच की जा रही है।

### उपमुख्यमंत्री से मिले संविदा कर्मी, वर्ष में दो बार नियमितीकरण की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लंबे समय से नियमितीकरण को लेकर संघर्षरत संविदा कर्मचारियों की आवाज आखिर सरकार तक पहुंचने में कामयाब होती दिख रही है। जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से संविदा कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को मिला और अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से आग्रह किया कि प्रदेश में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया वर्ष में दो बार लागू की जाए, ताकि लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को समय पर राहत मिल सके। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में कर्मचारी वर्षों से संविदा आधार पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं और नियमितीकरण की प्रक्रिया लंबी होने के कारण उन्हें अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों के प्रति गंभीर है और उनकी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जा रहा है। इस दौरान शिलाई के विधायक एवं उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी मौके पर मौजूद रहे।

### शूलिनी विवि में मनाया 'फार्मा अन्वेषण 2026' के साथ राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल ने राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में 'फार्मा अन्वेषण 2026' सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना था। इस कार्यक्रम को ईवाईयूवीए केंद्र (भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बी आईआरएसी द्वारा समर्थित) और आई हब शूलिनी का सहयोग प्राप्त था। सम्मेलन ने छात्रों और संकाय सदस्यों को शिक्षा जगत, उद्योग, अनुसंधान संस्थानों, नियामक निकायों और नैदानिक अभ्यास के बीच तालमेल को बढ़ावा देकर फार्मास्युटिकल क्षेत्र की सार्थक जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डीन और ईयूवीए सेंटर के मुख्य समन्वयक डॉ. दीपक कुमार ने फार्मास्युटिकल विज्ञान में नवाचार और ट्रांसलेशनल अनुसंधान के लिए विस्तारित पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर, उन्होंने भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक माने जाने वाले प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ को भी श्रद्धांजलि अर्पित की, फार्मास्युटिकल शिक्षा और व्यावसायिक फार्मेसी अभ्यास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए, जो शोधकर्ताओं और फार्मासिस्टों की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहता है।

### संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर लगाकर जुटाया 100 यूनिट रक्त

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा सिरमौरिताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने रक्तदान किया गया। मीडिया सहायक अमन कुमार ने बताया कि इस कैंप का उद्घाटन विधायक सुखराम चौधरी पूर्व ऊर्जा मंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन हमेशा समाज कल्याण में स्वच्छता अभियान जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण के कार्य करते रहते हैं, जिनमें आने का सौभाग्य मुझे भी मिलता रहता है। साथ ही पांवटा साहिब से आए हुए ब्रांच के मुखी श्री सियाराम ने बताया कि निरंकारी मिशन द्वारा 1986 से लगातार रक्त दान शिविरों की लगभग 8,645 शिविरों के माध्यम से 14,05,177 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। इस शिविर में डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन के डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया तथा 100 यूनिट रक्त शिविर से जुटाया। इस अवसर पर स्थानीय मुखी खत्री राम जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सोलन में करीब डेढ़ महीने बाद बरसी राहत की बौछार

## बारिश होने से किसान-बागवान खुश, सूखे की स्थिति से मिली निजात

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** प्रदेश भर में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश में बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। मौसम की करवट का असर जिला मुख्यालय सहित उपनगरों में भी देखने को मिला। जहां रविवार को बारिश हुई, वहीं कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई। बादलों की गरज के साथ झमाझम बारिश होने से पिछले करीब डेढ़ महीने का ड्राई स्पेल समाप्त हो गया। इससे लोगों को सूखे से निजात मिलेगी साथ ही पेयजल स्त्रोतों का जल स्तर भी बढ़ेगा। बारिश से किसान बागबानों के लिए संजीवनी का काम करेगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की माने तो कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 18.0-22.0 डिग्री सेल्सियस और 3.0 से 5.0 के बीच रहेगा। पर्यावरण में हवा की गति उत्तर पूर्व दिशा में 6-9 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच रहेगी। जबकि सापेक्षित आर्द्रता 61-85 प्रतिशत के बीच रहेगी।




सोलन में बारिश के बाद सुहाना हुआ मौसम। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार आगामी दिनों प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान जहां ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा, वहीं निचले और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। वैज्ञानिकों ने लोगों को सलाह दी है कि गरज और बिजली गिरने से सावधानियां बरतें। वर्षा की संभावना के कारण सिंचाई स्थगित कर दें। किसानों को सलाह दी कि वे खेत में कीटों के हमले के खिलाफ सब्जियों की फसलों की नियमित रूप से निगरानी करें। किसान कृषि मौसम संबंधी सलाह के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मेघदूत ऐप का उपयोग करें।

सेब उत्पादक बागबानों को सलाह दी जाती है कि वे शाखाओं की छंटाई पूरी कर लें। पौधों को फफुंदिए संक्रमण से बचान सेब की फसल में माइट्स और सैनजोस स्केल के विरुद्ध नियमित रूप से निगरानी रखें। मटर उत्पादक किसान पाउडरी मिल्ड्यू से बचाने के लिए फसल की नियमित रूप से निगरानी करें। गोभी उत्पादक किसान परिपक्व फसल की कटाई करें। वैज्ञानिकों ने लहसुन उत्पादक किसानों का सलाह दी है कि लहसुन को बैंगनी धब्बा रोग से बचाने के लिए फसल की नियमित रूप से निगरानी करें।

राष्ट्रीय लोक अदालत

# 1165 मामले निपटे, 5 .77 करोड़ रुपए का समझौता

अनंत ज्ञान

**नाहन।** नेशनल लोक अदालत के दौरान निपटाए गए मामलों के आंकड़े जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरमौर ने जारी किए हैं। इस दौरान कुल 5205 मामले लिए गए, जिनमें से 1165 मामले निपटाए गए, जिनमें कुल 5,77,59,222 करोड़ रुपए का समझौता हुआ।

**पूर्व-लिगेशन मामले:** 230 मामले निपटे, 6,84,160 रुपए का समझौता

**पोस्ट-लिगेशन मामले:** 358 मामले निपटे, 5,59,30,062 रुपए का समझौता

**मोटर वाहन मामले:** 577 मामले निपटे, 11,45,000 रुपए का समझौता

इस आयोजन का उद्देश्य विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करना और अदालतों पर बोझ कम करना था।

# सोलन में आपसी सहमति से निपटाए गए 5835 मामले

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिला के सभी न्यायालयों में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन के अध्यक्ष शरद कुमार लगवाल ने इन लोक अदालतो की अध्यक्षता की। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि सोलन के नालागढ़, कसौली, अर्की उपमंडल तथा सोलन मुख्यालय में 14 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। इस अवसर पर कुल 7634 मामलों को सुनवाई के लिए प्री लोक अदालत सीटिंगस एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें से 5835 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमती से हुआ। मामलों में कुल समझौता राशि 12 करोड़ 79 लाख 70 हजार 430 प्राप्त की गई।

इन मामलों में 6442 वाहन चालानों को भी विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया। इनमें से कुल 5142 मामलों का निपटारा किया गया।

# ओमैक्स पार्कवुड रेजिडेंट सोसायटी के चुनाव में जसविंदर लक्की व देवेंद्र चौधरी की जीत

- 15 दिन से गर्माया था चुनावी माहौल, प्रदेशभर में थी चुनाव की चर्चा
- हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे जसविंदर लक्की

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बीबीएन।** बीबीएन की सबसे हाईप्रोफाईल रेजिडेंस सोसायटी ओमैक्स पार्कवुड के चुनाव में जसविंदर उर्फ लक्की ने अपने विरोधी वरयाम को 36 वोटों से हराकर प्रधान पद पर कब्जा किया। वहीं महासचिव पद के लिए हुए चुनाव में कड़ी टक्कर देखने को मिली और टीम लक्की के प्रत्याशी देवेंद्र चौधरी ने संजय पटियाल को 6 मतों से शिकस्त दी। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में टीम लक्की के प्रत्याशी संजीव शर्मा को नवीन शर्मा ने बेहद करीबी मुकाबले में 4 मतों से शिकस्त दी। वहीं कोषाध्यक्ष पद के हुए मुकाबले में टीम बरयाम के राहुल ने टीम लक्की के अंशुमन उप्पल को 62 मतों से शिकस्त दी।

ओमैक्स पार्कवुड रेजिडेंस सोसायटी के हुए चुनाव में जसविंदर उर्फ लक्की को 165 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 129 वोट प्राप्त हुए। वहीं एक मोहर नोटा पर लगी। सोसाइटी में कुल 310 मतदाता हैं, जिनमें से 295 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर पूरे जोश व हर्षोल्लास से चुनावी यज्ञ में आहुति डाली।



ओमैक्स पार्कवुड रेजिडेंस सोसायटी के चुनाव में विजेता प्रधान जसविंदर लक्की व महासचिव देवेंद्र समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

रेजिडेंस सोसाइटी चुनाव ने स्थानीय स्तर पर राजनीतिक हलचल भी पैदा कर दी। बताया जा रहा है कि चुनाव में कांग्रेस और भाजपा से जुड़े समर्थकों ने अपने-अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। चुनाव के बाद सोसाइटी के निवासियों ने नए प्रधान से साफ-सफाई, सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की उम्मीद जताई है। वहीं जसविंदर उर्फ लकी ने भी सभी निवासियों को साथ लेकर सोसाइटी के विकास के लिए काम करने की बात कही है।

सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग पर स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल

# किसकी अनुमति से निजी संस्था को किराये पर दिया सुन्नी कॉलेज मैदान

अनंत ज्ञान

**सुन्नी।** शिमला ग्रामीण क्षेत्र के सुन्नी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी का खेल मैदान निजी संस्था को किराए पर दिए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस मामले का विरोध जताते हुए इसे सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का मामला बताया है। जानकारी के अनुसार कॉलेज प्रशासन द्वारा खेल मैदान विभिन्न संस्थाओं को खेलने के लिए दिया जाता है। हाल ही में प्रिंसिपल द्वारा एक निजी संस्था को खेलने के लिए किराए पर दिया गया है, जिस पर लोगों ने इसका विरोध जाहीर किया है।

### ◆ शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से की उचित कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि इन दिनों स्कूलो में 9वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे समय में खेल के लिए मैदान किराए पर देने से शोर-शराबा और भीड़भाड़ बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे छात्रों की पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इस खुलासे के बाद क्षेत्र के लोगों ने इस फैसले पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि सरकारी कॉलेज का मैदान सार्वजनिक संपत्ति है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से विद्यार्थियों और स्थानीय युवाओं के खेलकूद के लिए होना चाहिए। उनका कहना है कि यदि मैदान किसी निजी संस्था को किराए पर दिया गया है तो इसकी अनुमति किस स्तर से ली गई, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए।

स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नियमों के विरुद्ध मैदान किराये पर दिया गया है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### क्या कहते प्रिंसिपल

**जब** इस बारे में प्रिंसिपल से पूछा गया तो उनका कहना था कि कॉलेज का मैदान प्रिंसिपल द्वारा किराए पर दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभी केवल दो दिन का खेल शेष है, इसलिए अनुमति दी गई है। अगले वर्ष से हम परीक्षा के नजदीक खेलने के लिए मैदान की अनुमति नहीं देंगे।

> **सरकारी** स्कूल या कॉलेज का मैदान सरकार की संपत्ति है और इसे बिना सरकार या संबंधित विभाग की अनुमति के किसी निजी संस्था को किराए पर नहीं दिया जा सकता।
>
> **तारा चंद सायल, अधीक्षक, उच्च शिक्षा विभाग शिमला**

# भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आंदोलन : शैलेंद्र गुप्ता

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का आयोजन सनातन धर्म मंदिर सोलन में किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है, जिसकी विचारधारा अंत्योदय और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर आधारित है।

प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में वंदना योगी ने 'पार्टी का इतिहास एवं विकास' विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी के रूप में पार्टी ने निरंतर संघर्ष करते हुए देश की राजनीति में एक मजबूत वैचारिक धारा स्थापित की है।

द्वितीय सत्र में डॉ. डेजी ठाकुर ने 'कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि' विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग तक अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा को पहुंचाना है।

तृतीय सत्र में प्रोफेसर वीरेंद्र कश्यप ने 'केंद्र सरकार की योजनाएं एवं उपलब्धियां' विषय पर कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऐसी नीतियां लागू की जा रही हैं जिनका सीधा लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। चतुर्थ सत्र में बलवीर ठाकुर ने 'कार्य पद्धति' विषय पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संगठन की सफलता के लिए संगठित, अनुशासित और योजनाबद्ध कार्य पद्धति अत्यंत आवश्यक है।

पंचम सत्र में चरण यादव ने 'सोशल मीडिया की भूमिका' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया विचारों की लड़ाई का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है।

प्रयास

आपूर्ति बढ़ी, शहर में घरेलू 4500 और 500 कमर्शियल सिलेंडर पहुंचे

# सोलन में पूरी होगी घरेलू गैस सिलेंडरों की मांग

अनंत ज्ञान

**सोलन।** रसोई गैस की मांग को पूरा करने के लिए सोलन शहर के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर की आपूर्ति पहुंची। प्रशासन के मुताबिक गैस एजेंसियो को करीब 4500 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए, जबकि इसके साथ ही करीब 500 कमर्शियल गैस सिलेंडर भी शहर में पहुंचे। इससे घरेलू उपभोक्ताओं और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को राहत मिलने की उम्मीद है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक श्रवण कुमार ने बताया कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में सोलन में कुल 614 कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध थे, जिनमें से 114 सिलेंडर निजी संस्थानों और अस्पतालों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला के शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है, ताकि उनकी वास्तविक जरूरतों का सही आकलन किया जा सके।



गैस एजेंसी में सिलेंडर लेने पहुंचे लोग। अनंत ज्ञान

### कहां कितनी जरूरत, सूची हो रही तैयार

**श्रवण** कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा सभी संबंधित संस्थानों से जानकारी एकत्रित कर एक विस्तृत सूची तैयार की जा रही है, जिसमें यह दर्ज होगा कि जिले में विभिन्न शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों व अन्य संस्थाओं को गैस सिलेंडरों की कितनी आवश्यकता है। सूची के आधार पर भविष्य में सिलेंडर आपूर्ति की बेहतर योजना बनाई जाएगी। प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि गैस सिलेंडरों की उपलब्धता बनी रहे और किसी भी वर्ग को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अपील : गैस सिलेंडरों का करें सही उपयोग

विभाग की ओर से गैस एजेंसियों के साथ भी लगातार समन्वय बनाया जा रहा है, ताकि जरूरत के अनुसार समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिला नियंत्रक ने लोगों से भी अपील की है कि गैस सिलेंडरों का उपयोग सोच-समझकर करें और अनावश्यक भंडारण से बचें, ताकि सभी उपभोक्ताओं तक समान रूप से गैस की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

> **जिला** में कमर्शियल और डोमेस्टिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। प्रशासन का प्रयास है कि जिले में गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे और सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध हों।
>
> **मनमोहन शर्मा, उपायुक्त, सोलन**

## स्पोर्ट्स विंडो

### फार्मूला वन ने रद्द की बहरीन और सऊदी में अप्रैल में होने वाली रेस

**एजेंसी, शंघाई।** फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, ''पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी।' उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।' एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, ''हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस 'अप्रैल में नहीं होंगी' और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी। फिया के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, ''फिया हमेशा हमारे समुदाय और सहकर्मियों की सुरक्षा और भलाई को सबसे पहले रखेगी। सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद हमने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है। (अनंत ज्ञान)

### प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में सहिथ थीगाला फिर से शीर्ष 10 में शामिल

**एजेंसी, फ्लोरिडा।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहिथ थीगाला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है। थीगाला फिलहाल रॉबर्ट मैकिंटायर, ऑस्टिन स्मॉथरमैन, जैकब ब्रिजमैन और सेप स्ट्राका के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया दो-अंडर 70 का स्कोर बनाकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी स्कॉटी शेफ़लर के साथ संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं। कनाडा के भारतीय मूल के खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर शीर्ष 20 में जगह बनाई। येल्लामाराजू अब पांच अंडर पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर हैं।

### भारत और हांगकांग के बीच एशियाई कप क्वालीफाइंग का मैच 31 मार्च को

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था। यह 10 साल में पहली बार होगा जब भारतीय टीम कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मैच खेलेगी। इससे पहले उसने आखिरी बार मार्च 2016 में इस मैदान पर फीफा विश्व कप क्वालीफायर में तुर्कमेनिस्तान का सामना किया था। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत पोलिश एथलीट ईवा निकोला

**ईवा** निकोला स्वोबोडा एक प्रमुख पोलिश ट्रैक और फील्ड स्प्रिंटर हैं, जो मुख्य रूप से 60 मीटर और 100 मीटर स्पर्धाओं में विशेषज्ञता रखती हैं। 2024 विश्व इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली, वह दो बार की ओलंपियन (2016, 2024) और कई बार की यूरोपीय इंडोर चैंपियन रही हैं।




अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।

''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''

शिमला – सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला – राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन – मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी – अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर – विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर – अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा – राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना – राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति – कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट – अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली – गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615

Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

# संजू लय में आ जाएं तो पहले 6 ओवर में ही जिता सकते हैं मैच : गंभीर

## टीम इंडिया के हेड कोच बोले- न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली सीरीज में अच्छा नहीं खेले थे सैमसन, इसलिए वर्ल्ड कप के शुरुआती मैचों में नहीं मिली जगह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की।

गंभीर ने जियो स्टार पर कहा, 'हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है।' सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी, लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और 89 रन बनाए। गंभीर ने कहा, 'मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, 'ठीक है।' हमारी बातचीत कुछ इसी




तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें हमारी आमने–सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है।'

### संजू को अंतिम एकादश में शामिल करने की बताई वजह

**गंभीर** ने कहा, 'मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिलकुल नहीं है। हम बस और अधिक आक्रामक होना चाहते थे। पिछले डेढ़ साल से हमारी मानसिकता यही रही है कि मैदान पर उतरकर हम जितना हो सके उतना आक्रामक प्रदर्शन करें।' गंभीर ने कहा, 'संजू को टीम में लाने का कारण दूसरे छोर से ऑफ-स्पिनर को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि इस बात पर आधारित था कि क्या हम पहले छह ओवरों में और अधिक आक्रामक हो सकते हैं।' अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे, लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए, जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है।

टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे, लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था। (अनंत ज्ञान)

# साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से दी करारी शिकस्त

## पहले टी-20 मैच में 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल किया 92 रन का टारगेट

**एजेंसी, माउंट माउंगानुई**

साउथ अफ्रीका ने पहले टी–20 मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ प्रोटियाज टीम ने टी–20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। 15 मार्च को माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। कीवी टीम 14.3 ओवर में सिर्फ 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इंटरनेशनल टी–20 में यह न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर है। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और सीरीज में 1–0 बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)




### पूरी तरह फ्लॉप रही न्यूजीलैंड की बैटिंग

**इस** मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर 26 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों पर 15 रन, कोल मैकॉन्ची ने 11 गेंदों पर 15 रन और बेवॉन जैकब्स ने 7 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली। हालांकि टीम के सात बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 7वें विकेट के लिए हुई, जब नीशम और मैकॉन्ची ने 17 गेंदों में 26 रन जोड़े।

### द. अफ्रीका के डेब्यूटेंट मोकोएना ने लिए 3 विकेट

**साउथ** अफ्रीका के लिए डेब्यू कर रहे नकोबानी मोकोएना ने 3.3 ओवर में 26 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। वहीं जेराल्ड कूट्जी और ओटनील बार्टमैन ने 3-3 ओवर में 2-2 विकेट झटके। स्पिनर केशव महाराज ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। इसके अलावा डियान फॉरेस्टर ने 1 ओवर में सिर्फ 4 रन दिए, हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का चखाया स्वाद

**एजेंसी, इंडियन वेल्स**

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारा़ज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6–3, 7–6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6–2, 6–4 से हराया।



### ◆ इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में किया प्रवेश

अल्काराज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज़ पर पहली जीत है। वहीं, सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7–4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा को 7–6 (4), 6–4 से हराया। (अनंत ज्ञान)

# रियाल मैड्रिड ने एल्चे को 4–1 से दी मात

## स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में बार्सिलोना के करीब पहुंचा क्लब

**एजेंसी, बार्सिलोना**

फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4–1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3–0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2–1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं। इस बीच स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे का मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण के मैच में खेलना भी संदिग्ध है। उन्होंने घुटने की चोट के कारण 21 फरवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है। (अनंत ज्ञान)




### पीटरसन ने छोड़ी दिल्ली कैपिटल्स की मेंटरशिप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 2026 से पहले केविन पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स की मेंटरशिप छोड़ दी है। पूर्व इंग्लिश कप्तान पीटरसन ने शनिवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- 'इस जिम्मेदारी के लिए जितना समय चाहिए, वह नहीं दे पाएंगे।' हालांकि, 45 साल के इस पूर्व बैटर ने दिल्ली की टीम और खिलाड़ियों को नए सीजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि वह आईपीएल के दौरान कॉमेंट्री बॉक्स में जरूर नजर आएंगे और भारतीय लीग का हिस्सा बने रहेंगे। पीटरसन को आईपीएल 2025 से पहले दिल्ली कैपिटल्स का मेंटर बनाया गया था। पिछले सीजन में दिल्ली की टीम लीग स्टेज से बाहर हो गई थी। टीम ने 14 में से 7 मैच जीतकर 5वां स्थान हासिल किया था और प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी। (अनंत ज्ञान)

# सेल्वा प्रभु ने एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में जीती चांदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर–20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर–20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया।

इस 21 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन (एनसीएए) सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### ◆ 17.05 मी. की छलांग लगाकर किया अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




# ईरान महिला फुटबॉल टीम की तीन और सदस्य लौटेंगी स्वदेश

**एजेंसी, तेरहान**

ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने का फैसला करने वाली सात ईरानी महिला फुटबॉल टीम की तीन खिलाड़ियों ने अपना निर्णय बदल लिया है और अब वे अपने देश ईरान लौट रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने रविवार को जारी बयान में इसकी पुष्टि की। इन तीन खिलाड़ियों के लौटने के बाद, अब केवल चार खिलाड़ी ही ऑस्ट्रेलिया में रह गई हैं।

### ◆ तीनों ने ऑस्ट्रेलिया में रिफ्यूजी बनकर रहने का फैसला बदला

दरअसल, एशिया कप के दौरान साउथ कोरिया के खिलाफ मैच में ईरानी टीम ने अपना राष्ट्रगान नहीं गाया था। इसके बाद ईरान में कुछ लोगों ने टीम की कड़ी आलोचना की और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी डर के चलते पहले पांच खिलाड़ियों ने और बाद में टीम के दो अन्य सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार से शरण मांगी थी। ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें मानवीय आधार पर वीजा देकर देश में रहने की अनुमति दी थी। टीम में कुल 26 खिलाड़ी और स्टाफ मौजूद थे, लेकिन सात खिलाड़ियों ने ही शरण मांगी थी।

खिलाड़ियों के वापस लौटने के फैसले पर ईरान की न्यूज एजेंसी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। तसनीम न्यूज एजेंसी ने इसे 'अमेरिकी–ऑस्ट्रेलियाई प्रोजेक्ट' की शर्मनाक हार करार दिया है। साथ ही इसे डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक और विफलता बताया है। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में बचे हुए तीन सदस्यों के भविष्य को लेकर अभी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया ने फैसले पर दोबारा सोचने को कहा

**गृह** मंत्री टोनी बर्क ने बताया कि शनिवार रात ईरानी टीम की तीन सदस्यों ने बाकी टीम के साथ जुड़ने और ईरान वापस जाने का फैसला किया। बर्क के मुताबिक, जब इन खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों को अपने फैसले के बारे में बताया, तो उन्हें अपनी पसंद और विकल्पों पर दोबारा विचार करने के लिए कई मौके दिए गए, ताकि वे बिना किसी दबाव के निर्णय ले सकें।

### मलेशिया के रास्ते होगी ईरान वापसी

**सरकारी** अधिकारियों के अनुसार, शनिवार रात तीन सदस्य सिडनी से कुआलालंपुर (मलेशिया) के लिए रवाना हुए। ईरान की टीम ऑस्ट्रेलिया से निकलने के बाद से कुआलालंपुर में ही रुकी हुई है। ईरान की तसनीम न्यूज एजेंसी ने बताया कि लौटने वाले इन तीन सदस्यों में दो खिलाड़ी और एक सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं।

# न्यूजीलैंड महिला टीम ने पहले टी–20 मैच में द. अफ्रीका को 80 रन से हराया

**एजेंसी, माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को मैचों की टी–20 सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम को 80 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड महिला टीम ने टी20 सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल कर ली है। माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 190 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की कप्तान अमेलिया केर ने 44 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल थे। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर ने 44 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। सोफी डिवाइन 12, ब्रुक हॉलिडे 13 और मैडी ग्रीन ने 10 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)


## रिकॉर्ड — आर्सेनल के खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र में दागा गोल

# मैक्स डॉवमैन ने प्रीमियर लीग में रचा इतिहास

**एजेंसी, लंदन**

आर्सेनल के युवा विंगर मैक्स डॉवमैन ने प्रीमियर लीग में इतिहास रचते हुए सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शनिवार को एवर्टन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में आर्सेनल की 2–0 की जीत के दौरान डॉवमैन ने स्टॉपेज टाइम में गोल कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 16 साल और 73 दिन की उम्र में गोल करने वाले डॉवमैन ने एवर्टन के पूर्व स्ट्राइकर जेम्स वॉन का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

वॉन ने 2005 में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ खेलते हुए 16 साल और 270 दिन की उम्र में गोल किया था। अब डॉवमैन प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मुकाबले के अंतिम क्षणों में आया यह गोल आर्सेनल की जीत को पक्का करने वाला साबित हुआ। इस जीत के साथ टीम ने लीग तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। युवा खिलाड़ी के इस प्रदर्शन से क्लब के खिलाड़ी, स्टाफ और दर्शक सभी बेहद उत्साहित नजर आए। मैच के बाद आर्सेनल के मैनेजर मिकेल आर्टेटा ने डॉवमैन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह क्लब और खिलाड़ी दोनों के लिए बेहद खास पल है।




आर्टेटा ने कहा, 'यह एक शानदार क्षण था। सभी खिलाड़ी और दर्शक खुशी से झूम रहे थे। यह एक खूबसूरत दिन है। इतनी कम उम्र में, इतने दबाव और उम्मीदों के बीच इस तरह का प्रदर्शन करना आसान नहीं होता।'

जब आर्टेटा से पूछा गया कि मैदान पर भेजने से पहले उन्होंने डॉवमैन से क्या कहा था, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'मैंने उससे कहा था कि जाओ, अपना खेल खेलो और हमें मैच जिताओ।' 'डॉवममैन का यह गोल न केवल उनके करियर की शानदार शुरुआत माना जा रहा है, बल्कि आर्सेनल के लिए भी भविष्य की बड़ी उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है। फुटबॉल विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी कम उम्र में इस तरह का आत्मविश्वास और प्रदर्शन उन्हें आने वाले समय में प्रीमियर लीग का बड़ा सितारा बना सकता है। (अनंत ज्ञान)